रा.शै.अ.प्र.प.

वार्षिक रिपोर्ट

2022–2023

रा.शै.अ.प्र.प.

वार्षिक रिपोर्ट

2022–2023

विद्यया ऽमृतमश्नुते

एन सी ई आर टी
NCERT

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

जनवरी 2024
पौष 1945
PD 3H RPS

© राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् 2024

प्रकाशन प्रभाग में सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली 110 016 द्वारा प्रकाशित तथा गीता ऑफसेट प्रिंटर्स प्रा. लि., सी–90, एवं सी–86, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–I, नई दिल्ली–110 020 द्वारा मुद्रित।

आमुख

मुझे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) 2020 के कार्यान्वयन में अत्यंत गौरव और अपार संतुष्टि के साथ, रा.शै.अ.प्र.प. की इस उल्लेखनीय वार्षिक यात्रा का विवरण साझा करते हुए खुशी हो रही है क्योंकि वर्ष 2022–23 के दौरान न्यायसंगत और उच्च गुणवत्ता वाली विद्यालयीन और अध्यापक शिक्षा प्राप्ति हेतु सतत प्रयास किया गया है। एन.ई.पी. 2020 के अनुरूप, रा.शै.अ.प्र.प. ने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एन.सी.एफ.) के विकास की शुरुआत की है, जिसमें प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ई.सी.सी.ई.), विद्यालयीन शिक्षा, अध्यापक शिक्षा और प्रौढ़ शिक्षा जैसे प्रक्षेत्र शामिल हैं। इस प्रयास का उद्देश्य राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और विभिन्न हितधारकों के साथ निकटता से सहयोग करते हुए, भारतीय लोकाचार में निहित उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना, 21वीं सदी के कौशलों को बढ़ावा देना, मानवाधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता पैदा करना, संधारणीय जीवन शैली को बढ़ावा देना और वैश्विक नागरिकता का पोषण करना है।

वर्ष 2022–23 के लिए रा.शै.अ.प्र.प. की वार्षिक रिपोर्ट में विद्यालयीन पाठ्यपुस्तकों, कार्यपुस्तिकाओं, पूरक पाठमालाओं, शिक्षक संदर्शिकाओं और शैक्षिक पत्रिकाओं सहित प्रमुख प्रकाशनों का व्यापक अवलोकन प्रदान किया गया है। इसके अतिरिक्त, इसमें विविध क्षेत्रों में फैली अनुसंधान गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया है जैसे कि आई.सी.टी., समावेशी शिक्षा, डिजिटल और गैर-डिजिटल विकास कार्यक्रम, अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूरु और उमियम (मेघालय) में स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों (आर.आई.ई.) में नवीन एकीकृत सेवाकालीन कार्यक्रम और क्षमता निर्माण कार्यक्रम, जिसमें अल्पावधि के साथ-साथ दीर्घकालिक पाठ्यक्रम भी हैं। रिपोर्ट में योग ओलंपियाड, कला उत्सव और राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी जैसे विस्तार कार्यक्रमों के साथ-साथ रा.शै.अ.प्र.प. संकाय के सदस्यों विदेश दौरे तथा शिक्षाविदों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के रा.शै.अ.प्र.प. आगमन से जुड़े महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों पर भी प्रकाश डाला गया है।

रा.शै.अ.प्र.प. ने इस पूरे वर्ष के दौरान, शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम ज्ञान और सर्वोत्तम शैक्षिक अभ्यासों का प्रसार करने के साथ-साथ अध्यापकों और छात्र-छात्राओं के सामने आने वाली विभिन्न कठिनाइयों का समाधान करने के लिए विविध आवश्यकता आधारित अनुसंधान परियोजनाएँ शुरू की हैं। प्रमुख कार्यक्रमों, जैसे निष्ठा— नेशनल इनिशिएटिव फॉर स्कूल हेड्स एंड टीचर्स होलिस्टिक एडवांसमेंट (स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों की समग्र प्रगति के लिए राष्ट्रीय पहल) 1.0, 2.0 और 3.0 का प्रदर्शन अध्यापकों, प्रधान अध्यापकों/प्रधानाचार्यों और अन्य हितधारकों की जरूरतों को संबोधित करते हुए स्कूली शिक्षा के विभिन्न चरणों के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान करने में उत्कृष्ट रहा है। भारत के राष्ट्रीय आकलन नियामक, परख (समग्र विकास के लिए प्रदर्शन, आकलन, समीक्षा और ज्ञान का विश्लेषण) से सर्वेक्षण, मानकों और योग्यता आधारित मूल्यांकन के माध्यम से विद्यार्थी आकलन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है।

विद्यार्थियों और अध्यापकों दोनों के मानसिक और भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए, रा.शै.अ.प्र.प. के मनोदर्पण प्रकोष्ठ द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों की सतर्कता से निगरानी की जाती है, सरोकारों को सक्रिय रूप से संबोधित किया जाता है और मानसिक स्वास्थ्य एवं मनो-सामाजिक कल्याण के विभिन्न पहलुओं को पूरा करने के लिए एक मजबूत सहायता प्रणाली स्थापित की जाती है।

बुनियादी स्तर पर अध्यापकों को महत्वपूर्ण संसाधन प्रदान करने के रुप में विभिन्न अवधारणाओं हेतु अध्यापन सामग्री मुक्त एक बॉक्स 'जादुई पिटारा' को शुरु करके एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। रा.शै.अ.प्र.प. समान और समावेशी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पी.एम. ई-विद्या डी.टी.एच. टीवी चैनल, दिशा, ई-पुस्तकें, आई.सी.टी. वेबिनार, भारतीय सांकेतिक भाषा वीडियो पाठ, डेज़ी प्रारूप में पुस्तकें आदि जैसी पहलों के माध्यम से शैक्षिक प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ा रहा है।

व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में रा.शै.अ.प्र.प. का योगदान महत्वपूर्ण है जिसमें डिजिटल संसाधनों के अलावा विविध व्यावसायिक पाठ्यचर्या और पाठ्यक्रम एंव पाठ्यपुस्तकों का प्रकाशन करना, पूर्व-व्यावसायिक शिक्षा के लिए दिशानिर्देश निर्धारित करना, अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करना और स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा के प्रभावी कार्यान्वयन की सुविधा के लिए राष्ट्रीय सम्मेलनों की मेजबानी करना शामिल है।

रा.शै.अ.प्र.प. ने स्कूली शिक्षा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व को पहचानते हुए, ज्ञान के आदान-प्रदान और विशेषज्ञता साझा करने को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न देशों और संस्थानों के साथ सक्रिय रूप से समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए हैं।

मैं रा.शै.अ.प्र.प. के सभी संकाय सदस्यों की उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक सराहना करता हूँ, विशेष रुप से वर्ष 2022–23 के दौरान, जहाँ हितधारकों के लिए उनकी समर्पित सेवा महत्वपूर्ण साबित हुई। परिषद् सभी के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित करने के रा.शै.अ.प्र.प. के प्रयासों में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और अन्य सहयोगियों से प्राप्त निरंतर समर्थन के लिए उनका गहरा आभार व्यक्त करती है।

मैं इस वार्षिक रिपोर्ट में परिषद् की उपलब्धियों को प्रस्तुत करने में योजना एवं अनुवीक्षण प्रभाग (पी.एम.डी.) के संकाय सदस्यों, दिनेश कुमार, *अध्यक्ष*, पी.एम.डी.; अशिता रवीन्द्रन, *एसोसिएट प्रोफेसर* और पी.डी. सुभाष, *एसोसिएट प्रोफेसर* के असाधारण प्रयासों की सराहना करता हूँ।

वर्ष 2022–23 की इस रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए हमारा लक्ष्य व्यापक शैक्षणिक समुदाय, नीति निर्माताओं, शिक्षकों और अभ्यासकर्ताओं के साथ सार्थक बातचीत को प्रोत्साहित करना है। यह हमारे बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. के समर्पित प्रयासों का व्यापक लेखा-जोखा प्रस्तुत करती है। हमें विश्वास है कि हमारे शैक्षिक योजनाकार, विद्वान और विषय विशेषज्ञ हमारे प्रयासों का आकलन करेंगे और सभी के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने की दिशा में परिषद् की यात्रा को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

दिनेश प्रसाद सकलानी
निदेशक
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

नई दिल्ली
अक्तूबर 2023

शब्द संक्षेप

3-डी.	त्रि-आयामी
आई.आई.टी.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
आई.आर.डी.	अंतर्राष्ट्रीय संबंध प्रभाग
आई.ई.आर.	इंडियन एजुकेशनल रिव्यू
आई.ई.ए.	अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक उपलब्धि मूल्यांकन संघ
आई.ए.एस.बी.	उन्नत अध्ययन शिक्षा संस्थान
आई.ए.बी.	संस्थान सलाहकार बोर्ड
आई.एस.ई.ए.	सूचना सुरक्षा, शिक्षा और जागरूकता
आई.एस.एम.पी.	एकीकृत स्कूल गणित कार्यक्रम
आई.एस.एल.आर.टी.सी.	भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र
आई.एस.एल.पी.	एकीकृत स्कूल भाषा कार्यक्रम
आई.एस.एस.एन.	अंतर्राष्ट्रीय मानक क्रम संख्या
आई.एस.बी.एन.	अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मानक संख्या
आई.क्यू.ए.सी.	आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
आई.जे.ई.टी.	इंडियन जर्नल ऑफ एजुकेशनल टेक्नोलॉजी
आई.टी.	सूचना प्रौद्योगिकी
आई.टी.ई.पी.	एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम
आई.टी.डी.पी.	सेवारत शिक्षक व्यावसायिक विकास
आई.डी.एस.एम.	अंतर प्रदर्शन संबंधी स्कूली बैठक
आई.पी.	इंटरनेट प्रोटोकॉल
आई.वी.आर.एस.	इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम
आई.सी.टी.	सूचना और संचार प्रौद्योगिकी
आई.सी.डी.एस.	समेकित बाल विकास योजना
आयुष (AYUSH)	आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी
आर.आई.ई.	क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान
आर.आई.एस.एम.	क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के छात्रों की बैठक
आर. एंड डी.	अनुसंधान और विकास
आर.ए.ए.	राष्ट्रीय आविष्कार अभियान
आर.एम.एस.ए.	राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान
आर.एस.ए.	रिवेस्ट-शमीर-एडलेमन

आर.टी.ई.	शिक्षा का अधिकार
आर.पी.डब्ल्यू.डी.	दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार
आर.पी.डी.सी.	क्षेत्रीय उत्पादन-सह-वितरण केंद्र
आर.सी.एम.ई.	विज्ञान और गणित शिक्षा संसाधन केंद्र
इग्नू (IGNOU)	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
इसरो (ISRO)	भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
ई.आर.आई.सी. (एरिक)	शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति
ई.ई.	प्राथमिक शिक्षा
ई.एल.पी.	प्रारंभिक साक्षरता कार्यक्रम
ई.एस.एम.पी.	प्रारंभिक विद्यालय गणित कार्यक्रम
ई.एस.डी.	शैक्षिक सर्वेक्षण प्रभाग
ई.टी.	शैक्षिक प्रौद्योगिकी
ई.डी.	इंजीनियरिंग प्रभाग
ई.डी.यू.एफ.आई.	फिनलैंड की राष्ट्रीय शिक्षा एजेंसी
ई.बी.एस.बी.	एक भारत श्रेष्ठ भारत
ई.वी.एस.	पर्यावरण अध्ययन
ई.सी.	स्थापना समिति
ई.सी.ई.	प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा
ई.सी.सी.ई.	प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा
ए.आई.	कृत्रिम बुद्धि
ए.आई.आर.	ऑल इंडिया रेडियो
ए.आई.एल.	कला समेकित शिक्षा
ए.आई.सी.ई.ई.सी.सी.	अखिल भारतीय बाल शैक्षिक ई-सामग्री प्रतियोगिता
ए.आई.सी.टी.ई.	अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्
ए.आर.	संवर्धित वास्तविकता
ए.आर.एस.एच.	किशोर प्रजनन और यौन स्वास्थ्य
ए.आर.सी.	किशोरावस्था संसाधन केंद्र
ए.ई.पी.	किशोर शिक्षा कार्यक्रम
ए.ई.पी.-एम.आई.एस.	किशोर शिक्षा कार्यक्रम-प्रबंधन सूचना प्रणाली
ए.एम.एच.एफ.एस.	परिधान मेड-अप और होम फर्निशिंग सेक्टर
ए.के.एस.	कोरियाई अध्ययन अकादमी
एच.आई.वी.	ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस

एच.आर.डी.	मानव संसाधन विकास
एच.ई.आई.	उच्च शिक्षा संस्थान
एच.ई.एफ.एस.	मानव पारिस्थितिकी और परिवार विज्ञान
एच.एस.एम.एल.के.	हायर सेकेंडरी मैथमेटिक्स लैब किट
एच.ओ.टी.एस.	उच्च क्रम विचार कौशल
एच.पी.सी.	समग्र प्रगति कार्ड
ए.टी.एस.	शिक्षुता प्रशिक्षण योजना
ए.डब्ल्यू.पी.	वार्षिक कार्य योजना
एडुसैट	शैक्षिक उपग्रह
एड्स	एक्वायर्ड इम्यून डेफिशिएंसी सिंड्रोम
एन.आई.ई.	राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान
एन.आई.एन.यू.	नेशनल ताइवान नॉर्मल यूनिवर्सिटी
एन.आई.ओ.एस.	राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
एन.आई.टी.टी.टी.आर.	राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान
एन.आर.ओ.ई.आर.	राष्ट्रीय मुक्त शैक्षिक संसाधन भंडार
एन.आर.जी.	राष्ट्रीय संसाधन समूह
एन.आर.सी.वी.ई.	राष्ट्रीय मूल्य शिक्षा संसाधन केंद्र
एन.ई.	उत्तर-पूर्व
एन.ई.आर.	पूर्वोत्तर क्षेत्र
एन.ई.-आर.आई.ई.	पूर्वोत्तर क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान
एन.ई.एच.यू.	नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी
एन.ई.पी.	राष्ट्रीय शिक्षा नीति
एन.ए.एस.	राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण
एन.ए.एस.ए.सी.	पूर्वोत्तर अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र
एन.एल.ई.पी.टी.	राष्ट्रीय शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक परीक्षण पुस्तकालय
एन.एस.क्यू.एफ.	राष्ट्रीय कौशल योग्यता रूपरेखा
एन.एस.डी.सी.	राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद्
एन.ए.सी.सी. (नैक)	राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद्
एन.ओ.एस.	राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक
एन.क्यू.एफ.	राष्ट्रीय योग्यता रूपरेखा
एन.जी.ओ.	गैर सरकारी संगठन
एन.टी.एस.ई.	राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा

एन.टी.एस.एस.	राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना
एन.डी.एम.सी.	उत्तरी दिल्ली नगर निगम
एन.डी.जी.	राष्ट्रीय विकास समूह
एन.पी.ई.	राष्ट्रीय शिक्षा नीति
एन.पी.ई.जी.ई.एल.	प्राथमिक स्तर पर लड़कियों की शिक्षा के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम
एन.पी.ई.पी.	राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना
एन.बी.टी.	नेशनल बुक ट्रस्ट (राष्ट्रीय पुस्तक न्यास)
एन.बी.बी.	राष्ट्रीय बाल भवन
एन.यू.ई.पी.ए.	राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन विश्वविद्यालय
एन.यू.डी.	राष्ट्रीय एकता दिवस
एन.वी.एस.	नवोदय विद्यालय समिति
एन.सी.एफ.	राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा
एन.सी.एफ.टी.ई.	राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा पाठ्यचर्या की रूपरेखा
एन.सी.टी.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
एन.सी.टी.ई.	राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्
एन.सी.सी.	राष्ट्रीय कैडेट कोर
ए.पी.ई.आई.डी.	एशिया-प्रशांत विकासात्मक शैक्षिक नवाचार
ए.पी.सी.आई.ई.यू.	एशिया-प्रशांत अंतरराष्ट्रीय समझ शिक्षा केंद्र
एफ.ए.	फॉर्मेटिव मूल्यांकन
एफ.ए.क्यू.	अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न
एफ.एल.एन.	मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता
एफ.एल.एस.	मूलभूत शिक्षण अध्ययन
एफ.एस.एस.ए.आई.	भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
एफ.एस.यू.	फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी
एफ.ओ.एस.एस.	नि: शुल्क और मुक्त सॉफ्टवेयर स्रोत
एफ.सी.	वित्त समिति
एम.सी.	प्रबंध समिति
एम.एड.	शिक्षा स्नातकोत्तर
एम.फिल.	दर्शनशास्त्र स्नातकोत्तर
एम.आई.एड.	मॉरीशस शिक्षा संस्थान
एम.आई.एल.	आधुनिक भारतीय भाषाएँ
एम.आई.एस.	प्रबंधन सूचना प्रणाली

एम.आई.टी.	मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
एम.एच.आर.डी.	मानव संसाधन विकास मंत्रालय
एम.ओ.ई.	शिक्षा मंत्रालय
एम.ओ.ए.	बहिर्नियम (मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन)
एम.ओ.ओ.सी. (मूक)	बृहद मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम
एम.ओ.यू.	समझौता ज्ञापन
एम.डी.	प्रबंध निदेशक
एम.डी.एम.	मध्याह्न भोजन
एम.पी.डी.	मीडिया उत्पादन प्रभाग
एल.ओ.	अधिगम प्रतिफल
एल.डी.डी.	पुस्तकालय और प्रलेखन प्रभाग
एल.पी.डी.	निम्न निष्पादन जिला
एस.आई.ई.	राज्य शिक्षा संस्थान
एस.आई.ई.टी.	राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान
एस.आर.जी.	राज्य संसाधन समूह
एस.ए.	योगात्मक मूल्यांकन
एस.एच.पी.	स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम
एस.ए.पी.	स्कूल अटैचमेंट प्रोग्राम
एस.एम.एल.के.	माध्यमिक गणित लैब किट
एस.एम.सी.	स्कूल प्रबंधन समिति
एस.एल.एम.ई.ई.	राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित और पर्यावरण प्रदर्शनी
एस.एस.एम.के.	सॉलिड स्टेट मॉडल किट
एस.एस.एम.सी.एल.के.	उच्चत्तर माध्यमिक माइक्रोस्केल रसायन विज्ञान प्रयोगशाला किट
एस.एस.के.	माध्यमिक विज्ञान किट
एस.ओ.पी.टी.	स्कूल शिक्षकों के लिए विशेष अभिविन्यास कार्यक्रम
एस.टी.	अनुसूचित जनजाति
एस.टी.ई.ए.एम.	विज्ञान, प्रौद्योगिकी इंजीनियरिंग, कला और गणित
एस.टी.सी.	विशेष प्रशिक्षण केंद्र
एस.डी.एम.सी.	स्कूल प्रबंधन और विकास समिति
एस.डी.जी.	सतत विकास लक्ष्य
एस.पी.एम.सी.	स्क्रीनिंग-सह-प्रगति निगरानी समिति
एस.पी.डी.	संवेदी प्रक्रम विकार

एस.पी.सी.	छात्र पुलिस कैडेट
एस.बी.ए.	स्कूल आधारित मूल्यांकन
एस.बी.एस.वी.	स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय
एस.सी.	अनुसूचित जाति
एस.सी.ई.आर.टी.	राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
एस.सी.सी.	राज्य समन्वय समिति
ए.सी.	अकादमिक समिति
ओ.ई.आर.	मुक्त शैक्षणिक संसाधन
ओ.ओ.एस.एच.	आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन
ओ.पी.ए.सी. (ओपेक)	ऑनलाइन सार्वजनिक पहुँच कैटलॉग
ओ.बी.	ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड
ओ.सी.आर.	ऑप्टिकल करेक्टर रिकॉग्नेशन
के.आर.आई.वी.ई.टी.	कोरियाई व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान
के.आर.पी.	मुख्य संसाधन व्यक्ति
के.जी.	किंडर गार्डन
के.जी.बी.वी.	कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय
के.डब्ल्यू.डी.आई.	कोरियाई महिला विकास संस्थान
के.वाई.ए.	अपनी अभिक्षमता जानें
के.वी.एस.	केंद्रीय विद्यालय संगठन
कोविड-19	2019 का कोरोना वायरस रोग
क्यू.आर.	त्वरित प्रतिक्रिया
जी.आई.एस.	भौगोलिक सूचना प्रणाली
जी.ओ.आई.	भारत सरकार
जी.ओ.वी.टी.	सरकार
जी.सी.ई.डी.	वैश्विक नागरिकता शिक्षा
जे.आई.ई.	जर्नल ऑफ इंडियन एजुकेशन
जे. एंड के.	जम्मू और कश्मीर
जे.एन.यू.	जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
जे.एन.एन.एस.एम.ई.ई.	जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय बाल विज्ञान, गणित और पर्यावरण प्रदर्शनी
जे.एन.वी.	जवाहर नवोदय विद्यालय
टी.एन.ए.	प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण
टी.एल.एम.	शिक्षण अधिगम सामग्री

टी.जी.टी.	प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक
टी.पी.सी.के.	तकनीकी शैक्षणिक सामग्री ज्ञान
टी.बी.पी.	खिलौना आधारित शिक्षणशास्त्र
टी.वी.	टेलीविजन
टी.वी.ई.टी.	तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण
डब्ल्यू.डब्ल्यू.सी.	समुदाय के साथ काम करना
डी.एल.एड..	प्राथमिक शिक्षा डिप्लोमा
डी.आई.ई.टी.	जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
डी.आई.वाई.	स्वयं करें
डी.आई.सी.टी.	सूचना और संचार प्रौद्योगिकी विभाग
डी.ई.आर.	शैक्षिक अनुसंधान प्रभाग
डी.ई.आर.टी.	शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण निदेशालय
डी.ई.ई.	प्रारंभिक शिक्षा विभाग
डी.ई.ए.ए.	कला और सौंदर्यबोध शिक्षा विभाग
डी.ई.एम.ई.	शैक्षिक मापन और मूल्यांकन विभाग
डी.ई.एल.	भाषा शिक्षा विभाग
डी.ई.एस.	शैक्षिक सर्वेक्षण विभाग
डी.ई.एस.एम.	विज्ञान और गणित शिक्षा विभाग
डी.ई.एस.एस.	सामाजिक विज्ञान शिक्षा विभाग
डी.ई.एस.डी.पी.	शैक्षिक सर्वेक्षण और डेटा प्रसंस्करण विभाग
डी.ई.के.	शैक्षिक किट प्रभाग
डी.ई.जी.एस.एन.	विशेष आवश्यकता समूह शिक्षा विभाग
डी.ई.पी.एफ.ई.	शैक्षिक मनोविज्ञान और शिक्षा आधार विभाग
डी.ए.बी.	विभागीय सलाहकार बोर्ड
डी.एम.एस.	प्रायोगिक बहुउद्देशीय स्कूल
डी.एस.ई. एंड एल.	स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग
डी.ए.सी.ई.पी.	सामुदायिक शिक्षा और भागीदारी में विकासात्मक गतिविधियाँ
डी.ओ.ई.	शिक्षा निदेशालय
डी.जी.एस.	जेंडर अध्ययन विभाग
डी.टी.ई.	अध्यापक शिक्षा विभाग
डी.टी.ई.ई.	अध्यापक शिक्षा और विस्तार विभाग
डी.टी.एच.	डायरेक्ट टू होम

डी.पी.आर.	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट
डी.पी.ई.पी.	जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम
डी.वी.डी.	डिजिटल वीडियो डिस्क
डी.सी.आर.सी.	मार्गदर्शन और परामर्श संसाधन केंद्र
डी.सी.एस.	पाठ्यचर्या अध्ययन विभाग
डी.सी.जी.सी.	मार्गदर्शन और परामर्श में डिप्लोमा कोर्स
डेल नेट	विकासशील पुस्तकालय नेटवर्क
दीक्षा (DIKSHA)	ज्ञान साझाकरण संबंधी डिजिटल अवसंरचना
निपुण (NIPUN)	राष्ट्रीय साक्षरता और संख्या ज्ञान दक्षता पहल
निष्ठा (NISHTHA)	स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों की समग्र उन्नति के लिए राष्ट्रीय पहल
नीपा (NIEPA)	राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान
परख (PARAKH)	समग्र विकास के लिए प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा और ज्ञान का विश्लेषण
पॉक्सो (POCSO)	यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण
पी.आर.डी.	योजना और अनुसंधान प्रभाग
पी.इंडिक्स	प्रदर्शन संकेतक
पी.ई.सी.आर.	प्राथमिक शिक्षा पाठ्यचर्या नवीकरण
पीएच.डी.	डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी
पी.ए.बी.	परियोजना अनुमोदन बोर्ड
पी.एम.डी.	योजना और अनुवीक्षण प्रभाग
पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई.	पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान
पी.एस.ए.सी.	प्राथमिक विद्यालय उपलब्धि प्रमाण पत्र
पी.ए.सी.	कार्यक्रम सलाहकार समिति
पी.ओ.ए.	क्रियान्वयन कार्यक्रम
पी.ओ.एस.एच.	यौन उत्पीड़न निराकरण
पी.जी.टी.	स्नातकोत्तर शिक्षक
पी.जी.डी.जी.सी.	मार्गदर्शन और परामर्श में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
पी.टी.आर.	विद्यार्थी शिक्षक अनुपात
पी.टी.एम.	अभिभावक शिक्षक बैठक
पी.पी.टी.	पावर पॉइंट प्रस्तुति
पी.-मोस्ट	स्कूल शिक्षकों का जनोन्मुखीकरण कार्यक्रम
प्रशस्त (PRASHAST)	पूर्व-मूल्यांकन समग्र स्क्रीनिंग उपकरण
बी.ए.	कला स्नातक

बी.ए.एड.	कला और शिक्षा स्नातक
बी.एड.	शिक्षा स्नातक
बी.एल.एड.	प्राथमिक शिक्षा स्नातक
बी.एससी.	विज्ञान स्नातक
बी.एससी.एड.	विज्ञान शिक्षा स्नातक
बी.एससी.बी.एड.	विज्ञान स्नातक और शिक्षा स्नातक
बी.टेक.	प्रौद्योगिकी स्नातक
बी.आर.सी.	ब्लॉक संसाधन केंद्र
बी.ए.एस.	बेसलाइन मूल्यांकन सर्वेक्षण
बी.एच.यू.	बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
एम.ई.आई.टी.वाई.	इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
यू.आर.एल.	यूनिफ़ॉर्म रिसोर्स लोकेटर
यू.एन.डी.पी.	संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
यू.एस.ए.	संयुक्त राज्य अमेरिका
यू.एस.ओ.एल.	यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग
यू.जी.सी.	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
यू.टी.	केंद्र शासित प्रदेश
यू.डी.एल.	सार्वभौमिक अधिगम डिजाइन
यूनिसेफ़ (UNICEF)	संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष
यूनेस्को (UNESCO)	संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन
यू.पी.एस.के.	उच्च प्राथमिक विज्ञान किट
योजना (YOJANA)	रा.शै.अ.प्र.प. की गतिविधियों का वार्षिक विवेकपूर्ण मूल्यांकन
रा.शै.अ.प्र.प.	राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
वी.आर.	आभासी वास्तविकता
वी.ई.	व्यावसायिक शिक्षा
वी.ई.टी.	व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण
वी.टी.टी.ई.	वॉयसेज ऑफ टीचर्स एंड टीचर एजुकेटर्स
सक्षम (SAKSHAM)	संधारणीय स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए उन्नत ज्ञान को प्रोत्साहन
सी.आई.आई.	भारतीय उद्योग परिसंघ
सी.आई.ई.टी.	केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान
सी.आर.आई.एस.पी.	अनुसंधान और औद्योगिक स्टाफ प्रदर्शन केंद्र
सी.आर.सी.	क्लस्टर संसाधन केंद्र

सी.ई.आर.एन.	शिक्षा अनुसंधान पद्धति प्रमाण पत्र
सी.ई.एम.सी.ए.	एशिया राष्ट्रमंडल शैक्षिक मीडिया केंद्र
सी.ए.एस.	कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली
सी.ए.टी.सी.	संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर
सी.ए.पी.ई.	प्राथमिक शिक्षा तक व्यापक पहुँच
सी.ए.बी.ई.	केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड
सी.एम.पी.	न्यूनतम साझा कार्यक्रम
सी.एल.एस.एस.	स्कूलों में कंप्यूटर साक्षरता और अध्ययन
सी.एल.ओ.	पाठ्यक्रम/गतिविधि अधिगम प्रतिफल
सी.एस.आई.आर.	वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
सी.एस.आर.	कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी
सी.ओ.ई.टी.जी.	स्पर्श ग्राफिक्स में उत्कृष्टता केंद्र
सी.ओ.एल.	अधिगम राष्ट्रमंडल
सी.टी.ई.	अध्यापक शिक्षा कॉलेज
सी.टी.ई.एस.	प्राथमिक विद्यालय विज्ञान के शिक्षण के लिए प्रमाण पत्र कार्यक्रम
सी.टी.एस.ए.	तिब्बती स्कूल केंद्र प्रशासन
सी.डब्ल्यू.ए.	ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे
सी.डब्ल्यू.एस.एन.	विशेष आवश्यकता वाले बच्चे
सी.डब्ल्यू.डी.	दिव्यांग बच्चे
सी.डी.	कांपैक्ट डिस्क
सी.पी.एस.ई.	कोलंबो प्लान स्टाफ कॉलेज
सी.बी.एस.ई.	केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
सी.बी.टी.	योग्यता आधारित शिक्षण
सी.सी.ई.	सतत और व्यापक मूल्यांकन
स्वयं (SWYAM)	युवा महत्वाकांक्षी प्रतिभाओं के लिए सक्रिय-शिक्षण वेब का अध्ययन

विषय-सूची

	आमुख	*iii*
1.	विहंगावलोकन	1
2.	प्रमुख प्रकाशन	38
3.	अनुसंधान अध्ययन	47
4.	विकास गतिविधियाँ	66
5.	क्षमता निर्माण कार्यक्रम	104
6.	विस्तार गतिविधियाँ	142
7.	रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा चलाई जा रही शिक्षा मंत्रालय की प्रमुख योजनाएँ	186
8.	रा.शै.अ.प्र.प. में आने वाले अतिथि और अंतरराष्ट्रीय सहयोग	207
9.	परिशिष्ट	215–299
I.	रा.शै.अ.प्र.प. के संकाय सदस्यों द्वारा प्रकाशन और प्रस्तुतीकरण	216
II.	रा.शै.अ.प्र.प. संकाय के पर्यवेक्षण के तहत वर्ष के दौरान प्रदान की गई पी-एच.डी. डिग्रियाँ	229
III.	पुरस्कार और अध्येतावृत्तियाँ	233
IV.	वर्ष 2022–23 के लिए बहिर्नियमावली में उल्लिखित रा.शै.अ.प्र.प. की समितियों का विवरण	234
V.	31 मार्च, 2023 को रा.शै.अ.प्र.प. के समेकित संस्वीकृत पदों की संख्या और आरक्षण की स्थिति	269
VI.	31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के दौरान प्राप्तियाँ और भुगतान लेखा	270
VII.	वर्ष 2022–23 के दौरान जारी किए गए प्रकाशन	277
VIII.	प्रकाशन प्रभाग और इसके क्षेत्रीय उत्पादन-सह-वितरण केंद्र	288
IX.	रा.शै.अ.प्र.प. के संघटक और संकाय	289

'हमारे सामने विभिन्नताओं को खत्म करने की चुनौती नहीं है बल्कि उनके साथ रहते हुए एक रहने की है।'

— रवीन्द्रनाथ टैगोर

'The Problem is not how to wipe out the differences but how to unite with the differences intact.'

— Rabindranath Tagore

1. विहंगावलोकन

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (रा.शै.अ.प्र.प.) को 6 जून, 1961 को रजिस्ट्रेशन ऑफ सोसाइटी अधिनियम (1860 का अधिनियम 21) के अंतर्गत एक संस्था के रूप में पंजीकृत किया गया था और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 27 जुलाई, 1961 के अपने संकल्प में परिषद् की स्थापना की घोषणा की गई। इसने 1 सितंबर, 1961 को औपचारिक रूप से अपना कार्य शुरू किया गया। इस परिषद् की स्थापना सरकार द्वारा विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु केंद्र और राज्य सरकारों को नीतियों और कार्यक्रमों में सहायता और सलाह देने के लिए की गई थी। रा.शै.अ.प्र.प. के मुख्य उद्देश्य हैं—

- विद्यालयीन शिक्षा और अध्यापक शिक्षा से संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान, संवर्धन एवं समन्वय करना;
- आदर्श पाठ्यपुस्तकें, अनुपूरक पाठ्य-सामग्री, समाचार-पत्र, पत्रिकाएँ एवं अन्य तत्संबंधी साहित्य तैयार और प्रकाशित करना तथा शैक्षिक किट, मल्टी मीडिया डिजिटल सामग्री आदि का विकास करना;
- अध्यापकों के लिए सेवा-पूर्व और सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित करना;
- नवाचारात्मक शैक्षिक तकनीकें और पद्धतियाँ विकसित और प्रसारित करना;
- राज्यों के शिक्षा विभागों, विश्वविद्यालयों, गैर-सरकारी संगठनों और अन्य शैक्षिक संस्थाओं के साथ सहयोग और संपर्क सूत्र स्थापित करना;
- विद्यालयी शिक्षा से संबंधित सभी मामलों में विचारों और सूचनाओं के आदान-प्रदान केंद्र के रूप में कार्य करना; और
- प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक नोडल अभिकरण के रूप में कार्य करना।

यह परिषद् आज़ादी के बाद के शुरुआती दशक में स्थापित किए गए सात संस्थानों— केंद्रीय शिक्षा संस्थान (1947), केंद्रीय पाठ्यपुस्तक अनुसंधान ब्यूरो (1954), केंद्रीय शैक्षिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन ब्यूरो (1954), माध्यमिक शिक्षा विस्तार कार्यक्रम निदेशालय (1958) प्रारंभ में 1955 में अखिल भारतीय माध्यमिक शिक्षा परिषद् के रूप में स्थापित, राष्ट्रीय बेसिक शिक्षा संस्थान (1956), नेशनल फंडामेंटल एजुकेशन सेंटर (1956) और राष्ट्रीय ऑडियो विजअुल शिक्षा संस्थान (1959) को मिलाकर अस्तित्व में आई। इन संस्थाओं के एकीकरण से देश में शिक्षा को समग्र दृष्टि से विकसित करने की आवश्यकता के बारे में पता चला। विगत वर्षों में देश की बदलती शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. की रूपरेखा और कार्यों में सुधार किया गया है। अब यह देश के विभिन्न भागों में स्थित संस्थानों अर्थात 17 विभागों/प्रभागों एवं तीन प्रकोष्ठों वाले नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.); अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूरु और एन.ई.आर.आई.ई., उमियम (मेघालय) में स्थित पाँच क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों (आर.आई.ई.) और दो केंद्रीय संस्थानों अर्थात् भोपाल स्थित पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई.) और नई दिल्ली स्थित केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.) के साथ उन्नति की ओर अग्रसर है।

रा.शै.अ.प्र.प.

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् ने एक शीर्ष राष्ट्रीय निकाय के रूप में शिक्षा के राष्ट्रीय स्वरूप पर पुनर्विचार करने और देश में विविध संस्कृति की अभिव्यक्ति को सरल बनाने और उसे प्रोत्साहन देने की प्रक्रिया शुरू की। अनेक लोगों के लिए रा.शै.अ.प्र.प. को मुख्य रूप से केवल पाठ्यपुस्तक प्रकाशन में इसकी भागीदारी के लिए जाना जाता है। वास्तव में रा.शै.अ.प्र.प. ने स्कूली बच्चों के लिए विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं के लिए पाठ्यपस्तुकें तैयार की है, जिनमें *राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2005* पर आधारित पाठ्यपुस्तकें नवीनतम हैं। अभी भी अपने नाम के अनुरूप ही रा.शै.अ.प्र.प. विद्यालयी शिक्षा से जुड़े संपूर्ण कार्यों— चाहे वे विद्यालयी शिक्षा में अनुसंधान करना हो, नवाचारी सेवा-पूर्व और सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना हो अथवा एस.सी.ई.आर.टी., डायट आदि जैसे राज्य स्तरीय शैक्षिक संगठनों की सहक्रियाएँ हों, को हर संभव तरीके से करती है।

परिषद् ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.पी.ई. 1986) और प्रोग्राम ऑफ एक्शन (पी.ओ.ए. 1992) तैयार करने में सर्वेक्षण, अनुसंधान और विकास संबंधी सूचनाएँ उपलब्ध कराकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एन.पी.ई. और पी.ओ.ए. के अनुवर्तन के रूप में रा.शै.अ.प्र.प. ने *प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या एक रूपरेखा (1988)* और उसके पश्चात विद्यालयी शिक्षा के सभी स्तरों के लिए दिशानिर्देश और पाठ्यक्रम प्रकाशित किए। परिषद् ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को इनपुट प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। परिषद् ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित नई पाठ्यचर्या की रूपरेखा तैयार करने के लिए कार्य आरंभ किए हैं। विद्यार्थियों के अधिगम निष्कर्षों के मूल्यांकन और अध्यापक शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम तैयार करना इसकी गतिविधि का एक अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् देश में अध्यापक शिक्षा के लिए भी समर्पित है। परिषद् द्वारा अध्यापकों को तैयार करने के लिए अपने क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों में सेवा-पूर्व अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम, जैसे – चार वर्षीय बी.एससी.बी.एड., बी.ए.बी.एड. और दो वर्षीय बी.एड., बी.एससी.बी.एड. समेकित कार्यक्रम पाठ्यक्रम चलाया जाता है। इसके द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान और क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों में मार्गदर्शन और परामर्श में एक वर्षीय पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी चलाया जाता है। अध्यापकों के बीच उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने में योगदान देने के लिए अध्यापकों को उनके संबंधित क्षेत्रों में नवीनतम विकास की जानकारी देने के लिए अल्पावधि सेवाकालीन अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। परिषद् ने प्रदर्शनियों, प्रतियोगिताओं और अन्य गतिविधियों के आयोजन द्वारा विज्ञान शिक्षा, सामाजिक विज्ञान शिक्षा, जनसंख्या शिक्षा, पर्यावरणीय शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा, वैश्विक नागरिकता शिक्षा (जी.सी.ई.डी.), सतत विकास शिक्षा (ई.एस.डी.), वंचित और उपेक्षित वर्गों के लोगों की शिक्षा आदि को लोकप्रिय बनाने का कार्य किया है। रा.शै.अ.प्र.प. बच्चों में उत्कृष्टता और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। उदाहरण के लिए, रा.शै.अ.प्र.प. ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (एन.टी.एस.ई.) का आयोजन किया जिसमें 2000 प्रतिभाशाली बच्चों को डॉक्टरेट कार्यक्रमों सहित विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के साथ-साथ चिकित्सा और इंजीनियरिंग जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों में द्वितीय-डिग्री स्तर तक अध्ययन करने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की गई। रा.शै.अ.प्र.प. ने सीखने को आनंददायक बनाने के लिए अध्यापकों और विद्यार्थियों के लिए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक रूप में अनेक अनुपूरक और गैर-पाठ्य सामग्री भी तैयार की है। रा.शै.अ.प्र.प. ने विज्ञान और गणित में प्रयोग के लिए भी उपकरण और किट्स तैयार किए हैं।

रा.शै.अ.प्र.प. ने राज्यों के साथ सार्थक जुड़ाव और भागीदारी बनाए रखने के लिए केंद्रीय क्षेत्र की अनेक परियोजनाओं/स्कीमों, जैसे– माध्यमिक शिक्षा का व्यावसायीकरण, 6–14 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए

अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम, शैक्षिक प्रौद्योगिकी, स्कूली अध्यापकों के लिए विशेष अभिविन्यास कार्यक्रम (एस.ओ.पी.टी.), स्कूली अध्यापकों के लिए व्यापक अभिविन्यास कार्यक्रम (पी-एम.ओ.एस.टी.), स्कूलों में विज्ञान शिक्षा में सुधार, स्कूली शिक्षा का पर्यावरणीय अभिविन्यास, स्कूलों में कंप्यूटर साक्षरता और अध्ययन (सी.एल.ए.एस.एस.), ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड स्कीम, नि:शक्तों के लिए समेकित शिक्षा स्कीम, सर्व शिक्षा अभियान (एस.एस.ए.), राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आर.एम.एस.ए.), स्कूलों में योग को बढ़ावा देना, सेवा-पूर्व और सेवारत अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम, समग्र शिक्षा आदि में शैक्षिक निवेश उपलब्ध कराना जारी रखा है।

विगत वर्षों में, परिषद् ने अंतरराष्ट्रीय अभिकरणों द्वारा वित्तपोषित महत्वपूर्ण परियोजनाएँ शुरू की हैं, जिनसे शिक्षा की नीतियाँ, योजनाएँ और कार्यक्रम तैयार करने के लिए मौलिक आँकड़े उपलब्ध हुए हैं। इनमें से कुछ हैं— अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक उपलब्धि मूल्यांकन संघ (आई.ई.ए.) प्राथमिक शिक्षा पाठ्यक्रम नवीकरण (पी.ई.सी.आर.), भाषा और विज्ञान में उपलब्धियों से संबंधित अध्ययन, आई.ई.ए. कोम्पएड अध्ययन, समुदाय शिक्षा और सहभागिता संबंधी विकासात्मक गतिविधि (डी.ए.सी.ई.पी.), प्राथमिक शिक्षा तक व्यापक पहुँच (सी.ए.पी.ई.), जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी.पी.ई.पी.), राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एन.पी.ई.पी.), माध्यमिक स्कूलों का सर्वेक्षण, हाई स्कूल के विद्यार्थियों में उपलब्धि प्रेरणा और उनका प्रशिक्षण, कक्षा 8 और 11 के विद्यार्थियों के लिए हिंदी में शैक्षिक अभिरुचि परीक्षा, माध्यमिक स्कूलों में निरीक्षण और पर्यवेक्षण हेतु मूल्यांकन मानदंड, प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में अपव्यय और ठहराव, स्कूली शिक्षा के तीन स्तरों पर गणित में उपलब्धि का सर्वेक्षण, प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में प्रतिभा की पहचान, माध्यमिक स्कूलों में गणित अध्यापन का पाठ्यक्रम और विधियाँ आदि।

रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा हाल के वर्षों में किए गए कुछ अन्य मुख्य प्रयासों में शामिल हैं— चार राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखाएँ अर्थात् राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ई.सी.सी.ई.), विद्यालय शिक्षा (एस.ई.), अध्यापक शिक्षा (टी.ई.) और प्रौढ़ शिक्षा (ए.ई.); निष्ठा— विद्यालय प्रमुखों और अध्यापकों की समग्र उन्नति के लिए राष्ट्रीय पहल नामक देशव्यापी क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का संचालन; पी.एम. ई-विद्या, विभिन्न माध्यमों अर्थात् रेडियो, टेलीविजन और इंटरनेट आधारित दीक्षा प्लेटफॉर्म और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से ई-कंटेंट के प्रसार के लिए एक व्यापक पहल; प्रशस्त जाँच जो सभी 21 प्रकार की नि:शक्तता स्थितियों की जाँच की सुविधा प्रदान करता है; वैकल्पिक शैक्षणिक कैलेंडर; स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए एन.ए.एस. के निष्कर्षों के आधार पर राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षणोत्तर हस्तक्षेप; राष्ट्रीय कौशल योग्यता रूपरेखा (एन.एस.क्यू.एफ.) पर आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए दक्षता आधारित पाठ्यक्रम; और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यपुस्तकों का विकास; विधार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए मनो-सामाजिक सहायता प्रदान करने हेतु मनोदर्पण प्रकोष्ठ के तहत एक लाइव अंतरक्रियात्मक सत्र 'सहयोग' का संचालन; कला उत्सव, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा, राष्ट्रीय भूमिका निर्वहन और लोक नृत्य प्रतियोगिता, राष्ट्रीय योग ओलंपियाड और योग प्रश्नोत्तरी, अखिल भारतीय बच्चों की शैक्षिक ई-सामग्री प्रतियोगिता (ए.आई.सी.ई.सी.सी.) आदि जैसे प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन; मानदंडों, मानकों, दिशानिर्देशों को निर्धारित करने और अन्य कार्यों के साथ-साथ विधार्थियों के आकलन से संबंधित गतिविधियों के कार्यान्वयन हेतु समग्र विकास के लिए ज्ञान का प्रदर्शन आकलन, समीक्षा और विश्लेषण (परख) की स्थापना; स्कूलों में अधिगम की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए स्कूली शिक्षा के सभी तीन स्तरों— प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक के लिए सीखने के प्रतिफलों (एल.ओ.) का विकास।

संगठनात्मक संरचना

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् महानिकाय के सदस्य हैं— सभी राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के शिक्षा मंत्री; *अध्यक्ष*, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.); *सचिव*, भारत सरकार; शिक्षा मंत्रालय (स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग), विश्वविद्यालयों के चार *कुलपति* (प्रत्येक क्षेत्र से एक); *अध्यक्ष*, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड; *आयुक्त*, केंद्रीय विद्यालय संगठन; *निदेशक*, केंद्रीय स्वास्थ्य शिक्षा ब्यूरो; *प्रशिक्षण निदेशक*, प्रशिक्षण और रोज़गार महानिदेशालय, श्रम मंत्रालय; योजना आयोग के शिक्षा प्रभाग के एक प्रतिनिधि; परिषद् की कार्यकारिणी समिति के सदस्य और भारत सरकार द्वारा मनोनीत व्यक्ति, (छह से अधिक नहीं, इनमें से कम से कम चार स्कूल के अध्यापक होंगे)। केंद्रीय शिक्षा मंत्री इसके अध्यक्ष (पदेन) और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के सचिव इस महानिकाय के संयोजक हैं।



राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् का मुख्य शासी निकाय इसकी कार्यकारिणी समिति है। समिति आम तौर पर बहिर्नियमावली में निर्धारित रूप में परिषद् के उद्देश्यों को पूरा करने का कार्य करती है और परिषद् के सभी मामलों और निधि का प्रबंधन नियंत्रित करती है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री इसके अध्यक्ष (पदेन) और शिक्षा राज्य मंत्री इसके उपाध्यक्ष (पदेन) हैं। कार्यकारिणी समिति के सदस्य हैं— *निदेशक*, रा.शै.अ.प्र.प.; *सचिव*, शिक्षा मंत्रालय (स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग), भारत सरकार; *अध्यक्ष*, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग; विद्यालयी शिक्षा में रुचि रखने वाले चार विख्यात शिक्षाविद् (इनमें से दो स्कूल के अध्यापक होंगे); *संयुक्त निदेशक*, रा.शै.अ.प्र.प.; रा.शै.अ.प्र.प. के तीन संकाय सदस्य (इनमें से कम-से-कम दो प्रोफेसर तथा विभागाध्यक्ष स्तर के हों); शिक्षा मंत्रालय का एक प्रतिनिधि और वित्त मंत्रालय का एक प्रतिनिधि (जो रा.शै.अ.प्र.प. का वित्तीय सलाहकार हो)।

रा.शै.अ.प्र.प. के सचिव कार्यकारिणी समिति के संयोजक के रूप में कार्य करते हैं। कार्यकारिणी समिति निम्नलिखित स्थायी समितियों/बोर्डों के सहयोग से कार्य करती है —

- वित्त समिति
- स्थापना समिति
- भवन और निर्माण समिति
- कार्यक्रम सलाहकार समिति
- शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति
- राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान की अकादमिक समिति
- केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान का सलाहकार बोर्ड
- पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान का सलाहकार बोर्ड
- क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों की प्रबंध समितियाँ
- राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभागों के सलाहकार बोर्ड

बैठकें

वर्ष 2022–23 के दौरान, एन.आई.ई., नई दिल्ली में 14 जनवरी, 2022 को वित्त समिति की 144वीं बैठक आयोजित की गई। कार्यकारिणी समिति की 109वीं बैठक 12 नवंबर, 2022 को शास्त्री भवन, शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली में आयोजित की गई।

रा.शै.अ.प्र.प. के वरिष्ठ पदाधिकारी

परिषद् के शैक्षिक कार्यों की देखभाल निदेशक, संयुक्त निदेशक और सचिव द्वारा की जाती है। संकायाध्यक्ष (अनुसंधान) अनुसंधान कार्यक्रमों का समन्वय तथा शैक्षिक अनुसंधान एवं नवाचार समिति (ई.आर.आई.सी.) के कार्यों की देखभाल करते हैं; संकायाध्यक्ष (अकादमिक) राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के विभागों के अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण और विस्तार गतिविधियों का समन्वय करते हैं; संकायाध्यक्ष (समन्वय) रा.शै.अ.प्र.प. के विभिन्न घटकों की अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण और विस्तार गतिविधियों का समन्वय करते हैं।

रा.शै.अ.प्र.प. के वरिष्ठ पदाधिकारी 2022–23	
निदेशक	दिनेश प्रसाद सकलानी
संयुक्त निदेशक	श्रीधर श्रीवास्तव
सचिव	मेजर हर्ष कुमार (22.04.2022 तक) प्रत्यूष कुमार मंडल (25.04.2022 से)
संयुक्त निदेशक (सी.आई.ई.टी.)	अमरेंद्र प्रसाद बेहरा
संयुक्त निदेशक (पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई.)	राजेश पी. खंबायत (09.05.2022 तक) दीपक पालीवाल (02.08.2022 से)
संकायाध्यक्ष (अकादमिक)	अंजुम सिबिया

संकायाध्यक्ष (अनुसंधान)	बी.के. त्रिपाठी (31.08.2022 तक) दिनेश कुमार (01.09.2022 से)
संकायाध्यक्ष (समन्वय)	गौरी श्रीवास्तव

कार्यक्रमों का आयोजन एवं क्रियान्वयन

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.पी.ई.) और राज्यों की शैक्षिक जरूरतों के व्यापक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए तैयार किए जाते हैं। राज्यों की शैक्षिक आवश्यकताओं का अभिनिर्धारण मुख्यतः राज्य समन्वय समितियों के तंत्र के माध्यम से किया जाता है, जो परिषद् के संकाय और राज्य शिक्षा विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों या कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय के लिए एक मंच प्रदान करता है। संबंधित राज्य शिक्षा सचिव, राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष होते हैं तथा संबंधित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान के प्राचार्य सदस्य संयोजक होते हैं। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की पहचानी गई शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुसार संस्थान द्वारा प्रस्ताव तैयार किए जाते हैं जिसे आर.आई.ई. के संस्थान सलाहकार बोर्ड (आई.ए.बी.) के समक्ष रखा जाता है और फिर कार्यक्रम सलाहकार समिति (पी.ए.सी.) की सिफारिश के लिए की प्रबंध समितियों द्वारा रखा जाता है।

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.) के शैक्षिक कार्यक्रमों पर कार्रवाई सबसे पहले इसके संबंधित विभागों/प्रभागों/प्रकोष्ठों के सलाहकार बोर्डों के माध्यम से की जाती है तथा तत्पश्चात एन.आई.ई. की अकादमिक समिति उस पर कार्रवाई करती है। केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.) और पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई.) के कार्यक्रमों पर क्रमश: संस्थान के सलाहकार बोर्ड और उसके बाद अकादमिक समिति के समक्ष रखने के माध्यम से कार्रवाई की जाती है। अकादमिक समिति/प्रबंध समिति द्वारा तैयार किए गए कार्यक्रमों पर अंतिम रूप से कार्यक्रम सलाहकार समिति (पी.ए.सी.) द्वारा विचार किया जाता है। इन सभी योजनाओं, कार्यक्रमों, अनुसंधान प्रस्तावों आदि पर विचार करना और परिषद् के कार्य के शैक्षिक पक्षों की जाँच करना तथा कार्यक्रमों के विकास के लिए एक समन्वित दृष्टिकोण सुनिश्चित करना पीएसी की जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की कार्यकारिणी समिति को पेश की गई कार्यक्रम सलाहकार समिति की रिपोर्ट में उन समग्र निर्देशों के बारे में बताया जाता है जिन पर अनुसंधान, प्रशिक्षण, विस्तार और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए और जिन्हें देश में सर्वोत्तम विद्यालयी शिक्षा को बढ़ावा देने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आगे बढ़ाया जाएगा।

शैक्षिक अनुसंधान का संचालन और प्रायोजन रा.शै.अ.प्र.प. का एक प्रमुख क्रियाकलाप है। रा.शै.अ.प्र.प. के संघटकों और अन्य संस्थाओं/संगठनों द्वारा प्रस्तावित अनुसंधान कार्यक्रमों पर शैक्षिक अनुसंधान एवं नवाचार समिति (ई.आर.आई.सी.) द्वारा विचार किया जाता है। ई.आर.आई.सी. विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य को प्रोत्साहित और प्रायोजित करती है।

रा.शै.अ.प्र.प. की संघटक इकाइयाँ

देश के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में स्थित रा.शै.अ.प्र.प. की प्रमुख संघटक इकाइयाँ निम्नलिखित हैं—

1. राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.), नई दिल्ली
2. केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.), नई दिल्ली

3. पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई.), भोपाल
4. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.), अजमेर
5. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.), भोपाल
6. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.), भुवनेश्वर
7. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.), मैसूरु
8. पूर्वोत्तर क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (एन.ई.आर.आई.ई.), उमियम (मेघालय)

I. राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान

नई दिल्ली में स्थित राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.) द्वारा पाठ्यचर्या के शैक्षिक पहलुओं से संबद्ध अनुसंधान एवं विकास कार्य किया जाता है; आदर्श पाठ्यचर्यात्मक और अनुपूरक सामग्री तैयार की जाती है; विद्यालयी शिक्षा से संबंधित आधार सामग्री विकसित की जाती है और बच्चों के चहुँमुखी विकास के लिए पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर प्रयोग किया जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान अल्पावधिक/दीर्घावधिक पाठ्यक्रम एवं कार्यक्रम संचालित करता है और केंद्र द्वारा प्रायोजित विद्यालय सुधार योजनाओं के कार्यान्वयन और क्षमता विकास के लिए मुख्य संसाधन व्यक्तियों और अध्यापक-प्रशिक्षकों के सेवाकालीन प्रशिक्षण का आयोजन करता है।

एन.आई.ई., नई दिल्ली में स्थित रा.शै.अ.प्र.प. के मुख्य विभाग/प्रभाग/प्रकोष्ठ हैं—

1. प्रारंभिक शिक्षा विभाग (डी.ई.ई.)

प्रारंभिक शिक्षा विभाग, प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में नीतियों और कार्यक्रमों पर भारत सरकार (जी.ओ.आई.) को सलाह देने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. का एक नोडल विभाग है। विभाग समग्र शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु शिक्षा का अधिकार (आर.टी.ई.) अधिनियम, 2009 के कार्यान्वयन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को लगातार समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान करता रहा है। विभाग की प्रमुख भूमिकाओं और कार्यों में बुनियादी और प्रारंभिक चरणों के लिए पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रमों, पाठ्यपुस्तकों और अन्य शिक्षण-अधिगम की सामग्री का विकास; एन.ई.पी. 2020 और बुनियादी स्तर के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा की नई आवश्यकताओं के अनुसार संसाधन और सहायता सामग्री; अध्यापकों और अन्य प्रमुख पदाधिकारियों के लिए संसाधन सामग्री अर्थात दिशानिर्देश, मैनुअल, हैंडबुक, फ्रेमिंग मॉड्यूल आदि; आर.टी.ई. अधिनियम के तहत स्कूल में नहीं पढ़ने वाले बच्चों और विशेष प्रशिक्षण केंद्रों (एस.टी.सी.) में काम करने वाले अध्यापकों के लिए शिक्षण-अधिगम सामग्री; शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करते हुए शिक्षा के बुनियादी और प्रारंभिक स्तरों के विभिन्न पहलुओं पर मास्टर प्रशिक्षकों और राज्य स्तरीय प्रमुख पदाधिकारियों का प्रशिक्षण/अभिविन्यास; बुनियादी और प्रारंभिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान; समकालीन मुद्दों और प्रमुख क्षेत्रों पर गोष्ठियाँ, सम्मेलन और परामर्शी बैठकों, समीक्षा बैठकों का आयोजन; बुनियादी और प्रारंभिक स्तर पर एन.ई.पी. 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत योजना, कार्यान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन गतिविधियों के संबंध में शैक्षणिक सहायता और इनपुट प्रदान करना; और दो पत्रिकाओं— *प्राथमिक शिक्षक* और *प्राइमरी टीचर* के माध्यम से विकसित संसाधन सामग्री, अनुसंधान और नवीन अभ्यासों के निष्कर्षों और अन्य वैचारिक प्रपत्रों को साझा करने के रूप में सूचनाओं का प्रसार करना शामिल है।

विभाग सेवा-पूर्व कार्यबल के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के विकास और शिक्षा के बुनियादी और प्रारंभिक स्तरों के क्षेत्र में बुनियादी स्तर पर काम करने वाले शैक्षिक कार्मिकों के लिए अनुकरणीय प्रशिक्षण सामग्री और संसाधन सामग्री के विकास में शामिल है। यह प्री-स्कूल/बालवाटिका की योजना, कार्यान्वयन और निगरानी, सहायता सामग्री विकसित करने में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रमुख पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन प्री स्कूल शिक्षा/बालवाटिका के क्षेत्र में ऑडियो-वीडियो कार्यक्रम और शिक्षा के बुनियादी और प्रारंभिक स्तरों से संबंधित ई-सामग्री, इन्फोग्राफिक्स और अन्य अधिगम-अध्यापन सामग्री (एल.टी.एम.) के विकास में भी शामिल है।

2. भाषा शिक्षा विभाग (डी.ई.एल)

भाषा शिक्षा विभाग वर्ष 2005 में स्थापित स्कूली शिक्षा के सभी चरणों में भाषा शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करता है। विभाग पाठ्यक्रम और शिक्षणशास्त्र के संबंध में युक्ति संगत पाठ्यक्रम, एन.सी.एफ. 2005 का कार्यान्वयन करने में प्रमुख भूमिका निभाता है। विभाग भाषा शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम विकास से अवगत रहता है। विभाग द्वारा स्कूली शिक्षा में विविधता को ध्यान में रखते हुए, भाषा शिक्षा के नवीन सिद्धांतों के आधार पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अकादमिक इनपुट प्रदान किए जाते हैं। स्कूली शिक्षा के सभी चरणों के लिए अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण और विस्तार कार्यक्रम चलाए जाते हैं। विभाग ने हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू और संस्कृत में पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्य और पूरक सामग्री विकसित की है। अध्यापकों और अध्यापक प्रशिक्षकों (एस.एस.ए. और आर.एम.एस.ए. के तहत) के क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण पैकेज विकसित किए गए हैं। उर्दू में ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। इसके अलावा, विद्यार्थियों और अध्यापकों के लाभ के लिए ई-सामग्री और त्वरित प्रतिक्रिया (क्यू.आर.) कोड भी विकसित किए गए हैं। भाषा शिक्षा विभाग अनुसंधान को बहुत महत्व देता है। एन.सी.एफ. के कार्यान्वयन पर सभी चार भाषाओं हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू और संस्कृत में शोध अध्ययन किया गया है। त्रिभाषा सूत्र की नीति और कक्षा आधारित शोध पर अनुसंधान जारी है। विभाग ने भाषा शिक्षा के परिप्रेक्ष्य से पाठ्यचर्या और पाठ्यक्रम के युक्तिकरण और कुछ राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा पर कार्यक्रम में योगदान दिया है। भाषा शिक्षा विभाग में आई.सी.टी., जेंडर, समावेशी शिक्षा, पर्यावरण, शांति आदि जैसे उभरते मुद्दों, भाषा और साहित्यकारों के मुद्दों पर गोष्ठी और सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं। विभाग में नवाचारी अभ्यासों, सामग्रियों और भावी दृष्टिकोण को साझा करने और इन्हें भाषा शिक्षा में समेकित और प्रसारित करने के लिए विस्तार गतिविधियाँ की जाती हैं। विभाग में भाषाओं में एक संसाधन केंद्र भी स्थापित किया जा रहा है। वर्ष 2005 से पहले प्रकाशित संसाधनों की खरीद, वर्गीकरण और व्यवस्था कैटलॉग तैयार करने का काम पूरा हो चुका है। 2005 से पहले प्रकाशित संसाधनों तक पहुँच और संसाधनों की स्कैनिंग पूरी हो चुकी है। विभाग पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रमों जैसे स्वयं प्रभा, ऑडियो/वीडियो रिकॉर्डिंग, पी.एम. ई-विद्या आदि में भी शामिल रहता है। सी.आई.ई.टी. के सहयोग से पाठ्यक्रम आधारित विषयों पर कक्षावार वीडियो कार्यक्रम विकसित किए गए हैं। विभाग में सभी स्तरों के लिए चार भाषाओं में सीखने के प्रतिफलों पर आधारित गतिविधियों के लिए एक रोड मैप भी विकसित किया गया है।

3. विशेष आवश्यकता समूह शिक्षा विभाग (डी.ई.जी.एस.एन.)

विशेष आवश्यकता समूह शिक्षा विभाग 1 सितंबर, 1995 को स्थापित किया गया था। तब से विभाग विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और सामाजिक रूप से वंचित समूहों, जैसे– अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यकों के बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। यह सभी के लिए समावेशी शिक्षा प्रणाली के कार्यान्वयन एवं प्रणालीगत सुधारों हेतु विशेष रूप से सामाजिक रूप से वंचित और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों

के संदर्भ में अधिक महत्व रखता है। विभाग में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, जिसे अल्पसंख्यकों की शिक्षा और कल्याण को बढ़ावा देने हेतु 28 जुलाई, 2006 को गठित किया गया था।

विभाग की प्रमुख भूमिकाएँ हैं— सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूहों के बच्चों, अर्थात सी.डब्ल्यू.डी. और समाज के सामाजिक रूप से वंचित समूहों के बच्चों को सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों, जैसे– समग्र शिक्षा के माध्यम से समान तथा समावेशी स्कूली शिक्षा की सुविधा प्रदान करना; अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के बच्चों की शिक्षा से संबंधित मुद्दों और समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने हेतु (खानाबदोश, पहचाने गए, आदिम, तटीय और पहाड़ी जनजातियों और प्राकृतिक आपदा और मानव कार्रवाई के कारण अशांत आदिवासी क्षेत्रों पर ध्यान देने के साथ) और सामाजिक रूप से वंचित समूहों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना; सभी कार्यक्रमों/योजनाओं/समितियों के तहत सी.डब्ल्यू.डी. के कवरेज को बढ़ाने और एस.ई.डी.जी. सामाजिक-पारिस्थितिकी में वंचित रहने वाले बच्चों के दृष्टिकोण से शिक्षा का अधिकार (आर.टी.ई.) अधिनियम, 2009 के कार्यान्वयन हेतु एक समर्थक की भूमिका निभाना।

विभाग के प्रमुख कार्य हैं— अनुसंधान करना और अनुसंधान आधारित शिक्षक मार्गदर्शिका, मैनुअल, हैंडबुक और प्रशिक्षण पैकेज आदि विकसित करना; विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु कार्यनीतियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अध्यापकों, अध्यापक-प्रशिक्षकों और नीति-निर्माताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना; अधिगम के सार्वजनिक डिजाइन (यू.डी.एल.) पर आधारित समावेशी पाठ्यक्रम और शिक्षण-अधिगम सामग्री के विकास का समर्थन करना; शिक्षा में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और सामाजिक रूप से वंचित समूहों को शामिल करने के कार्यान्वयन हेतु केंद्र, राज्यों, गैर सरकारी संगठनों और अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय एजेंसियों को संसाधन सहायता प्रदान करना।

4. जेंडर अध्ययन विभाग (डी.जी.एस.)

जेंडर अध्ययन विभाग का सृजन शुरू में 1979 में महिला शिक्षा इकाई के रूप में किया गया था जिसे 1989 में बालिका शिक्षा और महिला सशक्तीकरण के मुद्दों को और अधिक सघन रूप से संबोधित करने के लिए एक पूर्ण महिला अध्ययन विभाग के रूप में प्रोन्नत किया गया। भारत के उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक निर्णय के प्रकाश में और ट्रांसजेंडर के सरोकारों को स्वीकार करते हुए उनको 'तीसरे जेंडर' के रूप में मान्यता देने के लिए 2014 में विभाग का नाम जेंडर अध्ययन विभाग रखा गया।

विभाग अपनी अनुसंधान परियोजनाओं, सामग्रियों के विकास, विभिन्न हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रमों और विस्तार कार्यक्रमों के माध्यम से सभी जेंडर की समानता की दिशा में काम करता है। इसका विश्वास है कि जेंडर को राष्ट्रीय और राज्य पाठ्यचर्या रूपरेखा का एक महत्वपूर्ण आधार सिद्धांत बनाया जाना चाहिए और जेंडर समावेशी समाज तैयार करने के लिए इसे प्रभावी तरीके से लागू किया जाना चाहिए। इसकी परिकल्पना है कि शिक्षा को जेंडर समानता, जेंडर न्याय, सद्भाव और शांति के सिद्धांत के साथ जोड़ा जाना चाहिए।

विभाग की प्रमुख भूमिकाओं और कार्यों में शामिल हैं— देशभर के ट्रांसजेंडरों सहित शिक्षा में जेंडर संबंधी सरोकारों पर अध्यापक-प्रशिक्षकों, शैक्षिक योजनाकारों, जेंडर समन्वयकों और प्रशासकों सहित प्रमुख शैक्षिक कर्मियों का संवेदीकरण; पाठ्यपुस्तकों और अन्य शिक्षण-अधिगम सामग्रियों से जेंडर पूर्वाग्रह को समाप्त करना तथा पाठ्यक्रम और शैक्षिक कार्यक्रमों को फिर से डिजाइन करना; जेंडर समानता के लिए दिशानिर्देशों, पुस्तिकाओं और अन्य अनुकरणीय सामग्रियों का विकास; जेंडर समानता को बढ़ावा देने और पाठ्यक्रम एवं उसके अंतरण को जेंडर समावेशी बनाने के लिए पाठ्य और गैर-पाठ्य सामग्री का विकास; जेंडर पर विचार किए बिना विद्यार्थियों में

आत्मसम्मान और आत्मविश्वास का संचार; राज्यों में पाठ्यपुस्तकों और स्कूल पाठ्यक्रम में सभी जेंडरों के बीच समानता, शांति और सद्भाव के अनुरूप मूल्यों को शामिल करने के लिए पाठ्यक्रम निर्माताओं, पाठ्यपुस्तक लेखकों और शैक्षिक योजनाकारों के लिए क्षमता निर्माण और अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करना; जेंडर अध्ययन, लड़कियों की शिक्षा और सशक्तीकरण के क्षेत्र में अनुसंधान करना; अध्यापकों के बीच जेंडर संवेदीकरण को बढ़ावा देने के लिए अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम में इनपुट के लिए हस्तक्षेप कार्यनीतियों का निर्माण, अध्यापक प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण, अध्यापकों की सेवा-पूर्व और सेवाकालीन शिक्षा; और बालिकाओं के शैक्षिक और समग्र विकास के लिए समर्थन और संवेदीकरण अभियानों के माध्यम से समुदाय को एकजुट करना। विभाग रा.शै.अ.प्र.प., शिक्षा मंत्रालय, नीति आयोग, महिला एवं बाल विकास विभाग, एन.आई.ई.पी.ए., महिला अध्ययन केंद्रों, विश्वविद्यालयों, शिक्षा संकायों, जेंडर अध्ययन और बालिकाओं/महिलाओं की शिक्षा और सशक्तीकरण के क्षेत्र में काम करने वाली राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और स्वैच्छिक एजेंसियों की घटक इकाइयों के साथ निकट सहयोग में काम करता है।

विभाग का दृष्टिकोण है कि प्रत्येक विद्यार्थी, जेंडर पर विचार किए बिना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अधिकार का प्रयोग करने में सक्षम हो, जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो और सही मायने में कार्यक्षमता के मामले में सशक्त हो, ताकि वह सूचित विकल्प चुनें और भयभीत हुए बिना कार्रवाई करें। विभाग विद्यार्थियों की शिक्षा और जीवन की गुणवत्ता पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए प्रतिबद्ध है— शिक्षा में आने वाली बाधाओं को दूर करने में अग्रणी भूमिका निभाना; शिक्षा में सभी प्रकार के भेदभाव का निवारण; बालिकाओं और ट्रांसजेंडरों के पक्ष में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाने की दिशा में काम करना और उन्हें अपनी पूरी क्षमता प्राप्त करने में सक्षम बनाना। विभाग नई पाठ्यचर्याओं, पाठ्यक्रमों, पाठ्यपुस्तकों और अन्य पाठ्य/गैर-पाठ्य सामग्री में जेंडर परिप्रेक्ष्य को समेकित करने की दिशा में काम कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनमें उचित और संगत सामग्री शामिल हो जो जेंडर के आधार पर किसी भी पूर्वाग्रह/रूढ़िवादिता और भेदभाव से मुक्त हो।

5. सामाजिक विज्ञान शिक्षा विभाग (डी.ई.एस.एस.)

सामाजिक विज्ञान शिक्षा विभाग में अनुसंधान, सामग्री के विकास, अध्यापक प्रशिक्षकों और अध्यापकों की क्षमता निर्माण और विस्तार संबंधी गतिविधियों से संबंधित गतिविधियाँ की जाती हैं। विभाग के मुख्य कार्य हैं— (i) सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान परियोजनाएँ तैयार करना; (ii) शैक्षणिक प्रक्रियाओं को बाल केंद्रित बनाने और अनुभवात्मक शिक्षा को मजबूत करने के लिए मॉड्यूल, हैंडबुक के रूप में प्रशिक्षण सामग्री विकसित करना; (iii) संकल्पना में स्पष्टीकरण और विषयों की बेहतर समझ के लिए शिक्षण-अधिगम सामग्री तैयार करना; (iv) एन.आई.ई. के विभिन्न विभागों, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों, विश्वविद्यालय के विभागों, राष्ट्रीय संस्थानों, राज्य शैक्षणिक संस्थानों, गैर-सरकारी संगठनों आदि के साथ सहयोग करना।

विभाग ने सामग्री, प्रशिक्षण और विस्तार संबंधी गतिविधियों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कुछ विकास गतिविधियों में भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों पर सामग्री तैयार करना, एक एटलस और पूरक पाठक शामिल हैं। भारत के मौद्रिक इतिहास के बारे में विद्यार्थियों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए समावेशी माध्यमिक स्तर (कक्षा 9–12) के लिए अंतरविषय परिप्रेक्ष्य से अर्थशास्त्र के क्षेत्र में किट के मद और मैनुअल, आधुनिक आर्थिक सोच में भारतीय होने पर गौरव की गहरी भावना उत्पन्न करने पर भारतीय विचारकों का योगदान, विद्यार्थियों के बीच दक्षताओं का विकास करना और उन्हें कामकाजी मॉड्यूल, स्वदेशी खेल, क्रियाकलापों आदि जैसी गतिविधियों का उपयोग करते हुए सूचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाना है। इसके अलावा, विभाग द्वारा विकसित इतिहास में

त्रिभाषी शब्दकोश को ई-पब ऑडियो में परिवर्तित कर दिया गया है और यह रा.शै.अ.प्र.प. वेबसाइट पर उपलब्ध है। सामाजिक विज्ञान के अध्यापन और अधिगम को आनंददायक और बाल केंद्रित बनाने के लिए मध्य स्तर (कक्षा 6–8) के लिए सामाजिक विज्ञान में खिलौना आधारित शिक्षणशास्त्र पर सामग्री तैयार की गई है। इसी के साथ विभाग ने '*नई शिक्षा नीति 2020* के आलोक में रा.शै.अ.प्र.प., राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों और कुछ अंतरराष्ट्रीय देशों के सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम पर एक तुलनात्मक अध्ययन' पर एक रिपोर्ट तैयार की है। यह सामग्री भारत के प्रख्यात आर्थिक विचारकों को लेकर तैयार की गई है।

विभाग की राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एन.पी.ई.पी.) के तहत योग ओलंपियाड, योग क्विज़ और राष्ट्रीय रोल प्ले और लोक नृत्य प्रतियोगिता जैसे बड़े राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए गए। एन.पी.ई.पी. ने स्वास्थ्य और कल्याण से संबंधित सरोकारों पर अधिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए, आयुष्मान भारत के स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विकसित प्रशिक्षण और संसाधन सामग्री के आधार पर शैक्षिक और स्वास्थ्य क्षेत्रों के प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के प्रशिक्षण के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय के सहयोग से दिल्ली और पुरी, भुवनेश्वर में दो क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए। पाठ्यपुस्तकों और अन्य पाठ्यचर्या संबंधी सामग्रियों को तैयार करने में सामाजिक विज्ञान अध्यापकों की क्षमता का निर्माण करने हेतु स्कूली सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों और अन्य पाठ्यचर्या संबंधी सामग्रियों को मिश्रित विधि में विकसित करने पर छह महीने का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आयोजित किया गया था।

विभाग ने विस्तार संबंधी गतिविधियों के संबंध में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, राष्ट्रीय सतर्कता सप्ताह, संविधान दिवस और जी-20 जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का जश्न मनाने के लिए कई प्रश्नोत्तरी मद विकसित किए। विभाग ने स्वयंप्रभा/पी.एम. ई-विद्या चैनलों के लाइव अंत:क्रिया कार्यक्रमों में भी योगदान दिया।

6. विज्ञान एवं गणित शिक्षा विभाग (डी.ई.एस.एम)

विज्ञान और गणित शिक्षा विभाग मध्य और माध्यमिक स्तर पर विज्ञान, गणित, पर्यावरण के क्षेत्रों में स्कूली शिक्षा के लिए कार्य करता है। विभाग में अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण, मूल्यांकन और विस्तार गतिविधियाँ की जाती हैं। विभाग में शिक्षण-अधिगम के नवीन तरीकों और विज्ञान और गणित शिक्षा से संबंधित अन्य मुद्दों पर अनुसंधान किया जाता है और विद्यार्थियों, अध्यापकों, अध्यापक-प्रशिक्षकों, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों आदि के लिए पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकें, पूरक सामग्री, ई-संसाधन जैसे प्रिंट और डिजिटल रूपों में अधिगम-शिक्षण सामग्री विकसित की जाती हैं। विभाग विज्ञान, गणित और पर्यावरण शिक्षा को लोकप्रिय बनाने के लिए सामग्री का विकास और प्रसार भी करता है। अध्यापकों/अध्यापक-प्रशिक्षकों के लिए आमने-सामने और ऑनलाइन विधि में क्षमता निर्माण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।

विभाग की विभिन्न विस्तार गतिविधियों में जर्नल *स्कूल साइंस* के प्रकाशन के अलावा गोष्ठियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनियों का आयोजन शामिल है। राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी (आर.बी.वी.पी.) जिसे पहले बच्चों के लिए जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय विज्ञान, गणित और पर्यावरण प्रदर्शनी (जे.एन.एन.एस.एम.ई.ई.) के नाम से जाना जाता था, एक वार्षिक कार्यक्रम है जो जिला, क्षेत्रीय और राज्य स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनियों की शृंखला के समापन का प्रतीक है। राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनियों के लिए शैक्षणिक मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विभाग द्वारा एक वार्षिक कार्यक्रम, राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह (आर.ए.एस.) भी आयोजित किया जाता है। विभाग द्वारा एक विज्ञान पार्क और एक हर्बल गार्डन विकसित किया गया है जिससे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए बहुमूल्य जानकारी और विचार प्रदान किए जाते हैं।

विभाग में एक विज्ञान और गणित शिक्षा संसाधन केंद्र (आर.सी.एस.एम.ई.) है जो विज्ञान और गणित शिक्षा पर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक दोनों संसाधनों का एक समृद्ध भंडार है। विभाग में गतिविधियों, प्रयोगों को करने के लिए और संबंधित क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के केंद्र के रूप में जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी और गणित की चार प्रयोगशालाएँ भी हैं।

विभाग द्वारा स्कूल स्तर पर विज्ञान, गणित और पर्यावरण शिक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों और सरोकारों पर भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय को सहायता और सलाह भी दी जाती है। इसके द्वारा विद्यार्थियों के साथ-साथ अध्यापकों के लिए पाठ्यचर्या और अन्य सहायता सामग्री के विकास से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में एन.आई.ई. के अन्य विभागों और प्रभागों के साथ-साथ रा.शै.अ.प्र.प. के अन्य घटकों को भी अपना सहयोग और विशेषज्ञता प्रदान की जाती है। विभाग विभिन्न क्षमता निर्माण और विस्तार कार्यक्रमों के संचालन में रा.शै.अ.प्र.प. के अन्य विभागों को भी अपना सहयोग प्रदान करता है। विभाग के संकाय सदस्य एस.सी.ई.आर.टी., राज्य स्कूल शिक्षा बोर्ड, केंद्र और राज्य सरकारों, विश्वविद्यालयों आदि को भी अपनी विशेषज्ञता का लाभ प्रदान करते हैं।

7. पाठ्यचर्या अध्ययन और विकास विभाग (डी.सी.एस.डी.)

वर्ष 2016 में स्थापित किए गए पाठ्यचर्या अध्ययन विभाग और वर्ष 2019 में स्कूल पाठ्यक्रम अनुसंधान और विकास के विभिन्न पहलुओं की देखभाल करने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों के परिप्रेक्ष्य के अनुरूप राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा की तैयारी के लिए स्थापित किए गए पाठ्यचर्या समूह को विलय करने के माध्यम से 13 दिसंबर, 2021 को पाठ्यचर्या अध्ययन और विकास विभाग की स्थापना की गई है। विभाग मुख्य रूप से देश में पाठ्यक्रम विकास और इसके कार्यान्वयन में शामिल है। यहाँ पाठ्यक्रम अनुसंधान और विकास पर दिशानिर्देश विकसित किए जाते हैं और स्कूली शिक्षा में सेवारत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में एजेंसियों का क्षमता निर्माण किया जाता है। विभाग स्कूली शिक्षा, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा, अध्यापक शिक्षा और प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा और संबंधित दस्तावेज़ों के विकास की प्रक्रिया का समन्वयन करता है। विभाग इसके बाद विभिन्न स्तरों पर पाठ्यक्रम के विकास और उनके कार्यान्वयन में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अकादमिक सहायता प्रदान करता है और पाठ्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभिन्न शैक्षणिक/परीक्षा निकायों के बीच संबंधों को मजबूत करता है। विभाग वर्तमान में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के विकास में शामिल है और आने वाले वर्षों में यह स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों के लिए पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों और अन्य अधिगम-अध्यापन सामग्री के विकास का समन्वयन करेगा।

8. कला एवं सौंदर्य बोध शिक्षा विभाग (डी.ई.ए.ए.)

कला एवं सौंदर्य बोध शिक्षा विभाग का सृजन 24 नवंबर, 2005 को एन.आई.ई., नई दिल्ली में एक पृथक विभाग के रूप में किया गया था ताकि विद्यालयों में कला के सभी रूपों को बढ़ावा देने की संकल्पना के साथ देश में योगदान देने वाले नागरिकों के रूप में सक्षम बनाने के लिए बच्चों की सौंदर्य क्षमताओं को उभारा जा सके। साथ ही अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण और विस्तार के रूप में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उन्हें देश की शिक्षा प्रणाली की मुख्यधारा में लाया जा सके। विभाग स्कूलों में कला शिक्षा की स्थिति पर अनुसंधान, स्कूलों और अध्यापक शिक्षा संस्थानों, आर.आई.ई. में कला समेकित शिक्षण (ए.आई.एल.) के कार्यान्वयन, स्कूल के वातावरण और विद्यार्थियों की शिक्षा पर कला के प्रभाव का अध्ययन, अध्यापन-अधिगम और मूल्यांकन प्रक्रिया और स्कूली शिक्षा और शिक्षक शिक्षा में नवाचारी अभ्यासों की लगातार समीक्षा करने का दायित्व उठाता है। विभाग दृश्य कला और कला प्रदर्शन में स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों के लिए अध्यापन-अधिगम सामग्री, प्रशिक्षण पैकेज, प्रशिक्षण

मॉड्यूल, पाठ्यपुस्तकें, अध्यापकों की पुस्तिकाएँ, पूरक सामग्री, ऑडियो-विज़ुअल सामग्री, मल्टी-मीडिया और ई-सामग्री के विकास में संलग्न है। विभाग ने स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर कला और संस्कृति के माध्यम से सीखने को बढ़ावा देते हुए, राष्ट्र के लिए अनुभवात्मक शिक्षा, कला समेकित शिक्षा का एक शैक्षणिक मॉडल तैयार करने में योगदान दिया है। विभाग ने आर.आई.ई., एस.सी.ई.आर.टी. और डी.आई.ई.टी. की क्षमता निर्माण के लिए अध्यापकों, अध्यापक-प्रशिक्षकों और शैक्षिक प्रशासकों के लिए नियमित रूप से सेवाकालीन प्रशिक्षण और अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इसने राज्यों को लचीले शिक्षणशास्त्र की बारीकियों को आत्मसात करने के लिए कला समेकित अधिगम पर अपने मास्टर प्रशिक्षकों को तैयार करने और भारतीय पारंपरिक कलाओं के लिए आधार बनाने वाले अनुभवों के लिए कला शिक्षा विषयों पर गहन क्षमता निर्माण अभ्यास प्रदान किया है। विभाग ने स्कूली शिक्षा के प्रारंभिक और माध्यमिक स्तर पर लाखों अध्यापकों और स्कूलों के प्रमुखों के लिए *निष्ठा* पहल के तहत कला समेकित शिक्षण मॉड्यूल के विकास और प्रशिक्षण में बड़े पैमाने पर योगदान दिया है।

एन.ई.पी. 2020 में अनुशंसा की जाती है कि "स्थानीय विशेषज्ञता के विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट स्थानीय कलाकारों, लेखकों, शिल्पकारों और अन्य विशेषज्ञों को मास्टर प्रशिक्षकों के रूप में शामिल किया जाए; पूरे पाठ्यक्रम में और विशेष रूप से माध्यमिक विद्यालयों और उच्च शिक्षा में मानविकी, विज्ञान, कला, शिल्प, खेल आदि में आदिवासी और अन्य स्थानीय ज्ञान सहित पारंपरिक भारतीय ज्ञान का सटीक समावेश और पाठ्यक्रम में बहुत अधिक लचीलापन, ताकि विद्यार्थी अपने स्वयं के रचनात्मक, कलात्मक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक मार्ग विकसित करने के लिए पाठ्यक्रमों के बीच आदर्श संतुलन चुनें।" विभाग ने एन.ई.पी. 2020 के दृष्टिकोण को प्राप्त करने और भविष्य में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए स्थिति पत्र में दिशानिर्देश तैयार किए हैं। भावी कार्यों के रूप में विभाग एन.ई.पी. 2020 अधिदेश के अनुसार पाठ्यक्रम, पाठ्यचर्याओं, पाठ्यपुस्तकों, सीखने के प्रतिफलों, कला समेकित अधिगम, कला शिक्षा में अनुसंधान एवं राष्ट्रीय और राज्य स्तर के संगठनों की क्षमता निर्माण, ई-सामग्री और प्रिंट शिक्षण-अधिगम सामग्री, कला और संस्कृति संगठनों के साथ तालमेल आदि विकसित करने पर काम करेगा।

9. शैक्षिक किट प्रभाग (डी.ई.के.)

शैक्षिक किट प्रभाग जिसे पहले एन.आई.ई. कार्यशाला के रूप में जाना जाता था, की कल्पना 1964 में स्कूल स्तर पर विज्ञान और गणित के अध्यापन-अधिगम के लिए उपकरणों/वस्तुओं के डिजाइन और विकास के लिए अकादमिक सहायता प्रदान करने हेतु की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य विज्ञान और गणित में शिक्षण उपकरणों का अध्ययन करना और स्कूलों में डिजाइन के परीक्षण के लिए डिजाइन, विकास और प्रयोगात्मक परीक्षण करना और उत्पादन करना भी है।

यह प्रभाग स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापन-अधिगम में शैक्षिक किट के रूप में स्कूल के उपकरणों के डिजाइन, विकास और प्रोटोटाइप उत्पादन द्वारा स्वयं कार्य के अनुभव के जरिए प्रिंट मीडिया को समर्थन देने के लिए जिम्मेदार है। प्रभाग में विद्यार्थियों/अध्यापकों/अध्यापक-प्रशिक्षकों को प्रभाग द्वारा विकसित विभिन्न किटों के उपयोग पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। इस प्रभाग में विभिन्न विस्तार गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है, जैसे बच्चों के लिए विज्ञान और गणित में व्यावहारिक क्रियाकलापों का संचालन और प्रतिवर्ष आयोजित राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, विश्व पुस्तक मेला, विश्व व्यापार मेला और वैश्विक शिक्षा सम्मेलनों में बच्चों का भाग लेना सुनिश्चित किया जाता है। प्रभाग विभिन्न कार्यों के लिए भी जिम्मेदार है, जिसमें प्रोटोटाइप किट को डिजाइन करना और विकसित करना, फर्मों का पैनल बनाना, ऑर्डर के आधार पर किट आपूर्ति का समन्वय करना और अध्यापकों, विद्यार्थियों और अध्यापक-प्रशिक्षकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना शामिल है।

10. शैक्षिक मनोविज्ञान और शिक्षा आधार विभाग (डी.ई.पी.एफ.ई.)

शैक्षिक मनोविज्ञान और शिक्षा आधार विभाग रा.शै.अ.प्र.प. के सबसे पुराने विभागों में से एक है। यह वर्ष 1961 में रा.शै.अ.प्र.प. की स्थापना के समय में अस्तित्व में आया था। संगठनात्मक परिवर्तनों और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बदलाव के कारण इसके नामकरण और काम में बदलाव आया है। इसका हमेशा से मनोवैज्ञानिक आधार और मार्गदर्शन और परामर्श पर ध्यान रहा है।

विभाग, मार्गदर्शन और परामर्श के क्षेत्रों पर प्रमुखता से शिक्षा सिद्धांत और अभ्यास के लिए मनोवैज्ञानिक ज्ञान के अनुप्रयोग के माध्यम से स्कूल शिक्षा और अध्यापक शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के रा.शै.अ.प्र.प. के उद्देश्यों को साकार करने में संलग्न है। विभाग अपने संसाधनों का विस्तार करता है और स्कूली शिक्षा के विभिन्न पहलुओं अर्थात पाठ्यचर्या योजना, पाठ्यपुस्तक लेखन, शिक्षक प्रशिक्षण, मूल्यांकन इत्यादि के मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रदान करने में सहयोग करता है।

एक विभाग के रूप में, यह विभिन्न क्षेत्रों में विशेष रूप से सुविधा प्रदान करने के लिए ठोस प्रयास करता है— (i) स्कूल प्रणाली के लिए परामर्शदाताओं की तैयारी और प्रशिक्षण (ii) सभी चरणों में पाठ्यचर्या क्षेत्रों में मनोवैज्ञानिक इनपुट प्रदान करना ताकि विद्यार्थियों की विशिष्टता को समझने, जीवन कौशल का निर्माण करने और नैतिकता, मानवीय और संवैधानिक मूल्यों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया जा सके (iii) स्कूल के कार्यों और अध्यापक शिक्षा में नैतिक शिक्षा को समेकित करना और (iv) पाठ्यक्रम विकास और अध्यापक प्रशिक्षण दोनों के अभिन्न घटकों के रूप में नैतिक शिक्षा तथा मानसिक एवं भावनात्मक कल्याण सुनिश्चित करना।

11. शैक्षिक अनुसंधान प्रभाग (डी.ई.आर.)

शैक्षिक अनुसंधान प्रभाग (डी.ई.आर.) शैक्षिक नीतिगत अनुसंधान को बढ़ावा देने, विचारक की भूमिका निभाने, विद्यालयी और अध्यापक शिक्षा में अनुसंधान और नवाचार लाने, उनका समन्वय करने, उन्हें प्रायोजित तथा प्रवर्तन करने के कार्य में संलग्न है और रा.शै.अ.प्र.प. की एक स्थायी समिति, जिसे ई.आर.आई.सी. कहा जाता है, के सचिवालय के रूप में कार्य कर रहा है। रा.शै.अ.प्र.प. की एक स्थायी समिति शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (ई.आर.आई.सी.) विद्यालयी और अध्यापक शिक्षा के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा और समर्थन देने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती है। ई.आर.आई.सी. समिति के सदस्यों में विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थाओं के शिक्षा तथा संबद्ध विषयों में कार्यरत विख्यात अनुसंधानकर्ता और राज्य शिक्षा संस्थानों और रा.शै.अ.प्र.प. संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह प्रभाग विश्वविद्यालय/अनुसंधान संस्थानों में अपनी डॉक्टोरल डिग्री के लिए कार्यरत विद्यार्थियों को रा.शै.अ.प्र.प. डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति प्रदान करता है। युवा शिक्षाविदों/शैक्षिक अनुसंधानकर्ताओं को अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से एक और नई योजना 'रा.शै.अ.प्र.प. अनुसंधान संबद्धता (शिक्षाविद/अनुसंधानकर्ता पूल)' शुरू की गई है। इस प्रभाग में उन्हें स्कूली शिक्षा से संबंधित संगत क्षेत्रों में योगदान करने और अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जाता है। इससे संपूर्ण भारत में शिक्षा प्रणाली और विशेष रूप से रा.शै.अ.प्र.प. भी इन युवा लोगों की ऊर्जा, उत्साह और ज्ञान से लाभान्वित होगी।

12. अध्यापक शिक्षा विभाग (डी.टी.ई.)

अध्यापक शिक्षा विभाग सेवा-पूर्व एवं सेवाकालीन और सतत व्यावसायिक विकास कार्यक्रम (सी.पी.डी) दोनों के लिए अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों के निर्माण और संगठन का कार्य संभालता है। अध्यापक शिक्षा विभाग के कार्यक्रम और गतिविधियाँ शिक्षक शिक्षा, भर्ती, तैनाती, सेवा शर्तों और शिक्षक सशक्तीकरण आदि; सामग्री,

पत्रिकाओं का विकास; अध्यापकों और अध्यापक-प्रशिक्षकों का व्यावसायिक विकास; राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में अध्यापक शिक्षा के केंद्र प्रायोजित संस्थानों (जैसे बी.आई.टी.ई., डी.आई.ई.टी., एस.सी.ई.आर.टी., सी.टी.ई. और आई.ए.एस.ई.) को अकादमिक सहायता प्रदान करने के क्षेत्र में अनुसंधान पर केंद्रित हैं। विभाग अध्यापक शिक्षा और स्कूली शिक्षा में नवाचारों, प्रयोगों को बढ़ावा देता है और विस्तार गतिविधियों का संचालन भी करता है। इसके अलावा, विभाग द्वारा शिक्षक शिक्षा में नीति और सलाहकार भूमिका निभाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है और शिक्षक शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए केंद्र प्रायोजित योजनाओं के निर्माण, कार्यान्वयन और मूल्यांकन में शिक्षा मंत्रालय और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को अकादमिक सहायता प्रदान की जाती है; अध्यापक शिक्षा, पाठ्यक्रम, उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री के साथ-साथ शिक्षणशास्त्र, अध्यापकों के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (एन.पी.एस.टी.) के क्षेत्र में 'थिंक टैंक फंक्शन' निष्पादन जिसमें विभिन्न स्तरों पर सेवा-पूर्व शिक्षक कार्यक्रम और सेवाकालीन शिक्षा, सतत शिक्षा और अध्यापकों की आजीवन शिक्षा के मॉडल/डिजाइन तैयार करना शामिल है; शिक्षा को अधिक अनुभवात्मक, समग्र, समेकित, जिज्ञासापरक, खोज-उन्मुख, विद्यार्थी केंद्रित, चर्चा आधारित, शिक्षणशास्त्र को लचीला और निश्चित रूप से मनोरंजक बनाने के लिए इसे अद्यतन करने के क्षेत्र में शिक्षक और अध्यापक-प्रशिक्षकों का समर्थन करना; एस.सी.ई.आर.टी. के सहायक कार्यक्रम और गतिविधियाँ ताकि एस.सी.ई.आर.टी. अध्यापकों के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (एन.पी.एस.टी.) प्राप्त करने हेतु उत्कृष्ट संस्थानों में विकसित करने के लिए डी.आई.ई.टी./बी.आर.सी./सी.आर.सी. का पुनर्जीवन, क्षमता निर्माण और कार्य संस्कृति को बदलने के लिए 'परिवर्तन प्रबंधन प्रक्रिया' का नेतृत्व; राष्ट्रीय परामर्श मिशन की गतिविधि का समर्थन और सामाजिक गुणवत्ता मूल्यांकन और प्रत्यायन (एस.क्यू.ए.ए.एफ.) पर रूपरेखा का विकास टी.ई.आई. द्वारा स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम/पाठ्यपुस्तकों/विभिन्न टी.एल.एम./अन्य ऑनलाइन और ऑफलाइन संसाधनों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षक शिक्षा, अनुसंधान और विकास के अधिदेश को प्रभावी तरीके से और कुशलता से आगे बढ़ाने के लिए सशक्त बनाने हेतु प्रौद्योगिकी सहायता; बहु-विषयक संदर्भ में शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों के संगठन में टी.ई.आई. का समर्थन अध्यापक-प्रशिक्षकों/मास्टर प्रशिक्षकों/प्रमुख संसाधन व्यक्तियों (के.आर.पी.) के लिए उनके व्यावसायिक और स्व-विकास के लिए आमने-सामने और ऑनलाइन विधि में विभिन्न स्तरों पर निरंतर व्यावसायिक विकास कार्यक्रम का आयोजन शिक्षक शिक्षा और स्कूली शिक्षा के विभिन्न मुद्दों और चिंताओं जैसे सेवा-पूर्व शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम, इंटर्नशिप कार्यक्रमों और शिक्षणशास्त्र पर शोध अध्ययन करना; अध्यापकों, अध्यापक-प्रशिक्षकों, शैक्षिक प्रशासकों जैसे निष्ठा, दीक्षा, एम.ओ.ओ.सी., पी.एम. ई-विद्या आदि के तहत अध्यापक विकास कार्यक्रमों के लिए शिक्षण और सीखने हेतु उच्च गुणवत्ता वाले संसाधन/ई-सामग्री विकसित करना; और अनुभवात्मक शिक्षा, खिलौना आधारित शिक्षणशास्त्र, खेल और कला समेकित शिक्षणशास्त्र, कहानी-आधारित शिक्षणशास्त्र आदि को बढ़ावा देने के लिए संदर्भ पुस्तकें, हैंडबुक, दिशानिर्देश, मैनुअल, जर्नल आदि का विकास, जैसा कि एन.ई.पी. 2020 में अध्यापक शिक्षा और स्कूली शिक्षा के लिए बताया गया है।

13. शैक्षिक सर्वेक्षण प्रभाग (ई.एस.डी.)

भारत में शैक्षिक योजना को मजबूत करने के लिए वर्ष 2012 में शैक्षिक सर्वेक्षण करने और स्कूली शिक्षा पर प्रामाणिक जानकारी प्रदान करने के लिए शैक्षिक सर्वेक्षण प्रभाग की स्थापना दो पूर्व विभागों के विलय द्वारा की गई थी। प्रभाग के मुख्य कार्यों में शैक्षिक डेटाबेस बनाना, इसका अनुरक्षण और अद्यतन करना, अनुसंधान विधियों और सांख्यिकीय विश्लेषण में प्रशिक्षण प्रदान करना, क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करना, शैक्षिक मूल्यांकन के

लिए सामग्री विकसित करना, अधिगम आकलन में अनुसंधान करना और राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा का प्रबंधन करना शामिल है। शैक्षिक सर्वेक्षण प्रभाग ने एन.ए.एस. 2022 सहित अखिल भारतीय स्कूल शिक्षा सर्वेक्षण और राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण जैसे बड़े पैमाने पर सर्वेक्षण आयोजित किए हैं, जिसमें सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में विद्यार्थियों की अधिगम की उपलब्धि का आकलन किया गया है। शैक्षिक सर्वेक्षण प्रभाग ने स्कूली शिक्षा में विभिन्न विषयों पर अनुसंधान अध्ययन भी आयोजित किया है और यह गुणवत्ता परीक्षण विकास, आइटम विकास, प्रश्न पत्र सेटिंग और सांख्यिकीय विधि पर राज्यों के पदाधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम प्रदान करता है। शैक्षिक सर्वेक्षण प्रभाग का प्रमुख कार्यक्रम राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना है, जिसमें प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान की जाती है और उनका पोषण किया जाता है, उन्हें डॉक्टरेट स्तर तक उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

परख

भारत का पहला राष्ट्रीय आकलन विनियामक, परख (समग्र विकास के लिए ज्ञान का प्रदर्शन, आकलन, समीक्षा और विश्लेषण) रा.शै.अ.प्र.प. में स्थापित किया गया है। इसका कार्य देश के सभी मान्यता प्राप्त स्कूल बोर्डों के लिए विद्यार्थी आकलन और मूल्यांकन के लिए मानदंड, मानक और दिशानिर्देश तय करने पर काम करना है। परख तीन प्रमुख आकलन क्षेत्रों में काम करेगा जिसमें बड़े पैमाने पर आकलन, स्कूल आधारित आकलन और परीक्षा सुधार शामिल हैं। इसका मुख्य उद्देश्य पारंपरिक परीक्षाओं से परे व्यापक आकलन विधियों को प्रस्तुत करके शिक्षा प्रणाली में सुधार करना है। परख का उद्देश्य महत्वपूर्ण सोच और समस्या-समाधान सहित विद्यार्थियों के कौशल का पोषण करना, परीक्षा से जुड़े तनाव को कम करना और न केवल शैक्षणिक उपलब्धियों बल्कि चरित्र और जीवन-कौशल को भी महत्व देकर समग्र विकास को बढ़ावा देना है। इसका उद्देश्य भारत की शिक्षा को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना, प्रभावी उपकरणों के साथ अध्यापकों को सशक्त बनाना और विद्यार्थियों के लिए सीखने का अनुकूल माहौल बनाना है। यह अक्सर उच्च जोखिम वाली परीक्षाओं से जुड़े अत्यधिक तनाव और दबाव को कम करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। यह आकलन के प्रति अधिक संतुलित और कम चिंता पैदा करने वाले दृष्टिकोण की ओर बदलाव का समर्थन करता है, जिससे विद्यार्थियों के लिए एक स्वस्थ अधिगम का माहौल तैयार होता है। संक्षेप में, परख के उद्देश्य एक ऐसी शिक्षा प्रणाली की दूरदृष्टि में निहित हैं जो विद्यार्थियों के समग्र विकास को पूरा करती है, कौशल के व्यापक सेट को बढ़ावा देती है और उन्हें तेजी से जटिल और परस्पर संबद्ध दुनिया में पनपने के लिए तैयार करती है।

14. अंतरराष्ट्रीय संबंध प्रभाग (आई.आर.डी.)

अंतरराष्ट्रीय संबंध प्रभाग द्वारा रा.शै.अ.प्र.प. और एजेंसियों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान की सुविधा के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय विकास समूह (एन.डी.जी.) के अकादमिक सचिवालय के रूप में रा.शै.अ.प्र.प. और इच्छुक अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के बीच एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर करने और जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. की भूमिका के अनुरूप विभिन्न गतिविधियाँ की जाती हैं। इन गतिविधियों के भाग के रूप में, आई.आर.डी. विदेशों से आने वाले प्रतिनिधि मंडलों की मेजबानी करता है और राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों के निर्माण, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखाओं के विकास, सेवा-पूर्व और सेवाकालीन अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों के आयोजन, व्यावसायिक शिक्षा, शैक्षिक प्रौद्योगिकी के लिए कार्यक्रमों का निर्माण और कार्यान्वयन के क्षेत्रों में सहयोग की सुविधा प्रदान करने के साथ ही यूनेस्को, यूनिसेफ, यू.एन.डी.पी. आदि जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, सम्मेलनों, बैठकों, प्रदर्शनियों और प्रशिक्षण

कार्यक्रमों में रा.शै.अ.प्र.प. की ओर से संकाय की भागीदारी की सुविधा प्रदान करता है। इसके अलावा, आई.आर.डी. राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा मंत्रालय में शिक्षक पर्व जैसे प्रयासों में भी सहायता करता है।

प्रभाग द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने और प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों और एजेंसियों के साथ स्कूली शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में समझौता ज्ञापन तैयार करने और हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में संलग्न है। रा.शै.अ.प्र.प. और राष्ट्रीय शिक्षा एजेंसी (ई.डी.यू.एफ.आई.), फिनलैंड; और नेशनल ताइवान नॉर्मल यूनिवर्सिटी (एन.टी.एन.यू.), ताइवान के बीच शुरू किए गए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अंतरराष्ट्रीय संबंध प्रभाग द्वारा अब तक एकेडमी ऑफ कोरियन स्टडीज (ए.के.एस.), कोरिया गणराज्य; मॉरीशस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन (एम.आई.ई.), मॉरीशस; कर्टिन विश्वविद्यालय (सी.यू.), ऑस्ट्रेलिया; फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी (एफ.एस.यू.) और यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट फ्रांसिस, अमेरिका के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने के पीछे उद्देश्य पारस्परिक लाभ हेतु इन देशों के साथ संरचित और सार्थक संबंधों को बढ़ावा देना तथा स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। प्रभाग वर्तमान में श्रीलंका, नेपाल और भूटान के संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन प्रारूप पर कार्य कर रहा है। प्रभाग द्वारा महामारी के दौरान ऑनलाइन संचालन किया गया और समझौता ज्ञापनों में उल्लिखित कई गतिविधियों में भाग लिया गया। इसमें ए.के.एस., कोरिया गणराज्य और एम.आई.ई., मॉरीशस के साथ संयुक्त कार्य समिति की बैठकें आयोजित करना शामिल था। शिक्षा में द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित नए प्रयास वियतनाम, फिनलैंड, इज़राइल और इस्लामिक गणराज्य ईरान के संस्थानों के साथ ऑनलाइन मोड में शुरू किए गए।

15. पुस्तकालय और प्रलेखन विभाग (एल.डी.डी.)

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् पुस्तकालय शिक्षा के क्षेत्र और उसके अंतरविषयक विषयों के क्षेत्र में देश के सबसे संसाधन युक्त सूचना केंद्रों में से एक है। पुस्तकालय और प्रलेखन विभाग का मुख्य कार्य स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा पर प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक संसाधनों को एकत्र, व्यवस्थित और प्रसारित करना; पारंपरिक संदर्भों, रेफरल सेवाओं और दस्तावेज़ वितरण सेवाओं के माध्यम से शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों का समर्थन करना; मैनुअल का उपयोग करते हुए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और अन्य संगठनों के पुस्तकालय कर्मियों की सेवाकालीन शिक्षा की सुविधा प्रदान करना; ग्रंथ सूची, पुस्तक समीक्षाओं, सामग्री अनुक्रमण और लेखों के सार-संक्षेप और प्रेस की कतरनों का प्रसार करना; विस्तार सेवाओं के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का प्रसार करना; डेलनेट के माध्यम से पाठकों को संसाधन साझा करने की सुविधा प्रदान करना और पाठकों को मुफ्त इंटरनेट सर्फिंग प्रदान करना है।

16. योजना एवं अनुवीक्षण प्रभाग (पी.एम.डी.)

इस प्रभाग का गठन कार्यक्रम निर्धारण, अनुवीक्षण और मूल्यांकन की प्रक्रिया के समन्वय तथा शिक्षा मंत्रालय में आवधिक रिपोर्ट तथा विवरणी जमा करने के प्रयोजन से किया गया है। यह रा.शै.अ.प्र.प. के अकादमिक कार्यक्रमों या गतिविधियों के संबंध में सूचना वितरण केंद्र के रूप में कार्य करता है तथा सभी कार्यक्रम सलाहकार समिति (पी.ए.सी.) का मूल्यांकन भी करता है। इसे परिषद् की स्थायी कार्यनीतियों की संकल्पना और इसके विभिन्न कार्यक्रमों के उचित कार्यान्वयन का दायित्व सौंपा गया है। पी.एम.डी. अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए दिशानिर्देश जारी करता है, सूचना के प्रसार के लिए विभिन्न दस्तावेज़ तैयार करता है तथा कार्यक्रम सलाहकार समिति (पी.ए.सी) और परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पी.ए.बी.) द्वारा अनुमोदित कार्यक्रमों की प्रगति की निगरानी करता है।

अल्पकालिक और दीर्घकालिक अकादमिक कार्यक्रमों को तैयार करने और कार्यान्वयन और प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए रा.शै.अ.प्र.प. के घटक को समर्थन प्रदान करते हुए, पी.एम.डी. निम्नलिखित गतिविधियों में शामिल रहा है— रा.शै.अ.प्र.प. की वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना; शिक्षा मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के लिए रा.शै.अ.प्र.प. के भाग को तैयार करना; शैक्षिक कार्यक्रमों के निर्माण के लिए सामान्य दिशानिर्देशों की तैयारी, विकास और अद्यतनीकरण; कार्यक्रम प्रक्रम समितियों की बैठक में समय-सारणी तैयार करना और उनमें भागीदारी करना। जिनमें विभागीय सलाहकार बोर्ड, शैक्षणिक समिति, संस्थान सलाहकार बोर्ड और प्रबंधन समितियाँ शामिल हैं; कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठकों का आयोजन करना; संस्थानों/विभागों/प्रभागों/प्रकोष्ठों द्वारा किए गए कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की प्रगति की तिमाही निगरानी करना; फॉलोअप के माध्यम से जानकारी का संग्रह और प्रसंस्करण; रा.शै.अ.प्र.प. का वार्षिक कार्यक्रम बजट तैयार करना; प्रशासनिक-सह-वित्तीय अनुमोदनों के लिए पी.ए.सी. और पी.ए.बी. अनुमोदित कार्यक्रमों के प्रस्तावों का प्रसंस्करण; रा.शै.अ.प्र.प. की प्रमुख गतिविधियों और उपलब्धियों पर मासिक और त्रैमासिक रिपोर्ट तैयार करना; शिक्षा मंत्रालय के साथ रा.शै.अ.प्र.प. के समझौता ज्ञापन तैयार करना; कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठकों की सिफारिशों के अनुसार एन.आई.ई. विभागों या प्रभागों या प्रकोष्ठों, सी.आई.ई.टी., पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. और आर.आई.ई. के लिए पी.ए.सी. की बैठकों की सिफारिशों के अनुसार दोहराव और वित्तीय पक्षों हेतु कार्यक्रम प्रस्तावों की समीक्षा करना; समग्र शिक्षा-समेकन योजना के तहत शिक्षा मंत्रालय के परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पी.ए.बी.) द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं का समन्वयन करना। इन नियमित गतिविधियों के अलावा, पी.एम.डी. स्कूल और अध्यापक शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण और विस्तार कार्यक्रमों को पूरा करने में भी संलग्न है।

प्रभाग द्वारा कार्यक्रमों की निगरानी और रिपोर्टिंग को सक्षम करने के लिए, एम.आई.एस. पोर्टल 'योजना' (रा.शै.अ.प्र.प. गतिविधियों का वार्षिक विवेकपूर्ण मूल्यांकन) विकसित किया गया है। एम.आई.एस. पोर्टल योजना का उद्देश्य एक वर्ष के दौरान परिषद् की शैक्षिक पहलों और कार्यक्रमों के प्रदर्शन, जवाबदेही और गुणवत्ता का व्यवस्थित रूप से आकलन और मूल्यांकन करना है। इससे कार्यक्रमों की प्रभावी निगरानी, कार्यक्रमों की प्रगति को अद्यतन करने और आवश्यक जानकारी की त्वरित पुनर्प्राप्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसका उद्देश्य रा.शै.अ.प्र.प. की घटक इकाइयों द्वारा संचालित पी.ए.सी./पी.ए.बी. अनुमोदित परियोजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना भी है। इस प्रक्रिया से निरंतर सुधार और सहभागिता को बढ़ावा देते हुए पारदर्शिता, गुणवत्ता मानकों का पालन और राष्ट्रीय शैक्षिक लक्ष्यों के साथ संरेखण सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे अंततः कार्यक्रमों की समग्र प्रभावशीलता में वृद्धि होगी।

17. प्रकाशन प्रभाग (पी.डी.)

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् ने विद्यालयी पाठ्यपस्तुकों, कार्यपुस्तकों, अनुपूरक पठन सामग्री, अध्यापक संदर्शिकाओं, प्रयोगशाला मैनुअलों, आकलन विषयक स्रोत पुस्तकों, गणित में उदाहरणात्मक समस्याओं, शोध रिपोर्टों या प्रबंध ग्रंथों और शैक्षिक पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन का कार्य जारी रखा। विभिन्न राज्यों और संघ राज्य-क्षेत्रों द्वारा रा.शै.अ.प्र.प. की पुस्तकों को अपनाने/अनुकूलन और अनुवाद के लिए, राष्ट्रीयकृत पाठ्यपुस्तक कार्यक्रम के तहत राज्यों और संघ राज्य-क्षेत्रों के अनुरोध पर रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा कॉपीराइट की अनुमति दी जाती है। इन्हें केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध स्कूलों, जैसे केंद्रीय विद्यालयों, जवाहर नवोदय विद्यालय, तिब्बती स्कूलों और देश के सभी राज्यों में कई सार्वजनिक विद्यालयों में तथा विदेशों में भी व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

रा.शै.अ.प्र.प. ने वर्ष 2022–23 के लिए स्वीकरण/अनुकूलन/अनुवाद हेतु निम्नलिखित राज्यों या संघ राज्य क्षेत्रों को उनके अनुरोध के आधार पर अपनी पाठ्यपुस्तकों का कॉपीराइट प्रदान किया।

क्र.सं.	राज्य	एजेंसी	वे श्रेणियाँ जिनके लिए कॉपीराइट दिया गया है-++*+
1.	मणिपुर	माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, बाबूपारा, इंफाल, मणिपुर	1–8
2.	मध्य प्रदेश	संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल, मध्य प्रदेश समग्र शिक्षा अनुभाग, मध्य प्रदेश	1–12 व्यावसायिक पुस्तकें (22 पुस्तकें)
3.	उत्तराखंड	निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखंड समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय, उत्तराखंड समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय, उत्तराखंड	1–12 बरखा शृंखला व्यावसायिक पुस्तकें (9–10)
4.	मिजोरम	स्कूली शिक्षा विभाग, मिजोरम सरकार, मिजोरम	1–8
5.	राजस्थान	राजस्थान, पाठ्यपुस्तक मंडल, जयपुर	1–12 (सभी विषय)
6.	झारखंड	जे.ई.पी.सी., रांची	सामान्य प्रकाशन
7.	हरियाणा	1. प्रारंभिक शिक्षा, हरियाणा 2. हरियाणा बोर्ड, भिवानी	1–8 9 और 10 (सभी विषय)
8.	कर्नाटक	कर्नाटक पाठ्यपुस्तक सोसायटी	1–12
9.	आंध्र प्रदेश	एस.सी.ई.आर.टी., आंध्र प्रदेश	8 (7 पुस्तकें)
10.	उत्तर प्रदेश	स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश	9–12 (74 पुस्तकें)
11.	दिल्ली	दिल्ली ब्यूरो टेक्स्ट बुक्स सोसायटी, जनकपुरी, दिल्ली	1–8 (108 पुस्तकें)
12.	छत्तीसगढ़	एस.सी.ई.आर.टी., छत्तीसगढ़, रायपुर	6, 7, 8, 11, 12 (82 पुस्तकें) हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू
13.	पंजाब	पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड	8–12 (57 पुस्तकें) और व्यावसायिक पुस्तकें (एन.एस.क्यू.एफ.)
14.	गोवा	एस.सी.ई.आर.टी., गोवा	1–8
15.	केरल	एस.सी.ई.आर.टी., केरल	11–12
16.	हिमाचल प्रदेश	हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला	1–10 (90 पुस्तकें)
17.	गुजरात	गुजरात राज्य स्कूल पाठ्यपुस्तक बोर्ड	1–12 (53 पुस्तकें)

वर्ष 2021–22 में कुल मिलाकर, 17 राज्यों या संघ राज्य क्षेत्रों की 22 एजेंसियों ने कॉपीराइट की अनुमति प्राप्त की है।

गैर-पाठ्य सामग्री के अलावा, पहली से बारहवीं तक की विभिन्न कक्षाओं के लिए पाठ्यपुस्तकें हर साल मुद्रित की जाती हैं। रा.शै.अ.प्र.प. की पाठ्यपुस्तकों सहित अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू में विभिन्न प्रकाशनों की लगभग छह करोड़ प्रतियाँ हर साल प्रकाशित की जाती हैं। किताबें सी.बी.एस.ई. से संबद्ध स्कूलों में व्यापक रूप से उपयोग की जाती हैं जिनमें सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, केंद्रीय तिब्बती स्कूल और कई निजी स्कूल शामिल हैं। कई राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों ने रा.शै.अ.प्र.प. पाठ्यपुस्तकों के लिए कॉपीराइट प्राप्त कर लिया है। परिषद् अपनी पाठ्यपुस्तकों में क्यू.आर. कोड का भी उपयोग करती है।

प्रकाशन प्रभाग, ने देशभर में रा.शै.अ.प्र.प. प्रकाशनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 995 समर्पित पुस्तक विक्रेताओं को अपने विक्रेताओं के रूप में सूचीबद्ध किया है। उर्दू प्रकाशन सामग्री का वितरण या बिक्री उर्दू अकादमी, एन.सी.टी. दिल्ली सरकार के माध्यम से की जाती हैं। रा.शै.अ.प्र.प. का प्रकाशन प्रभाग एक समर्पित वेब पोर्टल की मदद से अपनी आवश्यकता के अनुसार पाठ्यपुस्तकों के ऑनलाइन ऑर्डर के लिए स्कूलों को सुविधा प्रदान करता है। स्कूलों के पास यह विकल्प है कि वे अपनी सुविधानुसार रा.शै.अ.प्र.प. की पाठ्यपस्तुकों को किसी अन्य पैनलबद्ध विक्रेता से सीधे रा.शै.अ.प्र.प. से या अन्य विक्रेताओं से अपनी आवश्यकतानुसार प्राप्त कर सकते हैं। रा.शै.अ.प्र.प. वेब पोर्टल व्यक्तियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और संस्थानों को रा.शै.अ.प्र.प. प्रकाशनों के लिए ऑनलाइन ऑर्डर करने की सुविधा भी प्रदान करता है। रा.शै.अ.प्र.प. वेब पोर्टल में इस प्रकार प्राप्त आर्डर ग्राहकों के दरवाजे पर पंजीकृत बुक पोस्ट द्वारा वितरित किए जाते हैं जिस के लिए रा.शै.अ.प्र.प. डाक खर्च वहन करता है।

प्रकाशन प्रभाग, रा.शै.अ.प्र.प. विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी एजेंसियों, स्कूल संगठनों जैसे, नवोदय विद्यालय समिति, विभिन्न राज्यों के मॉडल स्कूल, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, गुजरात, असम की सरकारें, एस.सी.ई.आर.टी. त्रिपुरा, नागालैंड बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन, कोहिमा, पाठ्यपुस्तक ब्यूरो अंडमान और निकोबार, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद्, पांडिचेरी सरकार, शिक्षा विभाग लक्षद्वीप, दमन और दीव, चंडीगढ़ प्रशासन, एन.डी.एम.सी., गोवा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, म.प्र. पाठ्यपुस्तक नियम (उर्दू), स्कूल शिक्षा निदेशालय जम्मू और कश्मीर आदि को सीधे पाठ्यपुस्तकों की आपूर्ति भी कर रहा है।

कोलकाता, बेंगलुरु, अहमदाबाद और गुवाहाटी में स्थित प्रकाशन प्रभाग, रा.शै.अ.प्र.प. के चार उत्पादन-सह-वितरण केंद्र (आर.पी.डी.सी.) क्रमशः देश के पूर्वी, दक्षिणी, पश्चिमी और पूर्वोत्तर भागों में प्रकाशनों की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। दिल्ली मुख्यालय उत्तर भारत की आवश्यकता को पूरा कर रहा है।

रा.शै.अ.प्र.प., के प्रकाशन प्रभाग द्वारा प्रमुख रूप से कुल 10 बिक्री काउंटर संचालित किए जाते हैं। ये काउंटर पूरे वर्षभर में चार आर.पी.डी.सी., पाँच क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों और दिल्ली मुख्यालय में कार्य करते हैं ताकि सभी व्यक्तियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्कूलों को रा.शै.अ.प्र.प., प्रकाशनों की आसान उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान, 666 प्रकाशन जारी किए गए। प्रकाशनों का विवरण परिशिष्ट-VII में दिया गया है।

प्रकोष्ठ

1. राष्ट्रीय साक्षरता केंद्र प्रकोष्ठ (सी.एन.सी.एल)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुसार, मार्च 2021 में रा.शै.अ.प्र.प. में राष्ट्रीय साक्षरता केंद्र (सी.एन.सी.एल.) के लिए एक प्रकोष्ठ का गठन किया गया था। यह मूलभूत साक्षरता के लिए मुद्रित और गैर-मुद्रित दोनों तरह की संसाधन सामग्री विकसित करने के लिए 'सभी के लिए शिक्षा' (प्रौढ़ शिक्षा) को समर्पित है जिसमें

महत्वपूर्ण जीवन कौशल के साथ-साथ संख्या ज्ञान शामिल है। यह प्रकोष्ठ शिक्षा मंत्रालय के कार्यक्रम 'न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम (नव भारत साक्षरता कार्यक्रम)' के अनुसार काम करता है जो सभी के लिए शिक्षा पर केंद्रित है।

प्रौढ़ शिक्षा के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.), 2020 में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता, महत्वपूर्ण जीवन कौशलों, व्यावसायिक कौशल विकास, बुनियादी शिक्षा और सतत शिक्षा हासिल करने के लिए पाँच प्रमुख क्षेत्रों के बारे में विचार किया गया है। इस प्रकोष्ठ में दो प्रमुख क्षेत्रों— मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता और महत्वपूर्ण जीवन कौशलों हेतु विभिन्न संसाधन सामग्री जैसे चार खंडों में उजास शीर्षक वाला प्राइमर, मार्गदर्शिका, वर्कशीट, आकलन के मद, प्राइमर पर आधारित वीडियो कार्यक्रम, महत्वपूर्ण जीवन कौशलों पर ऑडियो कार्यक्रम, प्रचार सामग्री जैसे जिंगल, वृत्तचित्र, फ़्लायर्स, मोनोग्राम, सूचनात्मक पुस्तिकाएँ, आदि तैयार करते हुए प्रौढ़ विद्यार्थियों के लिए कार्य किया जाता है।

इस प्रकोष्ठ का लक्ष्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 द्वारा अनुशंसित 100 प्रतिशत साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम करना है। प्रकोष्ठ ने इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सभी क्षेत्रों के लिए अभिविन्यास कार्यशालाओं सहित विभिन्न राज्यों के अध्यापकों, प्रमुख संसाधन व्यक्तियों और मास्टर प्रशिक्षकों के लिए विभिन्न कार्यशालाएँ और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

इसी दिशा में, प्रकोष्ठ द्वारा व्यावसायिक कौशल विकास, बुनियादी शिक्षा और सतत शिक्षा के क्षेत्रों को कवर करते हुए, मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता और महत्वपूर्ण जीवन-कौशल के लिए विभिन्न संसाधन सामग्री विकसित करने में मौजूदा विशेषज्ञता के साथ तालमेल विकसित करने की कल्पना की जाती है। नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, प्रकोष्ठ द्वारा विस्तृत दिशानिर्देश, हैंडबुक, ऑडियो-वीडियो कार्यक्रम, कहानी की किताबें, पोस्टर, पैम्फलेट, मोनोग्राफ आदि जैसी संसाधन सामग्री विकसित करने की योजना बनाई गई है।

2. मनोदर्पण प्रकोष्ठ

शिक्षा मंत्रालय की पहल 'मनोदर्पण' का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत अभियान के भाग के रूप में विद्यार्थियों के बीच मानसिक और भावनात्मक कल्याण की चिंताओं को दूर करना है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों, अध्यापकों और परिवारों को कोविड-19 और उसके बाद मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक कल्याण के लिए मनो-सामाजिक सहायता प्रदान करना भी है। मनोदर्पण पहल का उद्घाटन 21 जुलाई, 2020 को माननीय शिक्षा मंत्री द्वारा किया गया था।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा एक कार्यसमूह का गठन किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं की निगरानी और बढ़ावा देने के लिए शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और मनोविज्ञान के क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल थे। इस पहल के तहत परिकल्पित कार्य को आगे बढ़ाने के लिए, 14 अक्तूबर, 2020 को रा.शै.अ.प्र.प. में मनोदर्पण प्रकोष्ठ की स्थापना की गई, जिसमें अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूरु और एन.ई.आर.आई.ई., उमियम (मेघालय) में डी.ई.पी.एफ.ई., एन.आई.ई. और आर.आई.ई. के संकाय सदस्य शामिल थे। मनोदर्पण प्रकोष्ठ कार्यसमूह के सदस्यों के साथ, विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व के समर्थन के लिए कई गतिविधियाँ जारी है।

शिक्षा मंत्रालय की वेबसाइट पर बनाए गए मनोदर्पण वेबपेज (https://manodarpan.education.gov.in/) में विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों के लिए परामर्श और दिशानिर्देश, परामर्शदाताओं की निर्देशिका (जिसमें स्कूल और कॉलेज/विश्वविद्यालय स्तर दोनों के लगभग 350 परामर्शदाता शामिल हैं), प्रेरक पोस्टर, बार-बार पूछे

जाने वाले प्रश्न, 'मनतरंग' जैसी अन्य सहायक सामग्रियों के साथ, मनोदर्पण पहल के तहत की गई गतिविधियों का एक डिजिटल संकलन तैयार किया गया और वेबपेज पर अपलोड किया गया। हितधारकों तक पहुँचने का एक और कदम विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों को टोल-फ्री टेली-हेल्पलाइन (8448440632) के माध्यम से टेली-काउंसलिंग सेवाएँ प्रदान करना था। प्रशिक्षित परामर्शदाता जुलाई, 2020 से सुबह 8:00 बजे से रात 8:00 बजे तक स्वैच्छिक परामर्श सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं।

मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण से संबंधित चिंताओं पर विद्यार्थियों (कक्षा 6–12) के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार से शुक्रवार (शाम 5:00–5:30 बजे तक) कार्यरत सलाहकारों के साथ लाइव अंतरक्रियात्मक सत्र 'सहयोग' आयोजित किए जाते हैं। विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों के विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक कल्याण संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ प्रत्येक शुक्रवार (दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक) वेबिनार 'परिचर्चा' आयोजित की जाती है। ये सत्र पी.एम. ई-विद्या चैनलों पर प्रसारित होते हैं और रा.शै.अ.प्र.प. के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर भी उपलब्ध हैं।

3. हिंदी प्रकोष्ठ

हिंदी को 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के साथ ही संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार भारतीय संघ की राजभाषा घोषित किया गया और हिंदी के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी भारत सरकार को सौंपी गई। राजभाषा अधिनियम, 1963 के अधिनियमन के परिणामस्वरूप, भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा राजभाषा के रूप में हिंदी के प्रयोग के आदेश लगातार जारी किए जाते हैं। हिंदी को राजभाषा बनाए जाने के बाद राजभाषा नियम, 1976 लागू किए गए। परिषद् के दैनिक कार्यों में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं उसके समुचित क्रियान्वयन हेतु रा.शै.अ.प्र.प. में हिंदी प्रकोष्ठ की स्थापना की गई।

हिंदी प्रकोष्ठ द्वारा हिंदी को राजभाषा के रूप में बढ़ावा देने के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेशों, नियमों और संकल्पों का पालन करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाते हैं। यह परिषद् के प्रशासनिक कार्यों में समय-समय पर इन आदेशों, निर्देशों आदि का अनुपालन भी सुनिश्चित करता है।

II. केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.)

रा.शै.अ.प्र.प. की एक घटक इकाई के रूप में केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.), वर्ष 1984 में शैक्षणिक प्रौद्योगिकी केंद्र और शिक्षण सहायता विभाग के विलय के साथ अस्तित्व में आया। सी.आई.ई.टी. शैक्षिक प्रौद्योगिकी का एक अग्रणी राष्ट्रीय संस्थान है। इसका मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक प्रौद्योगिकियों, जैसे– रेडियो, टी.वी., फिल्मों, सेटेलाइट संचार और साइबर मीडिया के उपयोग को अलग-अलग या संयोजन में बढ़ावा देना है। संस्थान शैक्षिक अवसरों को बढ़ाने, साम्यता को बढ़ावा देने और स्कूल स्तर पर शैक्षिक प्रक्रियाओं की गुणवत्ता में सुधार करने हेतु गतिविधियाँ करता है। संस्थान में चार प्रमुख विभाग हैं— सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी विभाग और प्रशिक्षण प्रभाग (डी.आई.सी.टी. और टी.डी.), योजना और अनुसंधान प्रभाग (पी.आर.डी.), मीडिया उत्पादन प्रभाग (एम.पी.डी.) और अभियांत्रिकी प्रभाग (ई.डी.)।

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी विभाग और प्रशिक्षण प्रभाग विद्यार्थियों और अध्यापकों के लिए मल्टीमीडिया सामग्री के निर्माण, शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया में आई.सी.टी. के उपयोग पर प्रशिक्षण प्रदान करने और अध्यापकों, अध्यापक-प्रशिक्षकों और अन्य हितधारकों के लिए शिक्षा में आई.सी.टी. के लिए अनुसंधान पद्धति आदि में सहायक है। शिक्षा में आई.सी.टी. के उपयोग पर संकाय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाता है जिसमें ओपन-सोर्स सामग्री का विकास और उपयोग आदि शामिल हैं। यहाँ शिक्षा और उनके प्रसार में आई.सी.टी. में नवाचारों की

सुविधा भी प्रदान की जाती है। प्रभाग का आदर्श वाक्य देश के कोने-कोने में स्कूलों, विद्यार्थियों और अध्यापकों के बीच आई.सी.टी. संसाधनों का विस्तार, सी.आई.ई.टी. और रा.शै.अ.प्र.प. वेबसाइटों और अन्य वेब अनुप्रयोगों को निरंतर अद्यतन बनाना और उनका रखरखाव करना है। पी.आर.डी. योजना, संचालन और अनुसंधान को प्रसारित करने से संबंधित गतिविधियों का कार्य करता है। यह नये कार्यक्रम प्रस्तावों के विकास हेतु प्रक्रियाओं की देखरेख, सी.आई.ई.टी. के संस्थागत सलाहकार बोर्ड (आई.ए.बी.); रा.शै.अ.प्र.प. की कार्यक्रम सलाहकार समिति (पी.ए.सी.) और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के परियोजना सलाहकार बोर्ड जैसे निकायों से उनकी मंजूरी और अंततः अनुमोदित कार्यक्रमों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने के अलावा रा.शै.अ.प्र.प. मुख्यालय और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार गतिविधियों के समन्वय के साथ सी.आई.ई.टी. की शैक्षिक गतिविधियों की मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक रिपोर्टों को संकलित और साझा करने में भी शामिल रहा है।

मीडिया उत्पादन प्रभाग (एम.पी.डी.) का प्राथमिक अधिदेश स्कूल जाने वाले बच्चों (बुनियादी से माध्यमिक चरण तक) और अध्यापकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक ऑडियो-वीडियो कार्यक्रमों का उत्पादन करना है। एक बार जब कार्यक्रम तैयार हो जाते हैं और विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों द्वारा गहन पूर्वावलोकन से गुजरने के बाद उन्हें अंतिम रूप दिया जाता है और इसके बाद कार्यक्रमों को कक्षा 1–12 के लिए पी.एम. ई-विद्या डी.टी.एच. टी.वी. चैनलों और रेडियो स्टेशनों आदि पर प्रसारण सहित ऑफलाइन और ऑनलाइन विधि के माध्यम से प्रसार के लिए पैक किया जाता है। पाठ्यक्रम आधारित वीडियो कार्यक्रमों के समान, ऑडियो कार्यक्रम भी विकसित किए जाते हैं जो अखिल भारतीय रेडियो स्टेशनों, ज्ञानवाणी, एफ.एम. रेडियो चैनलों, सामुदायिक रेडियो स्टेशनों और आई-रेडियो के माध्यम से प्रसारित किए जाते हैं। ये कार्यक्रम विद्यार्थियों, अध्यापकों के साथ-साथ आम जनता के लिए सी.डी./डी.वी.डी. प्रारूपों पर भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा, सभी पाठ्यक्रम आधारित वीडियो कार्यक्रमों को दीक्षा पोर्टल और मोबाइल ऐप से भी देखा जा सकता है।

अभियांत्रिकी प्रभाग (ई.डी.) का प्राथमिक अधिदेश सी.आई.ई.टी. को अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए संस्थान को आधुनिक और नवीनतम तकनीकों से सुसज्जित करना है। अभियांत्रिकी प्रभाग (ई.डी.), सी.आई.ई.टी. का एक महत्वपूर्ण प्रभाग है क्योंकि इसका मुख्य उद्देश्य संस्थान को आधुनिक और नवीनतम तकनीकों से समृद्ध करना है, ताकि सी.आई.ई.टी. को अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सके। अभियांत्रिकी प्रभाग द्वारा जरूरत के मुताबिक उपकरण खरीदे जाते हैं और उनका रखरखाव भी किया जाता है। सी.आई.ई.टी. में अत्याधुनिक उत्पादन सुविधाएँ हैं और निरंतर उन्नयन और उपकरणों के उचित रखरखाव के कारण गुणवत्ता वाले उत्पादों का उत्पादन किया जाता है। सी.आई.ई.टी. स्कूल और अध्यापक प्रशिक्षण कॉलेजों में पढ़ाए और सीखे गए सभी विषयों को कवर करते हुए ई-सामग्री (ऑडियो/वीडियो/मल्टीमीडिया या एनीमेशन) बनाने का आशय रखता है और ऑफलाइन व ऑनलाइन (एयर, वेब और मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म) दोनों तरीकों का उपयोग करते हुए उनका प्रसार करता है। हमारा लक्ष्य ऑगमेंटेड रियलिटी-वर्चुअल रियलिटी (ए.आर.वी.आर.) जैसी नवीनतम तकनीकों का उपयोग करते हुए इस देश के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।

III. पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान, भोपाल

पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई.) व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में एक शीर्ष अनुसंधान और विकास संगठन है। यह राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की एक घटक इकाई है, जिसे 1993 में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया था। इसमें पाँच केंद्रों के साथ छह शैक्षणिक विषय, नामत: कृषि और पशुपालन, व्यापार और वाणिज्य, अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी,

स्वास्थ्य और पैरामेडिकल विज्ञान, गृह विज्ञान एवं आतिथ्य प्रबंधन और मानविकी, विज्ञान, शिक्षा और अनुसंधान शामिल हैं।

संस्थान भारत में एक यू.एन.ई.वी.ओ.सी. (अंतरराष्ट्रीय तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा परियोजना) नेटवर्क केंद्र भी है, जो यूनेस्को-यू.एन.ई.वी.ओ.सी. अंतरराष्ट्रीय केंद्र, बॉन, जर्मनी के साथ संचार सहित सभी गतिविधियों का समन्वय करता है। केंद्र नेटवर्क के माध्यम से वी.ई.टी. के सभी पहलुओं से संबंधित ज्ञान और अनुभव साझा करता है, देश के अनुभवों का आदान-प्रदान करता है और सामान्य सार्थकता के मुद्दों पर चर्चा करता है।

संस्थान का दृष्टिकोण वर्तमान और भविष्य के कार्यबल की कौशल आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण प्रणाली को मजबूत करने के लिए एक अग्रणी संगठन बनना है। इसके लिए संस्थान विभिन्न श्रेणियों, जैसे– विकास, प्रशिक्षण, अनुसंधान और मूल्यांकन तथा विस्तार गतिविधियों के तहत विविध क्षेत्रों में कार्य कर रहा है। यह राष्ट्रीय विकास हेतु मानव संसाधन की जरूरतों को पूरा करने तथा रोज़गार की सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु व्यावसायिक शिक्षा के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति के लिए शैक्षणिक और तकनीकी सहायता प्रदान करता है। यह संस्थान कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों, जैसे– यू.एन.ई.वी.ओ.सी., सी.बी.एस.ई., एन.आई.ओ.एस, एन.एस.डी .सी., एस.एस.सी, राज्य बोर्डों आदि के साथ मिलकर कार्य करता है।

संस्थान का लक्ष्य व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण को बढ़ावा देना, देश के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ाना; प्रणालीगत नीतिगत हस्तक्षेपों के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण प्रणाली की गुणवत्ता बढ़ाना; रोज़गारपरकता की प्रदायगी और 21वीं सदी के कौशल प्रदान करके आजीवन सीखने को बढ़ावा देना; स्कूल में व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए व्यावसायिक अध्यापकों के व्यावसायिक विकास के लिए कार्यक्रमों को डिजाइन और प्रस्तुत करना; और वी.ई.टी. उत्पादों और सेवाओं की प्रदायगी के लिए संगठनों, संस्थानों और एजेंसियों के साथ सहक्रियात्मक साझेदारी और नेटवर्किंग को बढ़ाना है।

संस्थान की अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की कार्यनीतियों में एन.एस.क्यू.एफ. (कक्षा 9 से 12) के लिए सीखने के प्रतिफल आधारित पाठ्यक्रम का विकास करना; व्यावसायिक शिक्षा में अनुसंधान का संचालन और उसे प्रोत्साहन देना; विभिन्न हितधारकों के प्रशिक्षण की जरूरतों को पूरा करने के लिए कई दृष्टिकोण विकसित करना; व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ नेटवर्किंग करना; व्यावसायिक शिक्षा को लोकप्रिय बनाना; रोज़गार के कौशल प्रदान करना और बेहतर रोज़गार के अवसर सुनिश्चित करने हेतु विद्यार्थी सहायता प्रणाली की स्थापना करना; व्यावसायिक अध्यापकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए संस्थान की पहुँच बढ़ाना और तंत्र स्थापित करना; शिक्षा के सभी स्तरों पर व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण में पहुँच, दक्षता और साम्यता में सुधार करने वाले व्यावसायिक कौशल को पूरा करना और सूचना जमा करना, उसका रखरखाव और उसे प्रसारित करना तथा व्यापक रूप से समाज में व्यावसायिक शिक्षा को लोकप्रिय बनाना है।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा परिषद् को पाठ्यचर्या और पाठ्यक्रम सामग्री तैयार करने का अधिदेश दिया गया है, इसलिए संस्थान ने अर्थव्यवस्था के 19 अलग-अलग क्षेत्रों, जैसे– रिटेल, ऑटोमोबाइल, सुरक्षा, मीडिया और मनोरंजन, यात्रा और पर्यटन, कृषि, स्वास्थ्य देखभाल आदि में कक्षा 9 से 12 के लिए व्यावसायिक विषयों (कार्यभूमिका) हेतु पाठ्यचर्या और पाठ्यक्रम सामग्री का विकास किया है। शिक्षा मंत्रालय ने रा.शै.अ.प्र.प. को एन.एस.क्यू.एफ. पाठ्यक्रमों के पाठ्यक्रम और कोर्सवेयर के विकास का अधिदेश प्रदान किया है। इसे सभी राज्यों के लिए अनिवार्य बनाया गया है कि उन्हें पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल द्वारा विकसित पाठ्यचर्या और पाठ्यक्रम सामग्री का पालन करना होगा। संस्थान एन.एस.क्यू.एफ. के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्य के मुख्य पदाधिकारियों के क्षमता निर्माण और अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए भी जिम्मेदार है।

IV. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान

अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूरु और उमियम में स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.) अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के अध्यापकों या अध्यापक-प्रशिक्षकों की शैक्षिक आवश्यकताओं (सेवा-पूर्व तथा सेवाकालीन शिक्षा) को पूरा करते हैं। विद्यालयी अध्यापकों को विभिन्न विद्यालयी विषयों के अध्यापन हेतु सेवा-पूर्व व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा हेतु क्षेत्रीय संसाधन संस्थानों के रूप में कार्य करते हैं; राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को नीतियों को क्रियान्वित करने में अपेक्षित सहायता देते हैं और केंद्र प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन, अनुवीक्षण और मूल्यांकन हेतु सहायता प्रदान करते हैं।

आर.आई.ई. के प्रमुख शैक्षणिक कार्य निम्नलिखित हैं— नवाचारात्मक सेवा-पूर्व शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अभिकल्पन तथा उनका क्रियान्वयन करना; क्षेत्र में राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के डी.आई.ई.टी., सी.टी.ई., आई.ए.एस.ई. तथा एस.सी.ई.आर.टी. के कर्मचारी वर्ग तथा अन्य शैक्षिक पदाधिकारियों के क्षमता निर्माण हेतु शिक्षा जारी रखने अथवा सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना; विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा से संबंधित मामलों पर अनुसंधान और विकास गतिविधियाँ आयोजित करना; विद्यालयी शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा से संबंधित मामलों पर परामर्श सेवाएँ उपलब्ध कराना; क्षेत्र में राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा को शैक्षिक समर्थन प्रदान करना; और क्षेत्र में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन, निगरानी तथा मूल्यांकन में सहायता प्रदान करना, उनका क्षेत्रगत परीक्षण करना तथा उनका मूल्यांकन करने में राज्यों की सहायता करना और पाठ्यचर्या सामग्री, पाठ्यपुस्तकों तथा अनुदेशात्मक सामग्री आदि को तैयार करना।

सेवा-पूर्व अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के मुख्य कार्यों में से एक कार्य नवाचारात्मक सेवा-पूर्व अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रमों को तैयार करना तथा उन्हें प्रचालनरत करना है अर्थात अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर तथा मैसूरु और उमियम स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी की शिक्षा में चार वर्षीय समेकित बी.ए. बी.एड. पाठ्यक्रम, विज्ञान शिक्षा में बी.एससी. बी.एड. या बी.एससी.एड., विज्ञान तथा मानविकी में दो वर्षीय बी.एड. (माध्यमिक) पाठ्यक्रम, प्रारंभिक शिक्षा में एक वर्षीय एम.एड. पाठ्यक्रम और मार्गदर्शन तथा परामर्श में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी.जी.डी.जी.सी.)। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों में पीएच.डी. कार्यक्रम के लिए सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं। चार वर्षीय समेकित बी.ए. बी.एड. और बी.एससी. बी.एड. या बी.एससी.एड. पाठ्यक्रम में गुणवत्ता पर मुख्य बल दिया गया है अर्थात विषय-सामग्री, प्रक्रिया, शिक्षणशास्त्र तथा सह-पाठ्यचर्यात्मक क्रियाकलापों में सुविज्ञता प्राप्त अच्छे अध्यापक तैयार करना। अध्यापक शिक्षा में एक वर्षीय एम.एड. (प्रारंभिक शिक्षा) पाठ्यक्रम में प्रारंभिक शिक्षा के मुद्दों और सरोकारों पर तथा अनुसंधान आधारित निविष्टियों पर समुचित बल दिया जाता है। पाठ्यक्रम के विद्यार्थी अध्यापक प्रारंभिक शिक्षा के विभिन्न प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में अनुसंधान अध्ययन करते हैं। विज्ञान तथा मानविकी में दो वर्षीय बी.एड. (माध्यमिक) पाठ्यक्रम एन.सी.टी.ई. के दिशानिर्देशों पर आधारित एक प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम है।

1. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.), अजमेर

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर की स्थापना वर्ष 1963 में हुई थी, जिसे बाद में वर्ष 1995 में क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.), अजमेर नाम दिया गया। यह उत्तरी क्षेत्र के शैक्षिक हितों की देखभाल करता है जिसमें हरियाणा,

हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र शामिल हैं। यह एम.डी.एस. विश्वविद्यालय, अजमेर से संबद्ध है और इसके पाठ्यक्रम एन.सी.टी.ई., नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। संबद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में प्रबंधन समिति अकादमिक हित के मामलों पर सलाहकार की भूमिका निभाती है। संस्थान को वर्ष 2017–18 में एन.ए.ए.सी. द्वारा 'ए+' ग्रेड से मान्यता दी गई है। संस्थान ने हाल ही में एन.ए.ए.सी को पुनः मान्यता के लिए अपनी एस.एस.आर. रिपोर्ट सौंपी है। संस्थान महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर से संबद्ध है और कार्यक्रम अधिगम प्रतिफल (पी.एल.ओ.) और पाठ्यक्रम/गतिविधि सीखने के प्रतिफल (सी.एल.ओ.) की उपलब्धि पर महत्वपूर्ण जोर देने के साथ बी.एससी. बी.एड., बी.ए.बी.एड., बी.एड., एम.एड. और मार्गदर्शन और परामर्श में डिप्लोमा जैसे कार्यक्रम और पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

देश के उत्तरी क्षेत्र के शिक्षा के एक उन्नत और अग्रणी संस्थान के रूप में, यहाँ नवीन सेवा-पूर्व कार्यक्रमों को चलाने का प्रयास किया जाता है और अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाता है, निर्देशात्मक सामग्री का विकास किया जाता है और विभिन्न स्कूल विषयों में सेवारत अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है और उन्हें संचालित करने के तरीके बताए जाते हैं। स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा पर एक क्षेत्रीय संसाधन संस्थान के रूप में, यह राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को एक सहायता प्रणाली प्रदान करता है और राज्य स्तर की एजेंसियों को शिक्षा के बेहतर तरीकों, अभ्यासों और पैटर्न से संबंधित जानकारी का दस्तावेज़ीकरण और प्रसार किया जाता है। संस्थान शिक्षा के राज्य विभागों को स्कूली शिक्षा के सभी पहलुओं से संबंधित नीतियों और कार्यक्रमों पर सलाह देता है और शिक्षा मंत्रालय और रा.शै.अ.प्र.प. मुख्यालय से शुरू होने वाली राष्ट्रीय स्तर की नीतियों और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करता है। संस्थान मुख्य रूप से अनुसंधान, विकास और प्रशिक्षण के क्षेत्रों में विशिष्ट परियोजनाओं के द्वारा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और रा.शै.अ.प्र.प., डी.आई.ई.टी., आई.ए.एस.ई., सी.टी.ई. आदि जैसे जिला स्तर के अध्यापक शिक्षा संस्थानों की क्षमता निर्माण का लक्ष्य रखता है।

2. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.), भोपाल

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल पहले क्षेत्रीय शिक्षा कॉलेज के रूप में जाना जाता था। इसे 1963 में रा.शै.अ.प्र.प. के एक संघटक के रूप में स्थापित किया गया। यह देश के पश्चिमी क्षेत्र की स्कूली शिक्षा से संबंधित सेवा-पूर्व और सेवाकालीन जरूरतों को पूरा करने के लिए जाना जाता है, जिसमें मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ , गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, दमन और दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली शामिल हैं। संस्थान विज्ञान, गणित, अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान में माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों को तैयार करने के लिए एम.एड., बी.एड. कार्यक्रम और बी.ए.एड. और बी.एससी.एड. के चार वर्षीय समेकित अध्यापक तैयार करने के कार्यक्रम प्रस्तावित करता है। यह अध्यापकों, अध्यापक-प्रशिक्षकों और अन्य स्कूल पदाधिकारियों की व्यावसायिक विकास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सेवाकालीन कार्यक्रम भी प्रस्तावित करता है। इसके अलावा, इसमें शिक्षक परामर्शदाता तैयार करने के लिए मार्गदर्शन और परामर्श में डिप्लोमा पर एक साल का कार्यक्रम भी है। संस्थान डिग्री प्रदान करने के लिए बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल से संबद्ध है।

यह सामान्य रूप से शिक्षा और विशेष रूप से स्कूल और अध्यापक शिक्षा में प्रशिक्षण, अनुसंधान और विकास कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक क्षेत्रीय संस्थान के रूप में कार्य करता है। इसकी भूमिका में विज्ञान और गणित शिक्षा, भौतिक विज्ञान, जैविक विज्ञान, गणित) सामाजिक विज्ञान और भाषाएँ और शिक्षक शिक्षा के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण अध्यापकों को तैयार करना; स्कूली शिक्षा से संबंधित अध्यापकों, अध्यापक-प्रशिक्षकों, पर्यवेक्षकों और प्रशासकों के लिए सेवा कार्यक्रम आयोजित करना; नवीन प्रयोगों को आजमाने के लिए संस्थान

की प्रयोगशाला के रूप में काम करने के लिए एक मॉडल प्रायोगिक बहुउद्देशीय स्कूल (डी.एम.एस.) चलाना; और राज्य/जिला और शिक्षक शिक्षा संस्थानों जैसे अनुसंधान, प्रशिक्षण, विकास और विस्तार के क्षेत्रों में एस.सी.ई.आर.टी., डी.आई.ई.टी./सी.टी.ई. और आई.ए.एस.ई. की क्षमता निर्माण हेतु क्षेत्र के राज्यों के लिए एक सहायता प्रणाली के रूप में कार्य करना और रा.शै.अ.प्र.प. या भारत सरकार द्वारा शुरू की गई स्कूली शिक्षा के विभिन्न पहलुओं से संबंधित नीतियों और कार्यक्रमों पर राज्य के शिक्षा विभागों को सलाह देना शामिल है

3. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.), भुवनेश्वर

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भुवनेश्वर द्वारा ओडिशा, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की स्कूली शिक्षा से संबंधित सेवा-पूर्व और ओडिशा, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की सेवाकालीन आवश्यकताओं को पूरा किया जाता है। संस्थान द्वारा एन.सी.टी.ई के अनुमोदन के बाद उत्कल विश्वविद्यालय से संबद्धता के तहत निम्नलिखित नियमित सेवा-पूर्व पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं— 1. चार वर्षीय समेकित बी.एस-सी. बी.एड., 2. चार वर्षीय समेकित बी.ए.बी.एड., 3. दो वर्षीय बी.एड., 4. दो वर्षीय एम.एड. और 5. शिक्षा में एक वर्षीय एम.फिल.। इसके अलावा, संस्थान द्वारा दूरस्थ सह नियमित विधि से परामर्श और सलाह पर एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। संस्थान उत्कल विश्वविद्यालय के पूर्व पीएच.डी. शिक्षा पाठ्यक्रम के नोडल केंद्र के रूप में भी कार्य करता है।

आर.आई.ई., भुवनेश्वर का मुख्य कार्य अध्यापक शिक्षा और शैक्षिक अनुसंधान के एक संस्थान के रूप में कार्य करना है, इसके अलावा शिक्षक प्रशिक्षण, नए शैक्षणिक क्षेत्र की संकल्पनाओं में कौशल विकास के क्षेत्रों में क्षेत्र के एस.सी.ई.आर.टी., आई.ए.एस.ई., सी.टी.ई. और डी.आई.ई.टी. का क्षमता निर्माण करना; कार्यनीतिक संस्थागत और कक्षा प्रबंधन तकनीक, सामग्री उत्पादन, पाठ्यक्रम नवीनीकरण, निगरानी और शैक्षिक अनुसंधान; समग्र शिक्षा जैसी केंद्र प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन में सहायता करना; चार वर्षीय समेकित बी.एससी.बी.एड. और बी.ए.बी.एड. पाठ्यक्रम, दो वर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम, दो वर्षीय एम.एड. पाठ्यक्रम के माध्यम से नवीन सेवा-पूर्व शिक्षक तैयारी कार्यक्रमों को संकल्पित करना और आजमाना; समावेशी शिक्षा, जेंडर संवेदनशीलता, बहु-कक्षा शिक्षण, विशेष शिक्षा आदि के विशेष संदर्भ में पाठ्यचर्या सामग्री, पाठ्यपुस्तकों, अनुदेशात्मक सामग्रियों के विकास, क्षेत्र-परीक्षण और मूल्यांकन और प्रशिक्षण पैकेज की तैयारी में राज्यों की सहायता करना; रा.शै.अ.प्र.प. के एक क्षेत्रीय केंद्र के रूप में कार्य करना और क्षेत्र और राज्य विशिष्ट आवश्यकता आधारित कार्यक्रमों को डिजाइन करने के अलावा रा.शै.अ.प्र.प. की नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करना; शैक्षिक अनुसंधान सहित स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के लिए क्षेत्रीय संसाधन संस्थान के रूप में कार्य करना; स्कूली शिक्षा में उनकी जरूरतों के अनुसार पूर्वी क्षेत्र और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में ग्राहक राज्यों को अकादमिक सहायता प्रदान करना; नवाचारी कक्षा अभ्यासों का दस्तावेज़ीकरण और प्रसार करना।

4. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.), मैसूरु

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, मैसूरु (पूर्व में क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय) की स्थापना 1 अगस्त, 1963 को हुई थी। यह नवाचारी सेवा-पूर्व और सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूली शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाने और दक्षिणी राज्यों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के मुख्य उद्देश्य से शुरू किया गया था।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, मैसूरु ने स्वयं को स्कूल और अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित संस्थान के रूप में स्थापित किया है। संस्थान ने देश और दक्षिणी क्षेत्र के शैक्षिक परिदृश्य में बदलाव से उत्पन्न जिम्मेदारियों और चुनौतियों को वहन करने का प्रयास किया है। सेवा-पूर्व शिक्षा से सेवाकालीन शिक्षा पर अपना ध्यान केंद्रित

करने में एक बड़े बदलाव के बाद, संस्थान 1995 से क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान के रूप में कार्य कर रहा है। संस्थान के सेवा-पूर्व अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम मैसूर विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं और दक्षिण भारतीय राज्यों, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और संघ राज्य क्षेत्रों पुदुच्चेरी और लक्षद्वीप की जरूरतों को पूरा करते हैं। स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा में नवीन अभ्यासों को आजमाने के लिए एक प्रयोगशाला के रूप में आर.आई.ई., मैसूरु से एक मॉडल प्रायोगिक बहुउद्देशीय स्कूल (डी.एम.एस.) जुड़ा हुआ है। इनका उपयोग विभिन्न विषय क्षेत्रों में योग्य अध्यापकों और अध्यापक-प्रशिक्षकों को तैयार करने के लिए संस्थानों के प्रशिक्षुओं के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए भी किया जाता है।

संस्थान का मुख्य कार्य सेवाकालीन और सेवा-पूर्व दोनों प्रकार के अध्यापकों को प्रशिक्षित करना है; स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के लिए मानवीय और चिंतनशील प्रैक्टिशनरों को तैयार और प्रशिक्षित करना जो समावेशी व्यवस्थाओं का प्रबंधन करने में सक्षम हों; दक्षिणी क्षेत्र के विशेष संदर्भ में अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण और विस्तार सहित स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का केंद्र बनना; संवैधानिक मूल्यों और समकालीन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना; अध्यापन-अधिगम में वर्तमान रुझानों और स्कूली शिक्षा की उभरती माँगों पर जोर देते हुए अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना; विभिन्न शैक्षिक योजनाओं के निर्माण और कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के साथ सहयोग करना; स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों को आवश्यकता आधारित शैक्षणिक सहायता प्रदान करना और स्कूल और अध्यापक शिक्षा के मामले में सहकर्मी संस्थानों के साथ पारस्परिक समर्थन का नेटवर्क बनाना और बनाए रखना।

संस्थान में वर्तमान में मैसूरु विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित संशोधित पाठ्यक्रम के साथ सेवा-पूर्व कार्यक्रमों को चलाया जाता है। संस्थान बी.एससी.बी.एड., बी.ए.बी.एड. के चार वर्षीय समेकित कार्यक्रम, भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित में एम.एससी.एड. के छह वर्षीय समेकित कार्यक्रम, दो वर्षीय बी.एड. और एम.एड. कार्यक्रम चला रहा है। इन सभी कार्यक्रमों में विकल्प आधारित क्रेडिट सिस्टम शुरू किया गया है। संस्थान एक संपर्क-सह-दूरस्थ शिक्षा विधि कार्यक्रम, मार्गदर्शन और परामर्श में डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी प्रदान कर रहा है। संस्थानों के विज्ञान और गणित शिक्षा विभाग (डी.ई.एस.एम.) को अनुसंधान कार्यक्रमों के केंद्र के रूप में मान्यता प्राप्त है। वर्तमान में संस्थान में 60 विद्यार्थी पीएच.डी. कर रहे हैं।

संस्थान शिक्षक प्रशिक्षण और शैक्षिक अनुसंधान के लिए एक मॉडल संस्थान के रूप में कार्य करता है। इसके अलावा शिक्षक प्रशिक्षण, नई शैक्षणिक संकल्पनाओं के कक्षा अनुप्रयोग के लिए कौशल विकास के क्षेत्रों में क्षेत्र के एस.सी.ई.आर.टी., आई.ए.एस.ई., सी.टी.ई. और डी.आई.ई.टी. के संकाय के लिए क्षमता निर्माण कार्य; अनुदेशात्मक कार्यनीतियाँ और कक्षा प्रबंधन तकनीकें; सामग्री उत्पादन, पाठ्यक्रम नवीनीकरण; निगरानी और पाठ्यपुस्तक मूल्यांकन तथा शैक्षिक अनुसंधान करता है। यह विज्ञान शिक्षा, नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार, शैक्षिक प्रौद्योगिकी, समग्र शिक्षा, जनसंख्या शिक्षा, जेंडर संवेदनशीलता, मध्याह्न भोजन, कंप्यूटर शिक्षा और विद्यालय शिक्षा के लिए पर्यावरण अभिविन्यास जैसी केंद्र सरकार प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन में सहायता करता है।

5. पूर्वोत्तर क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (एन.ई.आर.आई.ई.), उमियम, मेघालय

पूर्वोत्तर राज्यों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु 1995 में मेघालय राज्य की राजधानी शिलांग में पूर्वोत्तर क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान की स्थापना की गई थी जिसमें असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा शामिल हैं। संस्थान पूर्वोत्तर क्षेत्र में सक्रिय संगठन की भूमिका निभाकर स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनने के लिए तैयार है। संस्थान का लक्ष्य क्षेत्र में मानव संसाधन विकास

की सुविधा देने का है, ताकि राज्य अध्यापक शिक्षा के साथ-साथ स्कूल के सभी पक्षों में गुणवत्तापूर्ण निवेश देने में सक्षम बन सकें। एन.ई.आर.आई.ई. का दृष्टिकोण क्षेत्र में मानव संसाधनों के विकास को सुविधाजनक बनाना है ताकि राज्य स्कूल के साथ-साथ अध्यापक शिक्षा के सभी पहलुओं में गुणवत्तापूर्ण इनपुट प्रदान करने में सक्षम हो सकें। संस्थान सभी पूर्वोत्तर राज्यों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुसंधान, विकास और सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाता है। यह भारत सरकार की सभी केंद्र प्रायोजित योजनाओं और प्रमुख शैक्षिक कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है।

संस्थान मुख्य रूप से राज्य और जिला स्तर के संसाधन संस्थानों/अध्यापक शिक्षा संस्थानों और क्षेत्र में स्थित राज्यों के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्डों के अनुसंधान, विकास और प्रशिक्षण हेतु क्षमता निर्माण के लिए काम करता है। संस्थान स्वयं को इसमें शामिल करने का आशय रखता है— (i) भारत सरकार और रा.शै.अ.प्र.प. के कार्यक्रमों का प्रचार और समर्थन, (ii) पूर्वोत्तर में स्कूली शिक्षा का विकास, (iii) शिक्षा पर राष्ट्रीय नीति, 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखाओं, अध्यापकों के व्यावसायिक विकास, शिक्षा के सामाजिक और सांस्कृतिक आयामों पर शोध के आलोक में शिक्षा, विज्ञान और गणित शिक्षा में भाषा के क्षेत्रों में एक अलग प्रकार की व्यावसायिक पहचान का विकास आदि।

एन.ई.आर.आई.ई. ने सत्र 2015–16 से अपना दो वर्षीय नियमित पूर्णकालिक बी.एड. पाठ्यक्रम शुरू किया है। पाठ्यक्रम को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई.) द्वारा अनुमोदित किया गया है और पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय (एन.ई.एच.यू.), शिलांग से विधिवत संबद्ध किया गया है। इसके अलावा, यह मिश्रित मोड में बी.एड. पाठ्यक्रम, मार्गदर्शन और परामर्श (डी.सी.जी.सी.) में एक वर्ष का डिप्लोमा पाठ्यक्रम और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ई.सी.सी.ई.) में छह महीने का प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम प्रदान करता है। क्षेत्र की अनोखी जनसांख्यिकीय, भौगोलिक और अन्य विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए, एन.ई.आर.आई.ई. की विशिष्ट विशेषताएँ शिक्षा और प्रशिक्षण की पारंपरिक आमने-सामने की प्रणाली के अलावा अधिगम और प्रशिक्षण के दूरस्थ मोड द्वारा चिह्नित इसकी कार्यप्रणाली है। यह बड़ी संख्या में ग्राहकों के लिए इसे सुलभ बनाकर प्रशिक्षण की प्रदायगी के विकेंद्रीकरण की दिशा में एक कदम हैं। इस उद्देश्य के लिए संस्थान पूर्वोत्तर राज्यों के एस.सी.ई.आर.टी. और सी.आई.ई.टी., रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली के साथ नेटवर्क करता है। संस्थान पूर्वोत्तर क्षेत्र की जातीय/सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने के लिए सभी प्रयास करता है।

V. प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय

अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूरु स्थित प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय (डिमॉन्सट्रेशन मल्टीपरपज़ स्कूल) क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों का एक अभिन्न अंग हैं जो विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा में नवाचारों का प्रयास करने के लिए प्रयोगशालाओं के रूप में कार्य करते हैं। प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.), नई दिल्ली के साथ संबद्ध हैं तथा कक्षा 1–12 तक हिंदी और अंग्रेज़ी माध्यम से शिक्षा प्रदान करते हैं। इन विद्यालयों में संस्थान के अध्यापक-प्रशिक्षकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

1. प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय, अजमेर

प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय (डी.एम.एस.) की स्थापना 1964 में क्षेत्रीय शिक्षा कॉलेज (अब क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान), अजमेर के नियंत्रणाधीन गतिनिर्धारण संस्थान के रूप में देश में स्कूली शिक्षा के सुधार के लिए नवाचारी विचारों और प्रयोगों को आजमाने के लिए की गई थी। यह सी.बी.एस.ई. से संबद्ध एक सह-शिक्षा विद्यालय है और यहाँ पूर्व-प्राथमिक से लेकर बारहवीं तक के 700 से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जाती है। उच्चतर माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों को मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य और व्यावसायिक विषय उपलब्ध हैं। संस्थान एक

समर्पित पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, एक कंप्यूटर कक्ष और मल्टीमीडिया सी.डी/डी.वी.डी. संसाधनों के व्यापक संकलन जैसी विशिष्ट सुविधाओं से सुसज्जित है।

2. प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय, भोपाल

प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय, भोपाल 1965 में अस्तित्व में आया, जो सी.बी.एस.ई के साथ संबद्ध है। स्कूल में समाज के सभी वर्गों के बच्चों को प्रवेश की सुविधा देने के लिए स्थानीय रूप से यादृच्छिक कंप्यूटर ड्रॉ के जरिए बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिया जाता है। यह स्कूली शिक्षा में सक्रिय अनुसंधान और नवाचारी प्रयोगों के लिए एक प्रयोगशाला के रूप में कार्य करता है। यहाँ विद्यार्थियों को अवलोकन करके सीखने और इंटर्नशिप कार्यक्रम के जरिए अध्यापन में भाग लेने के अवसर प्रदान किए जाते हैं। यह स्कूल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के साथ संबद्ध है। स्कूल में पृथक प्राथमिक स्कंध है। स्कूल में सुसज्जित विज्ञान प्रयोगशालाएँ और कंप्यूटर केंद्र हैं।

3. प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय, भुवनेश्वर

प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय, आर.आई.ई. भुवनेश्वर स्कूल शिक्षा के प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित अनुसंधान और विकास में भाग लेकर भारत के पूर्वी क्षेत्र में एक गति तय करने वाले स्कूल के रूप में कार्य करता है और ज्यादातर क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भुवनेश्वर के शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रमों के केंद्र के रूप में कार्य करता है। इस विद्यालय में समाज के सभी वर्गों के छात्र-छात्राएँ आते हैं। यहाँ, पूर्व-प्राथमिक, कक्षा 1 और कक्षा 6 (अतिरिक्त खंड) में प्रवेश यादृच्छिक चयन द्वारा किया जाता है। इन 25 विद्यार्थियों को 3–4 वर्ष में और 4–5 वर्ष के आयु वर्ग में, 45 विद्यार्थियों को कक्षा 1 में और 35 विद्यार्थियों को कक्षा 6 में प्रवेश दिया गया है। स्कूल के विद्यार्थियों को कक्षा 11 (विज्ञान, वाणिज्य और कला वर्ग) में प्रवेश के लिए प्राथमिकता दी जाती है। इस स्कूल में 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों को योग्यता के आधार पर प्रवेश दिया जाता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से हमारे विद्यार्थियों ने आई.आई.टी., एन.आई.एस.ई.आर. और आई.आई.एस.ई.आर. जैसे राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी योग्यता साबित की है। स्कूल के उत्पादों से चिकित्सा, इंजीनियरिंग, कानून, शिक्षा, खेल, मॉडलिंग, फिल्म, नौकरशाही और आध्यात्मिक संस्थानों के क्षेत्र में देश और दुनियाभर में बहुत प्रशंसा अर्जित की गई है।

4. प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय, मैसूरु

प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय, मैसूरु संस्थान की नई कार्यनीतियों के साथ प्रयोग करने और उन्हें आजमाने तथा अनुदेशात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए एक प्रयोगशाला के रूप में कार्य करता है। स्कूल द्वारा बी.एस.सी. (शिक्षा) के विद्यार्थियों को अवलोकन करने, सीखने और अध्यापन में भाग लेने के अवसर प्रदान किए जाते हैं तथा यह संस्थान के कर्मचारियों के लिए सहयोगात्मक प्रशिक्षण और अनुसंधान प्रयास के केंद्र के रूप में कार्य करता है। यह सी.बी.एस.ई. से संबद्ध है और बच्चे के समग्र व्यक्तित्व विकास पर बल देने सहित अध्यापन और मूल्यांकन के नवाचारी मार्गों के लिए जाना जाता है। दक्षता आधारित अध्यापन (सी.बी.टी) सहित एक कार्य अनुसंधान उपागम को 1995-96 से स्कूल में कार्यान्वित किया गया है। विद्यालय में पृथक प्राथमिक स्कंध है। विद्यालय में सुसज्जित विज्ञान प्रयोगशालाएँ और कंप्यूटर केंद्र हैं।

परिषद् की प्रमुख उपलब्धियाँ 2022–23

निष्ठा ऑनलाइन

निष्ठा स्कूल के विभिन्न चरणों के अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल है। पाठ्यक्रम को फिर से चलाने के लिए एन.ई.पी. 2020 के आलोक में निष्ठा प्राथमिक के 18 पाठ्यक्रमों की समीक्षा की गई। निष्ठा

माध्यमिक के बारह सामान्य पाठ्यक्रम और निष्ठा एफ.एल.एन. के बारह पाठ्यक्रम 21 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में फिर से चलाए गए। निष्ठा माध्यमिक के लिए शिक्षणशास्त्र पाठ्यक्रमों का विकास प्रक्रियाधीन है। निष्ठा ई.सी.सी.ई. 29 जुलाई, 2022 को शुभारंभ किया गया था और बैचों में छह पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए गए हैं। 30 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है और लगभग 60,000 प्रतिभागियों ने नामांकन कराया है और लगभग 14,000 प्रतिभागियों ने पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है। दूसरे चरण की प्रक्रिया जारी है। बेशक, निष्ठा एजुकेटर्स और निष्ठा व्यावसायिक के विकासकों का अभिविन्यास पूरा हो चुका है और पाठ्यक्रम विकास की प्रक्रिया में हैं। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के समन्वयकों को कार्यान्वयन कार्यनीतियों और डेटा प्रबंधन में प्रशिक्षित किया गया है।

निष्ठा अधिगम प्रशिक्षण कार्यक्रम एक योग्यता आधारित कार्यक्रम है जो अध्यापकों को प्रभावी तरीके से पढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान विकसित करने पर केंद्रित है। यह एक मिश्रित अधिगम कार्यक्रम है जो ऑनलाइन और आमने-सामने के प्रशिक्षण को जोड़ता है। कार्यक्रम मापन योग्य है और इसे सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में क्रियान्वित किया जा सकता है। यह एक सतत व्यावसायिक विकास कार्यक्रम भी है जो अध्यापकों को उनके करियर के दौरान सीखने और बढ़ने के अवसर प्रदान करता है। निष्ठा अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल है जिसमें भारत में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने की क्षमता है। यह कार्यक्रम पहले ही लाखों अध्यापकों और स्कूल प्रमुखों तक पहुँच चुका है और आने वाले वर्षों में इसके और भी अधिक पहुँचने की उम्मीद है।

परख

राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (रा.शै.अ.प्र.प.) ने भारत के आरंभिक राष्ट्रीय आकलन विनियामक को प्रारंभ किया है, जिसे परख (समग्र विकास के लिए प्रदर्शन आकलन, समीक्षा और ज्ञान का विश्लेषण) के रूप में जाना जाता है। यह स्वतंत्र इकाई रा.शै.अ.प्र.प. के अंदर एक घटक केंद्र के रूप में कार्य करती है और इसे कई प्रमुख उद्देश्यों को पूरा करने का काम सौंपा गया है। इनमें मानदंड, मानक, दिशानिर्देश स्थापित करना और विद्यार्थी आकलन से संबंधित गतिविधियों की देखरेख करना, साथ ही एन.ई.पी. 2020 के पैरा 4.41 द्वारा अनिवार्य अतिरिक्त जिम्मेदारियों का प्रबंधन करना शामिल है।

परख के दायरे में अनेक महत्वपूर्ण गतिविधियाँ शुरू की गई हैं, जैसे राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एन.ए.एस.) 2021 और मूलभूत अधिगम अध्ययन (एफ.एल.एस.) रिपोर्ट 2022 सहित बड़े पैमाने पर उपलब्धि सर्वेक्षण आयोजित करना और पी.एम. श्री स्कूलों में उपलब्धि सर्वेक्षणों का संचालन करना, एन.ए.एस. 2024 और एफ.एल.एस. 2024 के लिए तैयारी, स्कूल बोर्डों की समकक्षता के लिए मानक प्रोटोकॉल/दिशानिर्देश बनाना और स्कूल आधारित आकलन में हितधारकों की क्षमताओं को बढ़ाना, विशेष रूप से विभिन्न ग्रेड स्तरों पर योग्यता आधारित आकलन और समग्र प्रगति कार्ड (एच.पी.सी.) पर ध्यान केंद्रित करना।

आगामी राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एन.ए.एस.) 2024 के लिए, एक आकलन रूपरेखा, एक नमूना रूपरेखा और एक विश्लेषण रूपरेखा को विकसित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, 'बोर्डों की समतुल्यता' की खोज के संदर्भ में प्रश्न पत्रों के विश्लेषण के लिए एक टेम्पलेट तैयार किया गया है और शैक्षिक बोर्डों के कार्यों की व्यापक समझ हासिल करने के लिए एक प्रश्नावली तैयार की गई है। इन उपकरणों के माध्यम से एकत्र किए गए डेटा से स्कूल बोर्डों के बीच समानता स्थापित करने हेतु मानक प्रोटोकॉल और दिशानिर्देशों के निर्माण की जानकारी मिलेगी।

स्कूल आधारित आकलन में हितधारक क्षमताओं को बढ़ाने की खोज में, बुनियादी स्तर पर समग्र प्रगति कार्ड (एच.पी.सी.) के विकास के लिए विशिष्ट प्रयास किए गए हैं। 31 मार्च तक आयोजित गतिविधियों में एच.पी.सी.

विकास के लिए विभिन्न हितधारकों को शामिल करने वाली परामर्शी बैठकें, समग्र प्रगति कार्ड तैयार करने के लिए समर्पित कार्यशालाएँ, एच.पी.सी. के संदर्भ में योग्यता आधारित आकलन के लिए क्षमता निर्माण पहल, विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में समग्र प्रगति कार्ड का संचालन, पोस्ट-पायलटिंग रूपरेखा एकत्र करना और एच.पी.सी. कार्यान्वयन के बुनियादी स्तर के दौरान योग्यता आधारित आकलन के लिए क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना शामिल है।

मनोदर्पण प्रकोष्ठ

स्कूली विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए कार्य करने हेतु निर्मित मनोदर्पण पहल के तहत, शिक्षा मंत्रालय की वेबसाइट पर एक वेबपेज (https://manodarpan.education.gov.in/) बनाया गया है जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों के लिए परामर्श और दिशानिर्देश, परामर्शदाताओं की निर्देशिका (स्कूल और कॉलेज/विश्वविद्यालय स्तर दोनों के लगभग 350 परामर्शदाता) के साथ-साथ अन्य सहायक सामग्री जैसे प्रेरक पोस्टर, मनोदर्पण पहल के तहत 'मनतरंग', की गई गतिविधियों का एक डिजिटल संग्रह शामिल है। प्रकोष्ठ द्वारा स्कूली विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण सर्वेक्षण का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के स्कूली विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य धारणाओं को समझना था। विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों के लिए टेली-काउंसलिंग सेवाएँ और मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण से संबंधित चिंताओं पर सलाहकारों के साथ लाइव अंत:क्रियात्मक सत्र 'सहयोग' आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों के विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक कल्याण संबंधी चिंताओं को संबोधित करने के लिए वेबिनार 'परिचर्चा' भी आयोजित किए जाते हैं और ये सत्र पी.एम. ई-विद्या चैनलों पर प्रसारित होते हैं और रा.शै.अ.प्र.प. आधिकारिक के यूट्यूब चैनल पर भी उपलब्ध हैं।

प्रकोष्ठ ने राज्य और जिला स्तर पर हितधारकों को मानसिक स्वास्थ्य के निष्कर्षों के प्रति संवेदनशील बनाने और स्कूल जाने वाले बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों की शीघ्र पहचान और हस्तक्षेप पर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए कई अभिविन्यास कार्यक्रमों पर भी ध्यान केंद्रित किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उल्लिखित पाठ्यक्रम और आकलन सुधारों पर चर्चा के लिए विभिन्न स्कूल शिक्षा बोर्डों के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श बैठक भी आयोजित की गई। मनोदर्पण प्रकोष्ठ के तहत ये पहल स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देती है, हितधारकों के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों के साथ संरेखित करते हुए शिक्षा प्रणाली में मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा के समेकन का समर्थन करती है।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एन.सी.एफ.)

परिषद्, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बाद स्कूली शिक्षा के बुनियादी स्तर, अध्यापक शिक्षा और प्रौढ़ शिक्षा के लिए नई राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एन.सी.एफ.) विकसित करने पर काम कर रही है। जमीनी स्तर से रूपरेखा प्राप्त करने हेतु, रा.शै.अ.प्र.प. ने विश्वविद्यालयों, संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और नागरिक समाज समूहों के सदस्यों की भागीदारी के साथ देशभर में 12 परामर्श आयोजित किए। इन परामर्शों में लगभग 8,000 लोगों ने भाग लिया और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ई.सी.सी.ई.), स्कूली शिक्षा, अध्यापक शिक्षा और प्रौढ़ शिक्षा पर प्रतिक्रिया दी। रा.शै.अ.प्र.प. ने आकलन और परीक्षाओं पर इनपुट प्राप्त करने के लिए स्कूल शिक्षा बोर्डों से भी परामर्श किया।

बुनियादी स्तर के लिए एन.सी.एफ. 20 अक्तूबर, 2022 को जारी किया गया। बुनियादी स्तर के विभिन्न आयामों पर नोट्स तैयार किए गए और एन.सी.एफ.-एफ.एस. में शामिल करने के लिए एकीकरण समूह को प्रस्तुत किए गए। बुनियादी स्तर हेतु पाठ्यक्रम विकसित किया गया है, जिसे एन.सी.एफ.-एफ.एस. में निर्धारित पाठ्यचर्या लक्ष्यों, दक्षताओं और सीखने के प्रतिफलों के अनुरूप बनाया गया है। बुनियादी स्तर का पाठ्यक्रम एन.सी.एफ.-

एफ.एस. 2022 की सिफारिशों पर आधारित है। इसे प्रत्येक डोमेन के उद्देश्यों, पाठ्यचर्या संबंधी लक्ष्यों और दक्षताओं के अनुसार मैप किया जाता है। कक्षा 1 और 2 के लिए हिंदी, अंग्रेजी, गणित और उर्दू की पाठ्यपुस्तकें भी पाठ्यक्रम के आधार पर विकसित की गई हैं। इन पाठ्यपुस्तकों में भाषा विकास के लिए एक संतुलित साक्षरता दृष्टिकोण का उपयोग किया गया है और ये एन.सी.एफ.-एफ.एस. में प्रस्तावित भाषा और संख्यात्मक विकास के लिए चार-ब्लॉक दृष्टिकोण के अनुसार हैं। इनमें पाठ्यक्रम वितरण के लिए खेल आधारित, खोज आधारित और कहानी आधारित दृष्टिकोण का भी उपयोग किया गया है।

एन.ई.पी. 2020 में पहचाने गए विभिन्न विषयों पर स्थिति पत्र और कार्य नोट्स विकसित किए गए हैं। स्कूली शिक्षा के लिए एन.सी.एफ. माध्यमिक स्तर का प्रारूप सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए अपलोड कर दिया गया है। एन.सी.एफ.-एस.ई. जारी होने के बाद पाठ्यचर्या, पाठ्यपुस्तकें और अन्य पाठ्यक्रम सामग्री तैयार की जाएगी।

शैक्षिक प्रौद्योगिकी

शिक्षा में प्रौद्योगिकी को समेकित करने के महत्व को पहचानते हुए विभिन्न प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तरों पर विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम आधारित वीडियो कार्यक्रमों का निर्माण किया गया है। ये कार्यक्रम डी.डी.-फ्री डिश, टाटा स्काई, वीडियोकॉन, सन डायरेक्ट, डिश-टी.वी., यूट्यूब (रा.शै.अ.प्र.प. आधिकारिक चैनल) और जियो टी.वी. मोबाइल ऐप जैसे प्लेटफार्मों पर प्रतिदिन प्रसारित किए जाते हैं। वे सी.आई.ई.टी.-रा.शै.अ.प्र.प. के स्टूडियो में विशेषज्ञों के साथ फीडबैक और लाइव इंटरैक्शन के लिए इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम (आई.वी.आर.एस.) के माध्यम से दर्शकों से भी जुड़ते हैं। इसके अतिरिक्त, 1946 ऑडियो कार्यक्रम उपलब्ध हैं, जिनमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, गणित, विज्ञान, पर्यावरण अध्ययन और सामाजिक विज्ञान जैसे विभिन्न विषयों और भाषाओं में रा.शै.अ.प्र.प. पाठ्यपुस्तकों पर आधारित ऑडियो पुस्तकें शामिल हैं। इस संग्रह में 1382 क्विज प्रश्न, 19 डेजी पुस्तकें और आई.एस.एल. डिक्शनरी के 3358 शब्द शामिल हैं। रा.शै.अ.प्र.प. ने आधिकारिक वेबसाइट पर अपनी नवीनतम पाठ्यपुस्तकों को अपडेट किया है और इन सभी पाठ्यपुस्तकों के लिए क्यू.आर. कोड परीक्षण आयोजित किया है। अद्यतन पाठ्यपुस्तकें फ्लिपबुक प्रारूप में ई-पाठशाला पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं।

भारत के सभी कोनों से प्रविष्टियाँ स्वीकार करने के लिए आई.सी.टी. पुरस्कारों हेतु एक पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। 2022–23 सत्र की पाठ्यपुस्तकों के ई-प्रकाशन संस्करण तैयार किए गए हैं और ई-पाठशाला पर अपलोड किए गए हैं। कक्षा 9–12 के लिए प्रयोगशाला मैनुअल दीक्षा (विद्यादान) पर उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने एन.सी.एफ. सर्वेक्षण मोबाइल ऐप विकसित किया है, जिसका परीक्षण ब्लू स्टैक्स प्लेयर का उपयोग करते हुए किया गया है। पहुँच बढ़ाने के लिए, ई-पाठशाला और दीक्षा के लिए प्रयोक्ता सर्वेक्षण फॉर्म और पोस्टर डिजाइन किए गए हैं। नवीनतम ए.पी.के. फ़ाइलें और संस्करण (एंड्रॉइड/आई.ओ.एस. के लिए) ई-पाठशाला कंसोल पर प्रकाशित किए गए हैं। इसके अलावा, प्रशस्त ऐप, स्कूलों के लिए विकलांगता स्क्रीनिंग जाँच-सूची का शुभारंभ किया गया है। ई-पाठशाला मोबाइल ऐप अब जियो बुक पर उपलब्ध है और दीक्षा पर 1,335 आई.एस.एल. वीडियो का एक बड़ा संग्रह अपलोड किया गया है।

शिक्षक पर्व के दौरान 6 सितंबर, 2022 को ‘प्रशस्त’ पहल की शुरुआत की गई थी। यह वैज्ञानिक स्क्रीनिंग चेकलिस्ट विद्यार्थियों में संभावित नि:शक्ततों की तुरंत पहचान करने के लिए सभी स्कूली शिक्षा स्तरों पर नियमित अध्यापकों के लिए डिजाइन की गई है। स्कूल-वार नि:शक्तता स्क्रीनिंग से एकत्र किए गए डेटा को आकलन और प्रमाणन कार्यक्रमों में आगे उपयोग के लिए अधिकारियों के साथ साझा किया गया है। व्यापक उपयोग और कुशल डेटा साझाकरण की सुविधा के लिए, प्रशस्त ऐप एंड्रॉइड ऐप के रूप में डिजिटल रूप में उपलब्ध है।

एक और पहल, पी.एम. ई-विद्या, शिक्षा मंत्रालय द्वारा कोविड-19 महामारी के दौरान शुरू की गई थी। इस पहल में रेडियो, टेलीविजन, दीक्षा प्लेटफ़ॉर्म और एक मोबाइल ऐप जैसे विभिन्न माध्यमों से शैक्षिक सामग्री का प्रसार करना शामिल है। 'वन क्लास वन चैनल' संकल्पना के तहत डी.टी.एच. टी.वी. चैनलों पर बड़ी संख्या में वीडियो का निर्माण और प्रसारण किया गया। दीक्षा मंच पर हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में पी.एम. ई-विद्या का कवरेज व्यापक था, जबकि उर्दू में वीडियो का विकास जारी है। इस पहल में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों के साथ लाइव अंतरक्रियात्मक सत्र भी शामिल हैं।

दीक्षा, स्कूली शिक्षा के लिए एक राष्ट्रीय मंच, पूरे भारत में विद्यार्थियों और अध्यापकों के लिए सुलभ है और 36 भारतीय भाषाओं में सामग्री अपलोड करने का समर्थन करता है। इस पर पाठ्यपुस्तकों, व्यावसायिक शिक्षा सामग्री, ऑडियोबुक अध्याय और कई भाषाओं में विभिन्न ई-सामग्री सहित संसाधनों की एक विस्तृत शृंखला को होस्ट किया जाता है। दीक्षा ने अपने शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के लिए कई प्रशिक्षण सत्र, कार्यशालाएँ और सहयोग की सुविधा प्रदान की है।

व्यावसायिक शिक्षा

व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में, 152 विशिष्ट कार्यभूमिकाओं के लिए पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। इसके अलावा, राष्ट्रीय कौशल योग्यता रूपरेखा (एन.एस.क्यू.एफ.) के रूपरेखा के अंदर 59 कार्यभूमिकाओं के लिए विद्यार्थी पाठ्यपुस्तकें तैयार की गई हैं। इनमें से, कुल 57 पाठ्यपुस्तकें सफलतापूर्वक प्रकाशित की गई हैं, जो 19 क्षेत्रों में विस्तारित हैं— 1. कृषि, 2. परिधान, मेकअप और होम फर्निशिंग, 3. ऑटोमोटिव, 4. सौंदर्य और कल्याण, 5. बैंकिंग, वित्तीय सेवाएँ और बीमा, 6. निर्माण, 7. इलेक्ट्रॉनिक्स, 8. खाद्य प्रसंस्करण, 9. स्वास्थ्य सेवा, 10. आई.टी.-आई.टी.ई.एस., 11. रिटेल, 12. शारीरिक शिक्षा और खेल, 13. प्लम्बिंग, 14. विद्युत, 15. निजी सुरक्षा, 16. दूरसंचार, 17. पर्यटन और आतिथ्य, 18. परिवहन, रसद और भंडारण/वेयरहाउसिंग, 19. मीडिया और मनोरंजन।

नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए डिजाइन की गई विभिन्न कार्यभूमिकाओं को कवर करने वाली 150 वीडियो फिल्मों सहित डिजिटल संसाधनों की एक शृंखला भी विकसित की गई है। इसके अतिरिक्त, कक्षा 6–8 तक के विद्यार्थियों को लक्षित करते हुए कृषि, परिधान, बेकरी, प्लम्बिंग, सौंदर्य और कल्याण, रिटेल और स्वास्थ्य क्षेत्रों जैसे विषयों के लिए 41 पूर्व-व्यावसायिक वीडियो फिल्में बनाई गई हैं। इसके अलावा, विभिन्न क्षेत्रों में कार्यभूमिकाओं के विविध पहलुओं को संबोधित करने वाली एनिमेटेड सामग्री 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए डिजाइन की गई है।

संस्थान ने स्कूलों के अंदर व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण को मजबूत करने के लिए, विभिन्न प्रकार के अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इनमें व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के निहितार्थ, व्यावसायिक शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आई.सी.टी.) का समेकन, प्रभावी व्यावसायिक शिक्षणशास्त्र, साथ ही ऑटोमोबाइल प्रौद्योगिकी, रोज़गार कौशल, पूर्व-व्यावसायिक शिक्षा के कार्यान्वयन और विशिष्ट कार्यभूमिकाओं जैसे विशिष्ट विषय पर केंद्रित सत्र शामिल हैं।

समग्र शिक्षा के तत्वावधान में विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के क्रियान्वयन को सुगम बनाने हेतु क्षेत्रीय परामर्श बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस पहल में दक्षिणी, पश्चिमी और पूर्वोत्तर क्षेत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, संस्थान व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करता है। यह अपने प्रायोगिक बहुउद्देशीय स्कूलों में मॉडल व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम भी संचालित करता है।

इसके अलावा उन्होंने कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मेघालय, ओडिशा, राजस्थान और त्रिपुरा में राज्य शिक्षा विभागों द्वारा चुने गए छह स्कूलों में ऐसे कार्यक्रम स्थापित किए हैं। ये प्रयास स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा के नवाचारी मॉडल के दायरे में आते हैं।

अनुसंधान अध्ययन

परिषद् ने स्कूली शिक्षा और शिक्षक प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए शैक्षिक अनुसंधान अध्ययनों की एक विस्तृत शृंखला आयोजित की। इन अध्ययनों में वंचित बच्चों के लिए प्राथमिक विद्यालयों में सामाजिक वातावरण, हिंदी भाषा शिक्षा में नवीन अभ्यास, नि:शक्त बच्चों के लिए आवास, जेंडर समानता पहलें, गणित अधिगम पर हाइब्रिड शिक्षा मॉडल का प्रभाव, शैक्षणिक दृष्टिकोण का दस्तावेज़ीकरण, विज्ञान शिक्षा में पारंपरिक भारतीय ज्ञान का समेकन, संवर्धित वास्तविकता आधारित सामग्री और साइबर सुरक्षा जागरूकता जैसे शैक्षिक हस्तक्षेपों की प्रभावशीलता आदि सहित विषयों की एक विस्तृत शृंखला शामिल है। इसके अतिरिक्त, अनुसंधान के जरिए महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षा के तरीकों, व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों के कार्यान्वयन, कोविड-19 के दौरान सीखने के अंतराल, विभिन्न क्षेत्रों और विषयों में शैक्षिक संसाधनों और अभ्यासों के मूल्यांकन आदि का पता लगाया। इस तरह के व्यापक अनुसंधान के प्रति परिषद् की प्रतिबद्धता देशभर में शिक्षा की उन्नति और विद्यार्थियों, अध्यापकों और शैक्षिक प्रणालियों की बेहतरी के प्रति इसके समर्पण को रेखांकित करती है।

विकास गतिविधियाँ

परिषद् द्वारा किए गए विकास कार्यों में विभिन्न शैक्षिक चरणों में पाठ्यक्रम, शिक्षणशास्त्र और संसाधनों को बढ़ाने के उद्देश्य से शैक्षिक पहलों की एक विस्तृत शृंखला शामिल है। इनमें बुनियादी और प्रारंभिक स्तरों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों का निर्माण, पर्यावरण अध्ययन में योग्यता आधारित शैक्षणिक रूपरेखा का विकास और स्कूल और अध्यापक शिक्षा के लिए ई-सामग्री का उत्पादन शामिल है। परिषद् सांस्कृतिक और भाषाई विविधता पर भी ध्यान केंद्रित करती है। कई भाषाओं में दिशानिर्देश और अनुकरणीय सामग्री, भारतीय भाषाओं में शिक्षणशास्त्र के लिए सामग्री और चतुर्भाषी सचित्र शब्दकोश प्रस्तुत करती है। विद्यार्थी केंद्रित शिक्षणशास्त्र, अनुभवात्मक अधिगम और शिक्षा में 21वीं सदी के कौशल के समेकन को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कला शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, मनोविज्ञान, गणित और विज्ञान आदि विषयों के लिए संसाधनों के विकास में भी पहल की गई है। ये व्यापक प्रयास नवीन पाठ्यक्रम, शैक्षणिक दृष्टिकोण और संसाधनों के विकास के माध्यम से भारत में शिक्षा में सुधार के लिए परिषद् की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

क्षमता निर्माण कार्यक्रम

परिषद् विद्यालय और अध्यापक शिक्षा के सभी स्तरों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए मास्टर प्रशिक्षकों या प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के लिए क्षमता निर्माण/अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है। वर्ष के दौरान, परिषद् द्वारा ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पाठ्यचर्या अनुसंधान, व्यावसायिक शिक्षण और रोज़गार कौशल, अनुसंधान विधि, मार्गदर्शन और परामर्श, चयन, अनुकूलन और अल्पसंख्यक भाषा में संसाधन सामग्री के विकास, लघु-जनजातीय भाषा शिक्षण, बहुभाषी दृष्टिकोण, अल्पसंख्यक भाषा में संसाधन सामग्री का विकास, मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता, ई-सामग्री के लिए पटकथा लेखन, शिक्षण-अधिगम सामग्री का प्रभावी उपयोग, जीवन-कौशल शिक्षा, अनुकरणीय प्रश्न विकसित करना, आई.सी.टी. आदि के साथ डेटा विश्लेषण के क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विस्तार गतिविधियाँ

परिषद् के विस्तार कार्यक्रमों में शिक्षा को बढ़ावा देने और विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक पहलें शामिल हैं। इन पहलों में बुनियादी और प्रारंभिक स्तरों के लिए खिलौना आधारित शिक्षणशास्त्र को लोकप्रिय बनाने के लिए क्षेत्रीय सम्मेलन, बच्चों के लिए विज्ञान, गणित और पर्यावरण में राज्य-स्तरीय प्रदर्शनियाँ, साथ ही राष्ट्रीय प्रदर्शनियाँ शामिल हैं। परिषद् अनुसंधान और शिक्षा का समर्थन करने के लिए संसाधन केंद्र, पुरस्कार और अध्येतावृत्ति भी संचालित करती है। परिषद् द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के लिए बैठकों और गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, कार्यशालाएँ आयोजित की जाती हैं, और अध्यापक प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम विकास और जनसंख्या शिक्षा जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, भाषा और संस्कृति और डिजिटल शिक्षा से संबंधित कार्यक्रम भी हैं, जो शैक्षिक वृद्धि और विकास के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदर्शित करते हैं। परिषद् विस्तार गतिविधियों के हिस्से के रूप में शैक्षिक अनुभव को बढ़ाने के लिए वेबसाइटों, मोबाइल ऐप और विभिन्न अन्य डिजिटल गतिविधियों के विकास और रखरखाव में शामिल है। परिषद् सेवा-पूर्व अध्यापकों और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सेमिनार, सम्मेलन और इंटर्नशिप भी आयोजित करती है। नवाचारी शैक्षणिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने से लेकर प्रतिभा को बढ़ावा देने और डिजिटल प्रौद्योगिकियों को अपनाने तक, परिषद् के बहुमुखी प्रयास राष्ट्रीय नीतियों और समकालीन शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुरूप देश के शैक्षिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग और अंतरराष्ट्रीय संबंध

स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व को ध्यान में रखते हुए, परिषद् विदेशी प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी करती है तथा उनकी रुचि और जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों, जैसे– शैक्षणिक नीतियाँ, पाठ्यचर्या संरचना, अध्यापकों के सेवा-पूर्व और सेवाकालीन शिक्षा कार्यक्रम, शारीरिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, आई.सी.टी. और ई.टी. से संबंधित विभिन्न विभागों और घटक इकाइयों के साथ उनकी बातचीत की सुविधा प्रदान करती है तथा विदेशी संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाने के साथ कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और सम्मेलनों का आयोजन करती है।

विद्यालयी शिक्षा और अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु पारस्परिक लाभ के लिए विभिन्न देशों के साथ संरचित और सार्थक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए, रा.शै.अ.प्र.प. ने कोरियाई अध्ययन अकादमी (ए.के.एस.), कोरिया गणराज्य; मॉरीशस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन (एम.आई.ई.), मॉरीशस; कर्टिन यूनिवर्सिटी (सी.यू.), ऑस्ट्रेलिया; नेशनल ताइवान नॉर्मल यूनिवर्सिटी (एन.टी.एन.यू.), ताइवान; नेशनल एजेंसी ऑफ एजुकेशन (ई.डी.यू.एफ.आई.), फिनलैंड; और फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी (एफ.एस.यू.) और सेंट फ्रांसिस यूनिवर्सिटी, यू.एस.ए. जैसे संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया रा.शै.अ.प्र.प. और श्रीलंका, नेपाल और भूटान के बीच शुरू की गई है।

प्रकाशन

रा.शै.अ.प्र.प. ने विद्यालय पाठ्यपुस्तकों, कार्यपुस्तिकाओं, अनुपूरक पाठमालाओं, शिक्षक संदर्शिकाओं प्रयोगशाला मैनुअल, मूल्यांकन संबंधी स्रोत पुस्तकों, गणित में प्रश्न प्रदर्शिकाओं अनुसंधान रिपोर्टों, मोनोग्राफ़ और शैक्षिक पत्रिकाओं का प्रकाशन जारी रखा। प्रकाशन प्रभाग में गैर-पाठ्य सामग्री के अलावा, प्रत्येक वर्ष 1–12 तक की विभिन्न कक्षाओं के लिए पाठ्यपस्तुकें मुद्रित होती हैं। रा.शै.अ.प्र.प. के अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू में विभिन्न प्रकाशनों की पाँच करोड़ से अधिक प्रतियाँ, जिनमें पाठ्यपुस्तकें, पूरक पठन सामग्री, अध्यापकों की हस्त पुस्तिकाएँ, स्रोत

पुस्तकें, शोध रिपोर्ट और छह शैक्षिक पत्रिकाएँ शामिल हैं, हर वर्ष निकाली जाती हैं। राज्यों द्वारा अपने राष्ट्रीयकृत पाठ्यपुस्तक कार्यक्रम के तहत रा.शै.अ.प्र.प. के पाठ्यक्रमों को स्वेच्छापूर्वक अपनाया गया है। इनका प्रयोग सी.बी.एस.ई., के.वी.एस., एन.वी.एस., तिब्बती विद्यालयों से संबद्ध स्कूलों और सभी राज्यों के अनेक पब्लिक स्कूलों में भी बड़े पैमाने पर किया जाता है। कई राज्यों ने रा.शै.अ.प्र.प. पाठ्यपुस्तकों के लिए कॉपीराइट प्राप्त किए हैं। परिषद् ने क्यू.आर.कोड का उपयोग करते हुए वेबसाइट पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई हैं।

वर्ष के दौरान परिषद् ने *विद्या प्रवेश—* तीन महीने का खेल-आधारित स्कूल तैयारी मॉड्यूल; बारहवीं कक्षा के लिए *जैव प्रौद्योगिकी* की पाठ्यपुस्तक; कक्षा 6–8 के लिए विज्ञान में *स्पर्श किट मैनुअल (4 खंड)*; *खिलौना आधारित शिक्षणशास्त्र* पर हस्तपुस्तिका; *विद्यालयी बस्ता नीति 2020*; *हिंदुस्तानी संगीत— गायन एवं वादन* कक्षा 11; कक्षा 1–5 और कक्षा 6–8 को पढ़ाने वाले अध्यापकों के लिए *कला समेकित शिक्षण पुस्तिका*; *स्कूली विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण— एक सर्वेक्षण*; अपेरल और होम फर्निशिंग क्षेत्र, आई.टी. और आई.टी.ई.एस. क्षेत्र और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र आदि में व्यावसायिक कार्यभूमिकाओं के लिए विद्यार्थियों की पाठ्यपुस्तकें आदि प्रकाशित किए। वर्ष के दौरान परिषद् द्वारा जर्नल और पत्रिकाएँ, जैसे— *प्राथमिक शिक्षक*, *प्राइमरी टीचर*, *स्कूल साइंस*, *इंडियन एजूकेशनल रिव्यू*, *भारतीय आधुनिक शिक्षा*, *जर्नल ऑफ इंडियन एजूकेशन* (जे.आई.ई.) *वायस आफ टीचर्स एजूकेटर्स* (वी.टी.टी.ई.), *व्यावसायिक शिक्षा* पर त्रैमासिक बुलेटिन, *इंडियन जर्नल ऑन वोकेशनल एजुकेशन*, *इंडियन जर्नल ऑफ एजुकेशनल टेक्नोलॉजी* और *वार्षिक रिपोर्ट 2021–22* आदि प्रकाशित किए।

2. प्रमुख प्रकाशन

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के प्रकाशनों में पाठ्यचर्या सामग्री प्रकाशित की जाती है जिसमें स्कूली पाठ्यपुस्तकें, कार्यपुस्तिकाएँ, अनुपूरक पाठमालाएँ, अध्यापक संदर्शिकाएँ, प्रयोगशाला पुस्तिकाएँ, आकलन पर स्रोत पुस्तकें, गणित में अनुकरणीय समस्याएँ, अनुसंधान रिपोर्ट / मोनोग्राफ़ और शैक्षिक पत्रिकाएँ शामिल हैं। परिषद् ने क्यू.आर. कोड का उपयोग करने के माध्यम से सक्रिय पाठ्यपुस्तकों को प्रकाशित किया है। परिषद् द्वारा शैक्षिक पत्रिकाएँ और जर्नल्स भी प्रकाशित किए जाते हैं।

वर्ष के दौरान, परिषद् ने ये प्रकाशन तैयार किए, जिसमें *विद्या प्रवेश— तीन महीने का खेल-आधारित स्कूल की तैयारी का मॉड्यूल; बायो टेक्नोलॉजी,* कक्षा 12 के लिए पाठ्यपुस्तक; *टेक्टाइल किट मैनुअल साइंस* (4 खंड) कक्षा 6–8 के लिए; *टॉय बेस्ड पेडागॉजी—ए हैंडबुक; विद्यालयी बस्ता नीति 2020; हिंदुस्तानी संगीत— गायन एवं वादन*, कक्षा 11 के लिए पाठ्यपुस्तक; *कला समेकित अध्यापन पुस्तिका,* कक्षा 1–5 और कक्षा 6–7 को पढ़ाने वाले अध्यापकों के लिए; *स्कूली विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण— एक सर्वेक्षण*; आदि शामिल हैं। इसके अलावा अपेरल मेडअप और होम फर्निशिंग क्षेत्र; आई.टी. और आई.टी.ई.एस. क्षेत्र; और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र आदि में व्यावसायिक कार्य की भूमिकाओं (जॉब रोल्स) के लिए भी विद्यार्थियों की पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित की हैं।

परिषद् द्वारा वर्ष के दौरान, शैक्षिक जर्नल्स और पत्रिकाएँ, जैसे— *प्राथमिक शिक्षक, प्राइमरी टीचर, स्कूल साइंस—त्रैमासिक पत्रिका, भारतीय आधुनिक शिक्षा, जर्नल ऑफ इंडियन एजुकेशन, वॉयसेस ऑफ टीचर्स एंड टीचर एजुकेटर्स नामक ऑनलाइन जर्नल, व्यावसायिक शिक्षा पर त्रैमासिक बुलेटिन इंडियन जर्नल ऑन वोकेशनल एजुकेशन, इंडियन जर्नल ऑफ एजुकेशनल टेक्नोलॉजी* का ऑनलाइन प्रकाशन और *वार्षिक रिपोर्ट 2021–22* आदि भी प्रकाशित किए गए।

विद्या प्रवेश— कक्षा 1 के लिए तीन महीने का खेल-आधारित स्कूल तैयारी मॉड्यूल

(आई.एस.बी.एन. 978-93-5580-101-2)



बच्चों को *विद्या प्रवेश— कक्षा 1 के लिए तीन महीने का खेल-आधारित स्कूल तैयारी मॉड्यूल* प्रदान करना, कक्षा 1 के लिए आवश्यक अपेक्षित दक्षताओं को विकसित करने के लिए आयु के उपयुक्त अनुभव प्रदान करके उनके समग्र विकास को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। यह मॉड्यूल भारत सरकार के मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफ.एल.एन.) पर एक राष्ट्रीय मिशन निपुण भारत का एक अभिन्न अंग है। यह तीन महीने (12 सप्ताह) का कार्यक्रम है जिसे कक्षा 1 में प्रवेश करने वाले सभी बच्चों के लिए एक अंतरिम उपाय के रूप में विकसित किया गया है। मॉड्यूल में कार्यक्रम को कक्षा 1 की शुरुआत में तीन महीने के लिए लागू करने और प्रति दिन चार घंटे तक संचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है।



बायो टेक्नोलॉजी, कक्षा 12 के लिए पाठ्यपुस्तक

कक्षा 11 के लिए *बायो टेक्नोलॉजी* पाठ्यपुस्तक के प्रकाशन की निरंतरता में संशोधित पाठ्यक्रम के आधार पर बारहवीं कक्षा के लिए *बायो टेक्नोलॉजी* की पाठ्यपुस्तक प्रकाशित की गई है। पाठ्यपुस्तक में दी गई संकल्पनाएँ जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए विकास कार्यों पर आधारित हैं।

टेक्टाइल किट मैनुअल साइंस (4 खंड), कक्षा 6–8 के लिए

समावेशी शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मध्य स्तर (कक्षा 6–8) में कम दृष्टि वाले और दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए विज्ञान में 59 गतिविधियों वाला *टेक्टाइल किट मैनुअल साइंस* प्रकाशित किया गया है। कम दृष्टि वाले और दृष्टिबाधित विद्यार्थी विभिन्न युक्तियों का उपयोग करते हुए इस स्पर्श किट की मदद से इन गतिविधियों को कर सकते हैं। गतिविधियों का विवरण ब्रेल लिपि में स्पर्श रेखाचित्रों के साथ दिया गया है ताकि ये विद्यार्थी विज्ञान की संकल्पनाओं को बेहतर तरीके से समझ सकें।

खिलौना आधारित शिक्षणशास्त्र पर पुस्तिका

स्कूली शिक्षा, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा और अध्यापक शिक्षा में पाठ्यक्रम में खिलौनों और इसकी शिक्षणशास्त्र के एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए खिलौना-आधारित शिक्षणशास्त्र पर पुस्तिका *टॉय बेस्ड पेडागॉजी—ए हैंडबुक* विकसित की गई है। इस दस्तावेज़ में खिलौना-आधारित शिक्षणशास्त्र के विभिन्न पहलुओं पर पाठ्यक्रम विकासकों, अध्यापकों और अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए एक रोडमैप शामिल है। इस हैंडबुक को दो भागों में विभाजित किया गया है— भाग 1, स्वदेशी खिलौनों की विविधता, खिलौना-आधारित शिक्षणशास्त्र के चरणवार परिप्रेक्ष्य, अनुभवात्मक शिक्षा, विभिन्न चरणों में दक्षताओं के साथ खिलौनों की मैपिंग और आगे बढ़ने के अध्यायों में दी गई खिलौना-आधारित शिक्षणशास्त्र की संकल्पना और समझ शामिल है। भाग 2 विभिन्न चरणों में विभिन्न संकल्पनाओं और सीखने के परिणामों को सीखने के साथ मैप किए गए खिलौनों की सूची और छवियों सहित अनुलग्नक शामिल हैं। इस दस्तावेज़ के भाग 1 और भाग 2 के बीच मजबूत अंतर्संबंध है। खिलौना-आधारित शिक्षणशास्त्र पर हैंडबुक सभी विषय क्षेत्रों में और विभिन्न चरणों में खिलौनों के साथ बहु-विषयक तरीके से दक्षताओं के मानचित्रण के कई उदाहरण प्रदान करती है। यह मूलभूत, प्रारंभिक, मध्य और माध्यमिक स्तरों पर खिलौनों के महत्व और लाभों के बारे में भी विस्तार से बताती है। हैंडबुक टॉय-फेयर, टॉय-कॉर्नर के माध्यम से खिलौना-आधारित शिक्षणशास्त्र को लागू करने, लोगों की मानसिकता बदलने, विभिन्न हितधारकों की क्षमता निर्माण आदि के लिए उपयोगी सुझाव प्रदान करती है। बच्चों की मदद से स्कूलों में स्थानीय समस्याओं, जैसे— पानी की बर्बादी, भोजन की बर्बादी, स्वच्छता आदि पर नियमित कठपुतली शो आयोजित किए जा सकते हैं, जिसमें माता-पिता और समुदाय को उन्हें देखने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है और जागरूकता पैदा की जा सकती है। स्कूल सामाजिक चेतना केंद्र के रूप में

कार्य कर सकते हैं, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की महत्वपूर्ण चिंताओं में से एक है— स्थानीय और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता और समझ पैदा करने के माध्यम के रूप में खिलौनों और कठपुतलियों का उपयोग करना। इस हैंडबुक में यह भी सुझाव दिया गया है कि स्कूली बच्चों को बिना बस्ते वाले इन 10 दिनों या इंटर्नशिप दिनों के दौरान स्थानीय खिलौना निर्माताओं की मदद से स्कूलों में खिलौना बनाना सीखने का अवसर दिया जा सकता है। पुस्तिका तक पहुँचने का लिंक https://ncert.nic.in/pdf/notice/toy_based_pedagogy.pdf है।

विद्यालयी बस्ता नीति 2020

विद्यालयी बस्ता नीति 2020 बनाने का कार्य शिक्षा मंत्रालय को सौंप दिया गया है। इसमें इस संबंध में किए गए एक सर्वेक्षण के आधार पर स्कूल बैग के वजन को कम करने पर एक विस्तृत दिशानिर्देश शामिल है। इसमें बिना समझे कार्य के बोझ को कम करने के लिए कार्यनीतियाँ भी प्रदान की जाती हैं। राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा कार्यान्वयन के लिए *विद्यालयी बस्ता नीति 2020* का अंग्रेजी संस्करण *स्कूल बैग पॉलिसी 2020* नाम से पहले ही शिक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया जा चुका है।

हिंदुस्तानी संगीत— गायन एवं वादन, कक्षा 11 के लिए पाठ्यपुस्तक, 2022

(आई.एस.बी.एन. 978-93-5580-085-5)

यह पाठ्यपुस्तक ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले माध्यमिक स्तर के हिंदुस्तानी संगीत के विद्यार्थियों के लिए गायन संगीत और मधुर वाद्य संगीत पर तैयार की गई है। यह हिंदुस्तानी संगीत के सिद्धांतों और व्यावहारिक भाग दोनों को समझने के लिए है। सिद्धांत भाग में संगीत का ऐतिहासिक विकास शामिल है जो वैदिक युग से लेकर समकालीन समय तक नवीन रूप से विकसित होने वाली भारतीय ज्ञान परंपराओं और प्रथाओं में गहराई से निहित है। संगीत का ग्रंथ, जिसमें शास्त्रीय संगीत, शब्दावली में सिद्धांत दिशानिर्देश निर्धारित किए गए हैं, जिसमें संगीत को परिभाषित किया जाता है। संगीत रचनाओं के विभिन्न रूप, रागों, तालों का ज्ञान, अंतर अनुशासनात्मक दृष्टिकोण, संगीत वाद्ययंत्रों की 4 श्रेणियाँ, भारतीय संगीत के घरानों और दिग्गजों के बारे में जानकारी प्रदान की गई है जो इन रूपों को वर्तमान समय में लेकर आए हैं। व्यावहारिक भाग में रागों का वर्णन, विभिन्न रागों में रचनाओं के संकेतन, ताल लिखने के संकेतन और लयबद्ध व्याख्याएँ शामिल हैं। यह पुस्तक हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की बारीकियों को समझने की ललक रखने वाले आम लोगों के लिए भी उपयोगी होगी।

आर्ट इंटिग्रेटिड लर्निंग, कक्षा 1–5 को पढ़ाने वाले अध्यापकों के लिए हस्तपुस्तिका

(आई.एस.बी.एन. 978-93-5292-396-0)

इस हैंडबुक का उद्देश्य कला समेकित शिक्षण की पहुँच और अभिगम्यता को देश के हर हिस्से तक बढ़ाना है। मूलभूत स्तर पर कला समेकित शिक्षण के उद्देश्य हैं— (i) बच्चों के सामाजिक कौशल, संवेदनशीलता और नैतिकता को विकसित करते हुए अधिगम को आनंददायक और आकर्षक बनाना, (ii) निर्देशित अवलोकन और रचनात्मक अन्वेषण के माध्यम से समझने की संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं को बढ़ाना, (iii) बच्चों को अपने पर्यावरण के प्रति जागरूक होने और इसके प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करना, (iv) मुक्त भावनात्मक अभिव्यक्ति और संचार को बढ़ावा देना, (v) अवलोकन, अन्वेषण और सहज अभिव्यक्ति के माध्यम से इंद्रियों को प्रशिक्षित करना। बुनियादी स्तर में कला समेकित शिक्षण के उद्देश्य हैं— (i) उन्हें अधिगम में आनंद का अनुभव कराने हेतु जुड़ाव और अभिव्यक्ति के स्तर को बढ़ाना, (ii) साक्षरता और संख्यात्मकता की प्रारंभिक शिक्षा को समेकित करना, (iii) समावेशी वातावरण प्रदान करना और जिज्ञासु स्वभाव, ज्ञान के प्रति दृष्टिकोण को बढ़ावा देना, (iv) उन्हें अपने विचारों और भावनाओं को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने में मदद करना, (v) अवलोकन

और रचनात्मक अन्वेषण के माध्यम से अधिगम की संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं को बढ़ाना, (vi) बेहतर संचार और महत्वपूर्ण सोच कौशल की सुविधा प्रदान करना, (vii) सहकर्मी समूहों के साथ सहयोगात्मक कार्य में भागीदारी को प्रोत्साहित करना। यह पुस्तिका उन सभी अध्यापकों के लिए फायदेमंद होगी जो अध्यापन-अधिगम की प्रक्रिया में अपने क्षितिज का विस्तार करने और ए.आई.एल. तक पहुँच प्राप्त करने के इच्छुक हैं, भले ही उनके पास इस शिक्षणशास्त्र में कोई औपचारिक प्रशिक्षण न हो। यह प्रकाशन रा.शै.अ.प्र.प. प्रकाशन काउंटरों पर बिक्री के लिए उपलब्ध है।

आर्ट इंटिग्रेटिड लर्निंग, कक्षा 6–8 को पढ़ाने वाले अध्यापकों के लिए हस्तपुस्तिका

(आई.एस.बी.एन. 978-93-5292-397-7)

इस पुस्तिका का उद्देश्य देश में मध्य स्तर के सभी अध्यापकों तक कला समेकित शिक्षण की पहुँच और अभिगम्यता को बढ़ाना है। मध्य स्तर पर कला समेकित शिक्षण के विशिष्ट उद्देश्य हैं— (i) बच्चों को संकल्पनाओं के कई परिप्रेक्ष्यों का पता लगाने में मदद करना, (ii) क्षेत्रीय कला रूपों के माध्यम से विविधता में एकता की संकल्पना की सराहना करना, (iii) अंतर-विषयक संबंधों की स्पष्टता के साथ थीम, विषयों और संकल्पनाओं के ज्ञान का निर्माण करने की क्षमता बढ़ाना, (iv) जुड़ाव और अभिव्यक्ति की प्रक्रिया का अनुभव करना जिसके जरिए सीखने में खुशी का संचार होता है, (v) टीम वर्क और आपसी प्रशंसा को बढ़ावा देना, (vi) संचार कौशल और समस्या सुलझाने के कौशल को बढ़ाना, (vii) पर्यावरण और सामाजिक चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता बनाना, (viii) अन्य लोगों और पर्यावरण के लिए पारस्परिक सम्मान, देखभाल, सहानुभूति और करुणा का अभ्यास करने के लिए आधार प्रदान करना, (ix) प्रशंसा और सौंदर्य संबंधी संवेदनशीलता के कौशल को बढ़ाना, (x) सहयोगात्मक कार्यों में उत्साह से भागीदारी को प्रोत्साहित करना, सामाजिक संघर्ष को हल करना, सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति विकसित करना, (xi) मूल्यों के अभ्यास को प्रोत्साहित करना, जैसे— ईमानदारी, निष्पक्षता, सहयोग, भय और पूर्वाग्रहों से मुक्ति, करुणा आदि। कक्षा 6–8 को पढ़ाने वाले अध्यापकों के लिए ए.आई.एल. हैंडबुक में वैचारिक रूपरेखा और विभिन्न विषयों के उदाहरण शामिल हैं। इसके उदाहरणों में शामिल हैं— संकल्पनाओं की पहचान, हॉट-स्पॉट, सीखने के उद्देश्य, विभिन्न विषयों में कला समेकित शिक्षण आधारित शैक्षणिक कार्यनीतियाँ, अध्यापकों को समझने, अभ्यास करने और परिणाम के रूप में अपनी स्वयं की कला समेकित शिक्षण कार्यनीतियों और अभ्यासों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए संभावित अंतरविषय / पार-विषयात्मक संबंध आदि। यह हैंडबुक प्रयोक्ता के अनुकूल है और इसका उपयोग अध्यापकों और अध्यापक-प्रशिक्षकों द्वारा स्कूली शिक्षा के मध्य स्तर में ए.आई.एल. के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए किया जा सकता है।

स्कूली विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण— एक सर्वेक्षण, 2022

स्कूली विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण— एक सर्वेक्षण, 2022 शीर्षक वाली रिपोर्ट 6 सितंबर, 2022 को शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई थी। यह मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण जनवरी–मार्च, 2022 के बीच कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों पर आयोजित किया गया था। इस सर्वेक्षण में 28 राज्यों और 8 संघ राज्य क्षेत्रों के विभिन्न प्रकार के स्कूलों के 3,79,842 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस रिपोर्ट में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के संबंध में उनकी धारणा का वर्णन किया गया है। इसमें सभी प्रतिभागियों की प्रतिक्रियाओं पर आधारित एक समग्र खंड और राज्य सरकार, जवाहर नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय और निजी स्कूलों के विद्यार्थियों के निष्कर्षों पर चार व्यक्तिगत खंड शामिल हैं। इस रिपोर्ट में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण संकेत प्रदान किए गए हैं और इसमें स्कूल प्रणाली में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाने की दिशा में सिफारिशें शामिल हैं।

अपेरल, मेड-अप और होम फर्निशिंग; आई.टी. और आई.टी.ई.एस.; इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में व्यावसायिक कार्यभूमिकाओं (जॉब रोल्स) के लिए विद्यार्थी पाठ्यपुस्तकें

संस्थान विभिन्न क्षेत्रों में व्यावसायिक कार्यभूमिकाओं के लिए विद्यार्थियों की पाठ्यपुस्तकें विकसित कर रहा है। 2022–23 के दौरान, निम्नलिखित पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित की गई हैं—

क्र.सं.	शीर्षक / जॉब रोल का नाम	क्षेत्र	कक्षा	आई.एस.बी.एन.
1.	असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट	सौंदर्य और कल्याण	10	973-93-91-444-47-1
2.	बैंकिंग टेक्नीशियन	खाद्य प्रसंस्करण	9	978-93-91444-17-4
3.	डेयरी फार्मर वर्कर	कृषि	10	978-81-949589-1-4
4.	डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर	आई.टी. आई.टी.ई.एस.	10	978-93-5580-007-7
5.	डोमेस्टिक बायोमेट्रिक डाटा ऑपरेटर	आई.टी. आई.टी.ई.एस.	11	978-81-948859-6-9
6.	एम्प्लायबिलिटी स्किल्स	सभी क्षेत्रों के लिए	11	978-93-5292-126-3
7.	फील्ड टेक्नीशियन अदर होम एप्लाइंसेज	इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर	9	978-93-5580-055-8
8.	फील्ड टेक्नीशियन वायरमैन कंट्रोल रूम	इलेक्ट्रॉनिक	12	978-93-5292-389-2
9.	फ्लोरिकल्चरिस्ट प्रोटेक्टिड कल्टिवेशन	कृषि	12	978-93-5292-390-8
10.	फूड एंड बेव्रिज सर्विस ट्रेनी	यात्रा, पर्यटन और आतिथ्य	10	978-93-81444-41-9
11.	जनरल ड्यूटी असिस्टेंट	स्वास्थ्य देखभाल	12	978-93-5580-117-3
12.	हाउसकीपिंग अटेंडेंट—मैनुअल क्लीनिंग	यात्रा, पर्यटन और आतिथ्य	10	978-93-5580-084-8
13.	ऑप्टिकल फाइबर स्प्लिसर	दूरसंचार	9	978-93-5292-330-4
14.	पेडी फार्मर	कृषि	10	978-93-5292-364-9
15.	सोलेनेसियस क्रॉप कल्टिवेटर	कृषि	10	978-93-5292-388-5
16.	टेक्सचरिंग आर्टिस्ट	मीडिया और मनोरंजन	11	78-93-5292-367-0
17.	ट्रेनी एसोसिएट	रिटेल	11	978-93-5580-053-4
18.	अनआर्म्ड सिक्योरिटी गार्ड	सुरक्षा	10	978-93-91444-49-5
19.	वेयरहाउस बिनर	रसद	9	978-93-5292-378-6
20.	प्लम्बर सामान्य	प्लंबिंग	9	978-93-5292-340-3
21.	मोटर वाहन सेवा तकनीशियन	ऑटोमोटिव	9	978-93-5580-099-2
22.	रोज़गार क्षमता कौशल	सभी क्षेत्रों के लिए	9	978-93-5580-118-0
23.	हस्त कशीदाकार (अड्डावाला)	परिधान	9	978-93-5580-005-3
24.	नि:शस्त्र सुरक्षा गार्ड	निजी सुरक्षा	9	978-93-5580-134-0
25.	सहायक सौंदर्य थेरेपिस्ट	सौंदर्य एवं कल्याण	9	978-93-5580-046-6
26.	सूक्ष्म सिंचाई तकनीशियन	कृषि	11	978-93-5580-092-3

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर विद्यार्थियों की पाठ्यपुस्तकें

संस्थान को वर्ष 2021–22 के लिए परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पी.ए.बी.), समग्र शिक्षा, शिक्षा मंत्रालय (एम.ओ.ई.), भारत सरकार द्वारा अनुमोदित एन.एस.क्यू.एफ. के तहत विभिन्न क्षेत्रों में कार्यभूमिकाओं के लिए विद्यार्थी पाठ्यपुस्तकों और अध्यापक पुस्तिकाओं के विकास का प्रमुख कार्य सौंपा गया है।

संस्थान ने पिछले दो वर्षों में 152 कार्यभूमिकाओं के लिए पाठ्यक्रम और परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पी.ए.बी.) द्वारा अनुमोदित एन.एस.क्यू.एफ. के तहत 59 कार्यभूमिकाओं के लिए विद्यार्थी पाठ्यपुस्तकें विकसित की हैं। इनमें से 19 क्षेत्रों में 57 विद्यार्थी पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित की गई हैं, जैसे— 1. कृषि 2. परिधान, मेडअप और होम फर्निशिंग 3. ऑटोमोटिव 4. सौंदर्य और कल्याण 5. बैंकिंग, वित्तीय सेवाएँ और बीमा 6. निर्माण 7. इलेक्ट्रॉनिक्स 8. खाद्य प्रसंस्करण 9. स्वास्थ्य सेवा 10. आई.टी.-आई.टी.ई.एस. 11. रिटेल 12. शारीरिक शिक्षा और खेल 13. प्लंबिंग 14. इलेक्ट्रिकल 15. निजी सुरक्षा 16. दूरसंचार 17. पर्यटन और आतिथ्य 18. परिवहन, रसद और भंडारण 19. मीडिया और मनोरंजन। पाठ्यपुस्तकें संस्थान की वेबसाइट www.psscive.in सहित ई-पाठशाला और रा.शै.अ.प्र.प. की वेबसाइट पर भी अपलोड की गई हैं। वर्ष 2022–23 के दौरान निम्नलिखित पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित की गई हैं—

क्र.सं.	2022–23 के दौरान प्रकाशित विद्यार्थियों की पाठ्यपुस्तकों का शीर्षक
1.	एम्प्लायबिलिटी स्किल्स (कक्षा 11)
2.	ऑप्टिकल फाइबर स्प्लिसर (कक्षा 11)
3.	पेडी फार्मर (कक्षा 10)
4.	वेयरहाउस बिनर (कक्षा 9)
5.	टेक्सचरिंग आर्टिस्ट (कक्षा 11)
6.	सोलेनेसियस क्रॉप कल्टिवेटर (कक्षा 10)
7.	फ्लोरीकल्चरिस्ट (प्रोटेक्टिड कल्टिवेशन) (कक्षा 12)
8.	फील्ड तकनीशियन—वायरमैन कंट्रोल पैनल (कक्षा 12)
9.	डोमेस्टिक बायोमेट्रिक डेटा ऑपरेटर
10.	डेयरी वर्कर—कक्षा 10 के लिए पाठ्यपुस्तक
11.	बैंकिंग टेक्नीशियन
12.	फूड एंड बेव्रिज ट्रेनी
13.	असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट (कक्षा 10)
14.	ट्रेनी एसोसिएट (कक्षा 11)
15.	अनआर्म्ड सिक्योरिटी गार्ड
16.	हाउस कीपिंग अटेंडेंट—मैन्युअल क्लीनिंग
17	फील्ड टेक्नीशियन—अदर होम एप्लाइंसेज
18	सूक्ष्म सिंचाई तकनीशियन (कक्षा 11)
19	मोटर वाहन सेवा तकनीशियन (ऑटोमेटिव), (कक्षा 9)
20	जनरल ड्यूटी सहायक
21	रोज़गार क्षमता कौशल (कक्षा 9)
22	निःशस्त्र सुरक्षा गार्ड (कक्षा 9)
23	हस्त कशीदाकार (अड्डावाला), (कक्षा 9)
24	डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर (कक्षा 9)
25	सहायक सौंदर्य चिकित्सक (कक्षा 9)

जर्नल और पत्रिकाएँ

प्राथमिक शिक्षक और *द प्राइमरी टीचर*

(आई.एस.एस.एन. 0970-9312) (आई.एस.एस.एन. 0970-9282)

शिक्षा के बुनियादी और प्रारंभिक स्तर पर अध्यापकों, अध्यापक प्रशिक्षकों और अन्य पदाधिकारियों और अन्य समसामयिक मुद्दों के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए दो पत्रिकाएँ अर्थात *प्राथमिक शिक्षक और प्राइमरी टीचर* निकाली जा रही हैं। *प्राइमरी टीचर* का जनवरी 2022 अंक, खंड XLVII और *प्राथमिक शिक्षक* का जनवरी, 2022 अंक प्रकाशित किया गया है।





स्कूल साइंस— त्रैमासिक पत्रिका

(आई.एस.एस.एन. 0036-679X (प्रिंट); 0972-5061) (ऑनलाइन)

स्कूल साइंस, स्कूल स्तर पर प्राचीन ज्ञान, स्वदेशी पारंपरिक ज्ञान और हर्बल औषधीय पौधों सहित विज्ञान, गणित और पर्यावरण शिक्षा के क्षेत्र में एक सहकर्मी-समीक्षित त्रैमासिक पत्रिका है जो अध्यापकों, अध्यापक प्रशिक्षकों, अनुसंधानकर्ताओं और विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, अध्यापन के नए और नवीन तरीकों, आकलन, शैक्षिक अभ्यासों आदि से संबंधित अपने विचारों, अनुभवों और अनुसंधान निष्कर्षों का प्रसार करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। यह पत्रिका ऐसे सभी क्षेत्रों में नवीनतम वैश्विक रुझानों और विकास को साझा करने हेतु एक मंच के रूप में भी कार्य करती है।



इंडियन एजुकेशनल रिव्यू

(आई.एस.एस.एन. 0019-4700 (प्रिंट); 0971-561X) (ऑनलाइन)

रा.शै.अ.प्र.प. की प्रतिष्ठित अनुसंधान पत्रिका *इंडियन एजुकेशनल रिव्यू (आई.ई.आर.)* का उद्देश्य शिक्षा में अनुसंधान के सिद्धांत और व्यवहार को बढ़ाना है। पत्रिका में अंतर-विषयक परिप्रेक्ष्य में अध्ययन सहित मुद्दों, रिपोर्टों, समीक्षाओं और अनुभवजन्य निष्कर्षों की एक विस्तृत शृंखला को कवर किया जाता है। यह पत्रिका अर्धवार्षिक रूप से जनवरी और जुलाई में प्रकाशित होती है। इसका जुलाई 2020 का अंक प्रकाशित हो चुका है। जनवरी, 2021 अंक की पांडुलिपि प्रकाशन प्रभाग में प्रकाशनाधीन है। *आई.ई.आर.* के जुलाई 2021 और जनवरी 2022 के संयुक्त अंक के लेख और जुलाई 2022 और जनवरी 2023 के अंक के लेख समीक्षाधीन हैं। जर्नल में पूर्ण ई.आर.आई.सी. वित्त पोषित अनुसंधानों के सारांश प्रकाशित करने की पहल की गई है।

रा.शै.अ.प्र.प.

भारतीय आधुनिक शिक्षा

(आई.एस.एस.एन. 0972-5636)

भारतीय आधुनिक शिक्षा यू.जी.सी.–केयर सूची की त्रैमासिक पत्रिका है जो रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा नियमित आधार पर हिंदी में प्रकाशित की जाती है। इसके प्रकाशित संस्करणों को रा.शै.अ.प्र.प. की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाता है। यह स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा से जुड़े अध्यापकों, अध्यापक प्रशिक्षकों, अनुसंधानकर्ताओं, विद्यार्थियों और अन्य हितधारकों के विचारों के प्रसार के लिए एक उपयोगी प्रकाशन साबित हुआ है। इसकी सामग्री में विचारोद्दीपक लेख, शोध पत्र, आलोचनात्मक समीक्षा, सर्वोत्तम अभ्यास, नवाचार और प्रयोग, क्षेत्र का अनुभव और पुस्तक समीक्षा और अन्य विशेषताएँ शामिल हैं। वर्ष के दौरान, *भारतीय आधुनिक शिक्षा* के चार अंकों (अर्थात, अप्रैल 2022, जुलाई 2022, अक्तूबर 2022 और जनवरी, 2023) को अंतिम रूप दिया गया और प्रकाशन के लिए भेजा गया।

जर्नल ऑफ इंडियन एजुकेशन

आई.एस.एस.एन. 0377-0435



जर्नल ऑफ इंडियन एजुकेशन (जे.आई.ई.) नए विचारों के प्रस्तुतीकरण, समकालीन शैक्षिक समस्याओं के आलोचनात्मक मूल्यांकन और नवाचारी अभ्यासों पर अनुभवों के माध्यम से शिक्षा में मौलिक और महत्वपूर्ण विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए अध्यापकों, अध्यापक प्रशिक्षकों, अनुसंधानकर्ताओं और शिक्षा से जुड़े अन्य लोगों के लिए एक मंच प्रदान करती है। पत्रिका की सामग्री में विचारोद्दीपक लेख, शोध पत्र, चुनौतीपूर्ण चर्चाएँ, नवीन अभ्यास, पुस्तक समीक्षाएँ और साक्षात्कार आदि शामिल हैं।

वर्ष के दौरान, अंग्रेजी में 202 लेख/ शोध पत्र/ प्रकरण अध्ययन/पुस्तक समीक्षा प्राप्त हुए। प्राप्त लेख की संपादकीय टीम के सदस्यों द्वारा समीक्षा की गई। टिप्पणियाँ और सुझाव उन पत्रों के संबंधित लेखकों को भेजे गए थे, जिन्हें प्रकाशन के लिए चुना गया है। इन सुझावों/टिप्पणियों को शामिल करने के बाद चयनित आलेखों को प्रकाशन विभाग को भेज दिया गया। *जे.आई.ई.* के चार अंक (अर्थात, मई 2022 अगस्त 2022, नवंबर 2022 और फरवरी 2023) को अंतिम रूप दिया गया और प्रकाशन के लिए भेजा गया।

वॉयसेस ऑफ टीचर्स एंड टीचर एजुकेटर्स

(ई-आई.एस.एस.एन. 2455-1376)

वॉयसेस ऑफ टीचर्स एंड टीचर एजुकेटर्स (वी.टी.टी.ई.) एक ऑनलाइन जर्नल है जो रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा प्रकाशित किया जाता है और यू.जी.सी.-केयर सूची में सूचीबद्ध है। यह द्विवार्षिक पत्रिका द्विभाषी है। यह स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा से जुड़े अध्यापकों, अध्यापक प्रशिक्षकों, अनुसंधानकर्ताओं, विद्यार्थियों और अन्य हितधारकों के विचारों के प्रसार के लिए एक उपयोगी प्रकाशन साबित हुआ है। सामग्री में विचारोद्दीपक लेख, शोध पत्र,

आलोचनात्मक समीक्षाएँ, सर्वोत्तम अभ्यास, नवाचार और प्रयोग, क्षेत्र अनुभव और पुस्तक समीक्षाएँ शामिल हैं। वर्ष 2021–22 के दौरान, इस पत्रिका के दो अंकों (अर्थात, जुलाई 2020 और दिसंबर 2021) को अंतिम रूप दिया गया और रा.शै.अ.प्र.प. वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

व्यावसायिक शिक्षा पर त्रैमासिक बुलेटिन

संस्थान ने अप्रैल–सितंबर, 2022 की अवधि के लिए त्रैमासिक बुलेटिन *व्यावसायिक शिक्षा* प्रकाशित की। बुलेटिन में इस अवधि के दौरान संस्थान में आयोजित कार्यक्रमों और गतिविधियों और अन्य महत्वपूर्ण समाचारों को शामिल किया गया है।

इंडियन जर्नल ऑफ वोकेशनल एजुकेशन

(आई.एस.एस.एन. 0972–5830)



संस्थान वर्ष 2022–23 के दौरान *इंडियन जर्नल ऑफ वोकेशनल एजुकेशन* खंड 29–31 में शोध लेख और पत्र प्रकाशित करके व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा दे रहा है। यह पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान, भोपाल द्वारा प्रकाशित एक द्विवार्षिक पत्रिका है। इस शोध पत्र में व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में मूल अनुभवजन्य जाँच शामिल हैं, जिसमें कार्रवाई अनुसंधान परियोजनाओं के माध्यम से स्कूल में विभिन्न व्यावसायिक शिक्षा प्रणालियों की प्रभावशीलता और दक्षता बढ़ाने के लिए चर्चा को प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

इंडियन जर्नल ऑफ एजुकेशनल टेक्नोलॉजी का ऑनलाइन प्रकाशन

(आई.एस.एस.एन. 2581–8325)

सी.आई.ई.टी. द्वारा अंग्रेजी में एक ऑनलाइन विद्वत समीक्षित पत्रिका, *इंडियन जर्नल ऑफ एजुकेशनल टेक्नोलॉजी (आई.जे.ई.टी.)* इसकी वेबसाइट (https://ciet.nic.in/pages.php?id=journal &ln=en) पर द्विवार्षिक रूप से प्रकाशित की जाती है। यह एक यू.जी.सी. सूचीबद्ध पत्रिका है। जुलाई 2022 और जनवरी 2023 के अंक रा.शै.अ.प्र.प. और सी.आई.ई.टी. की वेबसाइट पर प्रकाशित किए गए थे, जिसमें विभिन्न श्रेणियों में क्रमशः 25 और 21 पांडुलिपियाँ प्रकाशित की गईं।

रा.शै.अ.प्र.प. वार्षिक रिपोर्ट 2021–22

रा.शै.अ.प्र.प. की वार्षिक रिपोर्ट एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ है जिसमें संसद में रखे गए लेखा विवरण सहित उपलब्धियों और गतिविधियों की पूरी तस्वीर प्रदान की जाती है। स्कूली शिक्षा की सर्वोच्च संस्था रा.शै.अ.प्र.प. की वर्ष 2021–22 की यात्रा की वार्षिक रिपोर्ट तैयार की गई है। रा.शै.अ.प्र.प. इसमें अपने प्रकाशनों, अनुसंधान अध्ययनों, विकास गतिविधियों, क्षमता निर्माण कार्यक्रमों और विस्तार गतिविधियों के रूप में परिषद् की सफलताओं और उपलब्धियों की पूरी तस्वीर प्रदान करती है। रिपोर्ट में व्यापक शैक्षणिक समुदाय, नीति निर्माताओं, अध्यापकों और क्षेत्र में अभ्यासकर्ताओं के साथ मूल्यवान संचार की सुविधा प्रदान की जाती है।

3. अनुसंधान अध्ययन

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (रा.शै.अ.प्र.प.) के प्रमुख कार्यों में अनुसंधान एक प्रमुख कार्य होने के नाते, स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के विभिन्न आयामों पर शैक्षिक अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाता है और इसका समन्वयन किया जाता है। रा.शै.अ.प्र.प. अनुसंधान अध्ययन और नवाचारों के माध्यम से चुनी हुई अंतर्दृष्टि के आधार पर, शैक्षिक प्रणाली में वांछनीय बदलाव लाने के लिए नीतियों और कार्यक्रमों की सूचना प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

शैक्षिक अनुसंधान के क्षेत्र में वर्ष के दौरान, परिषद ने स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में अध्ययन किया, जैसे– सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूहों के बच्चों के लिए सामाजिक वातावरण पर स्कूल आधारित सर्वेक्षण, हिंदी भाषा में नवीन अभ्यासों का खोजपूर्ण अध्ययन और वांछित सीखने के प्रतिफल प्राप्त करने में उनकी प्रभावशीलता, स्कूलों में नि:शक्त बच्चों के लिए उचित आवास की प्रभावकारिता, जेंडर समानता और बाल यौन शोषण की रोकथाम के लिए भारत सरकार की चुनिंदा पहलों का प्रभाव आकलन अध्ययन, विद्यार्थियों पर शिक्षा के हाइब्रिड मॉडल का प्रभाव, गणित की संकल्पनाओं की समझ, अंतरराष्ट्रीय और स्वदेशी शैक्षणिक दृष्टिकोण का दस्तावेज़ीकरण, सजीव भारतीय पारंपरिक ज्ञान के समेकन का अन्वेषणात्मक अध्ययन और अभ्यास, उच्च प्राथमिक विज्ञान किट की प्रभावशीलता का आकलन, संधारणीय विकास लक्ष्य (एस.डी.जी.) 4.7— स्कूली शिक्षा में नीतियाँ और अभ्यास आदि।

प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान संवर्धित वास्तविकता आधारित ई-सामग्री और वर्चुअल लैब की प्रभावशीलता, समग्र शिक्षा के तहत आई.सी.टी. @ स्कूल योजना, विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के समग्र विकास पर रा.शै.अ.प्र.प. के आई.सी.टी. आधारित सुलभ हस्तक्षेप (यू.डी.एल. आधारित ई-सामग्री) का प्रभाव, आई.सी.टी. दक्षता और तकनीकी शिक्षणशास्त्र पर शैक्षिक पाठ्यक्रमों में आई.सी.टी. की प्रभावशीलता, अध्यापकों की एकीकरण दक्षता, साइबर सुरक्षा और संरक्षा जागरूकता पैकेज की प्रभावशीलता, महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षा के विभिन्न तरीकों का अध्ययन, कोविड-19 के दौरान आदिवासी विद्यार्थियों के सामने ऑनलाइन सीखने में आने वाली समस्याएँ, कोविड-19 का प्रभाव, कोविड-19 अवधि के दौरान सीखने की हानि, भारत में कोविड काल आदि के दौरान ई-अधिगम पहलें भी शुरू की गईं।

परिषद् ने व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन, परिवहन सुविधाओं के उपयोग और प्रभाव, ऑनलाइन और डिजिटल संसाधनों के उपयोग से अध्यापकों और विद्यार्थियों के बीच विकसित दक्षताओं, ई.सी.सी.ई. में बच्चों के लिए शैक्षणिक अभ्यासों, एन.ई.पी. 2020 के आलोक में महाराष्ट्र द्वारा तैयार एफ.एल.एन. की पाठ्यपुस्तकें, आकांक्षी जिलों के सरकारी स्कूलों में भौतिकी शिक्षा के अध्यापकों के सामने आने वाली चुनौतियाँ, आकांक्षी जिलों में विज्ञान सीखने पर आई.सी.टी. एकीकरण, कक्षा प्रक्रियाओं में सामाजिक विज्ञान शैक्षणिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का कार्यान्वयन, आकलन में रुझान और भौतिकी में विद्यार्थियों के सीखने का मूल्यांकन, विज्ञान में पूर्ण किए गए नवीन कार्यक्रम, लोक प्रथाओं के साथ रसायन विज्ञान में कुछ चयनित

संकल्पनाओं के संबंधों की पहचान, अध्यापक प्रशिक्षक की भावी आवश्यकताएँ, हैप्पीनेस कार्यक्रम की मजबूतियों, कमजोरियों, अवसरों और चुनौतियों का विश्लेषण, प्राथमिक विद्यालय स्तर पर हस्तक्षेपों का क्रियान्वयन— एक ब्लॉक स्तरीय अनुसंधान आदि पर अध्ययन किया।

शैक्षिक संसाधन केंद्र का विश्लेषण, डी.आई.ई.टी.-सी.आर.सी. लिंकेज पहल, विद्यार्थियों में बुनियादी साक्षरता कौशल, अध्यापन अधिगम की प्रक्रिया की स्थिति, सामाजिक-सांस्कृतिक अभ्यासों की पहचान और कार्यान्वयन, 10 बैग रहित दिनों का कार्यान्वयन, बहुभाषी शिक्षा, मध्य स्तर में भाषा के उपयोग की अनुकूलता, वर्ष के दौरान पाठ्यपुस्तकें, समावेशी कक्षा वातावरण को बढ़ाना, उत्तर-पूर्व में स्कूली विद्यार्थियों और अभिभावकों की भाषा प्राथमिकताएँ, उत्तर-पूर्व क्षेत्र में अंग्रेजी, गणित और सामाजिक विज्ञान के अध्यापन के लिए सांकेतिक भाषा का अनुसंधान-सह-प्रलेखन आदि आयोजित किए गए।

इसके अलावा, परिषद् शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (ई.आर.आई.सी.) के माध्यम से शैक्षिक अनुसंधान का समर्थन करती है। परिषद् 'रा.शै.अ.प्र.प. डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति' प्रदान करती है, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में डॉक्टरेट अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए युवा प्रत्याशियों को हर साल दस अध्येतावृत्तियाँ दी जाती हैं और शिक्षा से सीधे संबंधित विषयों पर काम किया जाता है।

प्रारंभिक शिक्षा विभाग (डी.ई.ई.)

उत्तर पूर्व क्षेत्र के चयनित आकांक्षी जिलों में प्राथमिक स्कूली बच्चों के अधिगम प्रतिफलों पर वर्चुअल स्कूलिंग का प्रभाव

यह शोध आठ उत्तर पूर्वी राज्यों, अर्थात अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में किया गया था। इन शोधों का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक विद्यालय के बच्चों और अध्यापकों पर हुए कोविड-19 के प्रभाव की गंभीरता को समझना, प्राथमिक विद्यालय शिक्षा प्रणाली पर कोविड-19 और बच्चों के सीखने के प्रतिफलों पर वर्चुअल स्कूलिंग के प्रभावों का विश्लेषण करना, कोविड-19 महामारी के कारण प्राथमिक विद्यालयों के समक्ष आने वाली चुनौतियों और अवसरों की पहचान करना था।

विद्यालय स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन के कार्यान्वयन की स्थिति पर एक अध्ययन

यह अध्ययन मिश्रित विधि दृष्टिकोण के साथ आयोजित किया गया था जिसमें एक दस्तावेज़ समीक्षा टेम्पलेट और एक स्कूल प्रोफार्मा एवं अभिभावक प्रोफार्मा का उपयोग करते हुए क्षेत्र परीक्षण में डेटा एकत्र किया गया। गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों तरह के डेटा को व्यवस्थित रूप देकर उनका विश्लेषण किया गया। नमूने में भारत की एस.डी.जी. रैंकिंग सूची 2021 में पाँच शीर्ष और पाँच अल्प निष्पादन वाले राज्य और संघ राज्य क्षेत्र— अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, बिहार, गोवा, हिमाचल प्रदेश, केरल, लद्दाख, नागालैंड, त्रिपुरा और उत्तराखंड शामिल हैं।

निष्कर्षों से पता चलता है कि एस.बी.एस.वी. कार्यक्रम ने पानी, स्वच्छता और स्वच्छता पहलुओं की उपलब्धता, पहुँच और सुरक्षा पहलुओं, अर्थात लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग कार्यात्मक शौचालय, पीने योग्य और अन्य कार्यों हेतु पानी और हाथ धोने की सुविधा में महत्वपूर्ण सुधार के साथ विभिन्न स्तरों पर राज्यों के साथ लक्षित लक्ष्य हासिल किए हैं। जबकि, पानी की मात्रा, परीक्षण और संरक्षण, अपशिष्ट और मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन तथा विशेष आवश्यकता समूह के लिए शौचालय, और लड़कियों एवं विशेष आवश्यकता समूह के लिए उचित फ्लश और सीवेज सिस्टम के साथ मूत्रालय की उपलब्धता पर अधिक प्रयासों की आवश्यकता है। विभिन्न हितधारकों की स्वास्थ्य जाँच और प्रशिक्षण एस.बी.एस.वी. मानदंडों के अनुसार है। एस.एम.सी., विद्यार्थियों, माता-पिता/अभिभावकों और समुदाय की भागीदारी के संबंध में सुधार की आवश्यकता है। यह पाया गया है कि उच्च

एस.डी.जी. रैंकिंग वाले राज्य/संघ राज्य क्षेत्र अधिकांश एस.बी.एस.वी. घटकों पर दूसरों की तुलना में बेहतर निष्पादन कर रहे हैं। चंडीगढ़, गोवा और हिमाचल प्रदेश शीर्ष प्रदर्शनकर्ता हैं जबकि केरल, उत्तराखंड, त्रिपुरा, लद्दाख और बिहार राज्यों का निष्पादन औसत है और नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश अधिकांश एस.बी.एस.वी. पहलुओं पर पीछे हैं।

विशेष आवश्यकता समूह शिक्षा विभाग (डी.ई.जी.एस.एन.)

स्कूलों में नि:शक्त बच्चों के लिए उचित आवास की प्रभावशीलता— एक अध्ययन

अनुसंधान परियोजना का उद्देश्य नि:शक्तता वाले व्यक्तिगत विद्यार्थियों के लिए आवश्यक और स्कूल द्वारा प्रदान किए जाने वाले आवास के स्वरूप और सीमा का पता लगाना और नि:शक्त विद्यार्थियों की सीखने की ज़रूरतों के संबंध में स्कूलों द्वारा प्रदान किए गए आवास और सहायता की प्रभावकारिता का विश्लेषण करना है।

सितंबर, 2022 में मध्य प्रदेश के भोपाल जिले के छह स्कूलों में अनुसंधान टूल्स तैयार करने से पहले एक प्रायोगिक अध्ययन आयोजित किया गया था। अनुसंधान टूल्स के तहत स्कूल सूचना और अवलोकन पत्रक, स्कूली विद्यार्थियों के लिए साक्षात्कार अनुसूची, कक्षा अवलोकन अनुसूची, स्कूल अध्यापकों के लिए प्रश्नावली, और माता-पिता के लिए साक्षात्कार अनुसूची शोधकर्ताओं द्वारा तैयार की गई और प्रायोगिक अध्ययन के दौरान प्रशासित की गई। सूत्रीकरण और कथन, उपयुक्तता, भाषा, सार्थकता, अनुक्रमण और वस्तुओं को जोड़ने या हटाने की आवश्यकता में और संशोधन के लिए अनुसंधान टूल्स पर विभिन्न हितधारकों से प्रतिक्रिया प्राप्त की गई। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के पाँच स्कूलों में आयोजित टूल्स के परीक्षण के बाद इन टूल्स (उपकरणों) को अंतिम रूप दिया गया।

जेंडर अध्ययन विभाग (डी.जी.एस.)

जेंडर समानता और बाल यौन शोषण की रोकथाम के लिए भारत सरकार की चुनिंदा पहलों का प्रभाव आकलन

इस अध्ययन का उद्देश्य बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों जैसे लाभार्थियों के लिए स्कूलों में लघु फिल्म 'कोमल' की स्क्रीनिंग, स्कूल सुरक्षा प्रतिज्ञा, पॉक्सो और जे.जे. अधिनियम जागरूकता और जेंडर संवेदनशीलता का प्रसार और इसकी समीक्षा करना था। इस अनुसंधान डेटा के संग्रह के लिए राज्यों को प्रश्नावली भेजी गईं। डेटा प्राप्त करने के बाद, प्रत्येक क्षेत्र से दो राज्यों को चुना गया, जैसे कि हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, गोवा, असम, मणिपुर, छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना। तमिलनाडु को छोड़कर चिह्नित राज्यों का क्षेत्र भ्रमण किया गया। शोध डेटा विभिन्न हितधारकों, जैसे प्रधानाचार्यों, अध्यापकों और सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों और अभिभावकों से एकत्र किया गया था। तमिलनाडु को छोड़कर सभी राज्यों में डेटा संग्रह के लिए क्षेत्र भ्रमण पूरे हो चुके हैं।

प्रारंभिक निष्कर्षों के अनुसार, यह पाया गया कि फिल्म 'कोमल' की स्क्रीनिंग सभी चयनित राज्यों में की गई थी। जबकि, फिल्म पर कोई फॉलोअप नहीं हुआ। बुनियादी स्तर पर, अधिकांश विद्यार्थी चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर और शरीर के निजी अंगों के बारे में जानते थे। प्रारंभिक स्तर में, तेलंगाना और गोवा को छोड़कर सभी राज्यों में, सभी विद्यार्थियों को निजी अंगों के बारे में पता नहीं था, क्योंकि स्कूलों ने अपने यहाँ विद्यार्थियों को लघु फिल्म 'कोमल' नहीं दिखाई थी। मध्य और माध्यमिक स्तर पर, विद्यार्थियों को निजी अंगों और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर के बारे में पता था। यह नोट किया गया कि अधिकांश विद्यार्थी पॉक्सो अधिनियम के बारे में जानते थे जबकि अधिकांश विद्यार्थियों को जे.जे. अधिनियम के बारे में नहीं पता था। माता-पिता के मामले में, अधिकांश माता-पिता को पॉक्सो और जे.जे. अधिनियम तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी जानकारी नहीं थी। सभी राज्यों में अभिभावकों के बीच यही

स्थिति देखी गई। सभी राज्यों के अध्यापक एवं प्रधानाचार्य फिल्म ‘कोमल’ के महत्व से अवगत थे। जबकि, सभी अध्यापकों को पॉक्सो और जे.जे. अधिनियम के बारे में जागरूक नहीं किया गया था। ओडिशा और हरियाणा राज्यों में, अध्यापक बाल यौन शोषण (सी.एस.ए.) की रोकथाम पर ज्ञान का प्रसार करने के प्रयास कर रहे हैं।

जी.एच.एस., एन.बी.टी. नगर, तेलंगाना में मध्य चरण के विद्यार्थियों के साथ डेटा संग्रह

जी.एच.एस. स्कूल, कामरूप मेट्रो, असम में अध्यापकों के साथ केंद्रित समूह चर्चा



जी.पी.एस. स्कूल, धौरशायर, दक्षिण गोवा में दीवारों पर पॉक्सो, जे.जे. अधिनियम के बारे में जानकारी

सामाजिक विज्ञान शिक्षा विभाग (डी.ई.एस.एस.)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में रा.शै.अ.प्र.प., राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों और कुछ महत्वपूर्ण देशों द्वारा विकसित सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम का एक तुलनात्मक अध्ययन

इस अध्ययन का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में रा.शै.अ.प्र.प., राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों और कुछ महत्वपूर्ण देशों के सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम की जाँच करना और संगठनात्मक रूपरेखा और बल दिए जाने वाले क्षेत्रों का अध्ययन करना था। अध्ययन के निष्कर्षों से पता चला कि सामाजिक विज्ञान स्कूली स्तर पर पेश किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण विषय है। इसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया कि संपूर्ण पाठ्यक्रम में परियोजना कार्य सहित व्यावसायिक शिक्षा, अनुभवात्मक शिक्षा और व्यावहारिक कार्य को प्राथमिकता दी गई थी। उनमें से लगभग सभी पर ज्ञान के इस क्षेत्र में वास्तविक जीवन की स्थिति और आयु के उपयुक्त जानकारी पर बल दिया गया था। इस अध्ययन के निष्कर्षों से भारत में सामाजिक विज्ञान और वाणिज्य शिक्षा के लिए अधिक प्रासंगिक, आकर्षक और प्रभावी पाठ्यक्रम के विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव होने की उम्मीद है। यह अध्ययन देश में पाठ्यक्रम सुधार पर जारी विमर्श में भी योगदान देगा और नीति निर्माताओं, अध्यापकों और अन्य हितधारकों के लिए मार्गदर्शन तथा दिशा प्रदान करेगा।

विज्ञान और गणित शिक्षा विभाग (डी.ई.एस.एम.)

माध्यमिक स्तर पर गणित की संकल्पनाओं को समझने वाले विद्यार्थियों पर शिक्षा के हाइब्रिड मॉडल के प्रभाव का आकलन करने हेतु एक अध्ययन

इस अध्ययन का विशिष्ट उद्देश्य हाइब्रिड मॉडल के संबंध में माध्यमिक स्तर पर गणित में विद्यार्थियों के सीखने के स्तर की पहचान करना और माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों द्वारा गणितीय संकल्पनाओं की समझ पर अध्यापन-अधिगम के मिश्रित मॉडल के प्रभाव की जाँच करना था।

अध्ययन के निष्कर्षों से पता चलता है कि ऑनलाइन अधिगम विद्यार्थियों और अध्यापकों के लिए समान रूप से एक लोकप्रिय विकल्प बन गया है, और यह एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ पुनरीक्षण कक्षाओं के जरिए विशेष आशा दर्शाई गई है। ऑनलाइन अधिगम की सुविधा और लचीलेपन के साथ कई विद्यार्थी और अध्यापक इसे प्रमुख संकल्पनाओं और कौशलों की समीक्षा और उन्हें सुदृढ़ करने का एक अत्यधिक प्रभावी तरीका मानते हैं। पुनरीक्षण कक्षाओं के लिए ऑनलाइन अधिगम का एक प्रमुख लाभ इसमें निहित समय बचाने का पहलू है। पारंपरिक पुनरीक्षण कक्षाओं में अक्सर विद्यार्थियों को एक विशिष्ट स्थान की यात्रा करने की आवश्यकता होती है, जिसमें समय लग सकता है और अन्य प्रतिबद्धताओं में हस्तक्षेप किया जा सकता है। ऑनलाइन अधिगम से यात्रा की आवश्यकता समाप्त हो जाती है, जिससे विद्यार्थियों को अपने घर से या जहाँ भी उनके पास कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्शन उपलब्ध है, आराम से पुनरीक्षण कक्षाओं में भाग लेने की सुविधा मिलती है। अध्यापकों के लिए निरंतर व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना आवश्यक है जो आई.सी.टी. टूल्स के प्रभावी उपयोग पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

पाठ्यचर्या अध्ययन और विकास विभाग (डी.सी.एस.डी.)

स्कूल विज्ञान पाठ्यक्रम में सभी स्तरों पर सजीव भारतीय पारंपरिक ज्ञान और प्रथाओं के समेकन का एक खोजपूर्ण अध्ययन

इस शोध अध्ययन के माध्यम से स्कूल विज्ञान पाठ्यक्रम में वर्तमान भारतीय पारंपरिक ज्ञान और प्रथाओं के समेकन का पता लगाया गया। यह अध्ययन भारतीय पारंपरिक ज्ञान और प्रथाओं से संबंधित मौजूदा अभ्यासों की पहचान

करने के लिए डिजाइन किया गया था। इससे पारंपरिक ज्ञान और प्रथाओं में प्रयुक्त संकल्पनाओं, विषयों, कौशलों, विधियों और कार्यनीतियों की पहचान की जा सकेगी और उनमें निहित वैज्ञानिक सिद्धांतों और प्रक्रियाओं का पता लगाया जा सकेगा। इस अध्ययन में प्रयुक्त अनुसंधान विधि गुणात्मक स्वरूप की है। इसमें एक खोजपूर्ण दृष्टिकोण और डिजाइन का उपयोग किया गया है। इस अध्ययन में सिक्किम, राजस्थान और उत्तराखंड राज्यों में प्रचलित भारतीय पारंपरिक ज्ञान और प्रथाओं की पहचान की गई और उन्हें विभिन्न चरणों में विज्ञान पाठ्यक्रम में विषयों, संकल्पनाओं और कौशल के साथ मैप किया गया है। इस अध्ययन में विज्ञान पाठ्यक्रम में इस ज्ञान और प्रथाओं के एकीकरण के लिए उदाहरण भी प्रदान किया गया है। यह न केवल भारत के पारंपरिक ज्ञान, स्थानीय स्वाद, आदिवासी ज्ञान आदि के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा, बल्कि इससे स्कूली पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों और अध्यापन-अधिगम सामग्री में इसके एकीकरण का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

स्कूली शिक्षा में विभिन्न विषयों को पढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय और स्वदेशी शैक्षणिक दृष्टिकोण के दस्तावेजीकरण पर एक अध्ययन

इस अध्ययन का उद्देश्य विभिन्न विषयों को पढ़ाने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपयोग किए जाने वाले स्वदेशी शैक्षणिक दृष्टिकोणों का दस्तावेजीकरण और संकलन करना और उन तरीकों की पहचान करना है जिन्हें स्कूली शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य में नियोजित किया जा सकता है। यह एक गुणात्मक अध्ययन है जहाँ शोधकर्ता ने देश भर में/अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और साथ ही भारत में अपनाए जाने वाले शैक्षणिक दृष्टिकोण के बारे में जानकारी एकत्र करने के लिए संबंधित दस्तावेजों, लेखों और साहित्य की समीक्षा की। एक राष्ट्रीय परामर्श बैठक आयोजित की गई जिसमें शिक्षाविदों, अभ्यासकर्ताओं और प्रशासकों ने सामान्य रूप से स्कूली शिक्षा और विशेष रूप से अध्यापन-अधिगम की प्रक्रिया से संबंधित अपने अनुभव साझा किए। दस्तावेजों/साहित्य, परामर्शदात्री बैठक और क्षेत्र दौरों से एकत्र किए गए आँकड़ों का विश्लेषण किया गया और उन शैक्षणिक दृष्टिकोणों पर सिफ़ारिशें की गईं जिन्हें भारत में वर्तमान स्कूल परिदृश्य में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु अभ्यास या कार्यान्वित किया जा सकता है। इस अध्ययन के प्रमुख निष्कर्षों में शामिल है कि अध्यापकों को ज्ञान के स्रोतों और उसके अधिग्रहण की गहन समझ होनी चाहिए; स्कूल में विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए मानव विकास प्रक्रिया (पंचकोश) और संसाधन एवं वातावरण प्रदान किए जाने की आवश्यकता है; वर्तमान स्कूलों में अपनाई जा सकने वाली कुछ स्वदेशी शैक्षणिक प्रक्रियाओं में मौखिक परंपरा (ड्रिल, दोहराव और अभ्यास), खेल और अन्वेषण; और पढ़ना, याद करना (रटना नहीं), चिंतन, प्रश्न-उत्तर, सीधा उत्तर, उदाहरणों, उपमाओं, चित्रण और रूपकों का उपयोग, यात्रा (क्षेत्र का दौरा, अन्वेषण), अवलोकन और अनुकरण करना, संवाद और चर्चा, परंपराओं का जश्न, सांस्कृतिक गतिविधियाँ और समारोह, मॉडलिंग, सामुदायिक जीवन, ध्यान और प्रार्थना, अध्यापन और स्व-अधिगम के रूप में शिक्षण शामिल हैं। कुछ शैक्षणिक प्रक्रियाएँ जो अन्य देशों से अपनाई जा सकती हैं, उनमें विद्यार्थियों के बीच वैज्ञानिक स्वभाव, इंजीनियरिंग क्षमताओं और सौंदर्य संबंधी संवेदनाओं को बढ़ावा देने के लिए एस.टी.ई.एम./ एस.टी.ई.ए.एम. शिक्षा और स्कूल के घंटों के दौरान विद्यार्थियों के बीच स्वच्छता और ईमानदारी का विकास शामिल है जैसा कि जापान की स्कूली शिक्षा प्रणाली में पाया जाता है।

शैक्षिक किट प्रभाग (डी.ई.के.)

दिल्ली के स्कूलों में उच्च प्राथमिक स्तर पर विज्ञान की संकल्पनाओं को समझने में उच्च प्राथमिक विज्ञान किट (यू.पी.एस.के.) की प्रभावकारिता का आकलन करने हेतु एक अध्ययन

इस शोध अध्ययन का उद्देश्य उच्च प्राथमिक स्तर पर विज्ञान की संकल्पनाओं को समझने में उच्च प्राथमिक विज्ञान किट की प्रभावकारिता का पता लगाना और विज्ञान की संकल्पनाओं को समझने में इसकी प्रभावकारिता में सुधार

के लिए किट में आवश्यक संशोधनों का पता लगाना था। अधिकांश विद्यार्थियों में अध्यापन-अधिगम के दौरान उच्च प्राथमिक विज्ञान किट की वस्तुओं के प्रयोग का प्रभाव सकारात्मक पाया गया। जबकि, यह भी देखा गया है कि अधिकांश विद्यार्थियों ने व्यक्तिपरक प्रश्नों को हल करने का प्रयास नहीं किया है। स्कूल द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षणों/परीक्षाओं में विद्यार्थियों के निष्पादन पर विचार करके भी निष्कर्षों पर विचार किया जाता है।

शैक्षिक अनुसंधान प्रभाग (डी.ई.आर.)

रा.शै.अ.प्र.प. डॉक्टोरल अध्येतावृत्ति 2022–23

अध्येतावृत्ति की योजना के अनुसार, अध्येतावृत्ति की निरंतरता के लिए हर वर्ष रा.शै.अ.प्र.प. डॉक्टोरल अध्येता की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की जाती है। इस संबंध में, 16 डॉक्टरेट अध्येता की प्रगति की समीक्षा के लिए संवीक्षा-सह-प्रगति निगरानी समिति (एस.पी.एम.सी.) की बैठक 2–3 फरवरी, 2023 को आभासी विधि के माध्यम से बुलाई गई थी। संवीक्षा-सह-प्रगति निगरानी समिति की बैठक के विवरण के अनुसार उचित कार्रवाई की गई है।

ई.आर.आई.सी. की संवीक्षा-सह-प्रगति निगरानी समिति (एस.पी.एम.सी.) की दो दिवसीय बैठक 1–2 मार्च, 2023 को एन.आई.ई., नई दिल्ली में आयोजित की गई और 10 डॉक्टरेट अध्येताओं को अध्येतावृत्ति के लिए अनुशंसित किया गया। शैक्षणिक वर्ष 2022–23 के दौरान, 22 अध्येताओं को अध्येतावृत्ति/आकस्मिकता राशि जारी की गई है। नौ अध्येताओं ने अपनी पीएच.डी. पूरी कर ली है और अपना शोध प्रबंध प्रभाग को प्रस्तुत किया।

शैक्षिक सर्वेक्षण प्रभाग (ई.एस.डी.)

राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एन.ए.एस.) 2021

राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 12 नवंबर, 2021 को आयोजित किया गया था, जिसमें देश के सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के 720 जिलों के 1,18,274 स्कूलों के 34 लाख से अधिक बच्चों और 5 लाख अध्यापकों को शामिल किया गया। एन.ए.एस. 2021 के माध्यम से उत्पन्न डेटा के विश्लेषण से कक्षा 3, 5, 8 और 10 का राष्ट्रीय औसत निष्पादन प्रदान किया गया है।

राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2021 रिपोर्ट 25 मई, 2022 को जारी की गई थी। राष्ट्रीय रिपोर्ट, सभी 37 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के राज्य रिपोर्ट कार्ड और 720 जिलों की जिला रिपोर्ट सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हैं और इन्हें निम्नलिखित लिंक https://ncert.nic. in/NAS.php या https://nas.gov.in /report-card/2021 का उपयोग करते हुए एक्सेस किया जा सकता है।

मूलभूत अधिगम अध्ययन 2022

पूरे भारत में 23 से 26 मार्च, 2022 तक मूलभूत अधिगम अध्ययन (एफ.एल.एस.) नामक मूलभूत शिक्षा के लिए बड़े पैमाने पर आकलन और बेंचमार्किंग अध्ययन प्रचालित किया गया था। इस अध्ययन का उद्देश्य कक्षा 3 के विद्यार्थियों के मूलभूत सीखने के स्तर की प्रत्यक्ष समझ बनाना था। मूलभूत अधिगम अध्ययन 20 भाषाओं— असमिया, बंगाली, बोडो, अंग्रेजी, गारो, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, खासी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, मिज़ो, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू आयोजित किया गया था, जिनका उपयोग संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में शिक्षा के माध्यम के रूप में किया जा रहा है। मूलभूत अधिगम अध्ययन में 10,000 स्कूलों के कक्षा 3 के लगभग 86,000 विद्यार्थियों को शामिल किया गया। अध्ययन के नमूने में राज्य सरकार के स्कूल, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल, निजी मान्यता प्राप्त और केंद्र सरकार के स्कूल शामिल थे। इस शोध में 18,000 से अधिक अध्यापकों ने भाग लिया। बच्चों के सीखने के स्तर की पृष्ठभूमि की जानकारी प्राप्त करने के लिए स्कूल

के प्रधान अध्यापकों, अध्यापकों और विद्यार्थियों के लिए तीन प्रश्नावलियाँ भी अध्ययन के एक भाग के रूप में प्रशासित की गईं। मूलभूत अधिगम अध्ययन 2022 की रिपोर्ट सितंबर, 2022 में जारी की गई थी। रिपोर्टिंग राष्ट्रीय, राज्य और जिला (केवल अल्प निष्पादन वाले जिलों के लिए) स्तर पर की गई है। मूलभूत अधिगम अध्ययन रिपोर्ट के लिए लिंक https://dsel.education.gov.in/fls_2022 या https://ncert.nic.in/fls.php है।

अल्प निष्पादन वाले जिलों में उपलब्धि सर्वेक्षण

राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एन.ए.एस.) बड़े पैमाने पर विद्यार्थियों के सीखने का एक सर्वेक्षण है जो भारत की शिक्षा प्रणाली के स्थिति की निगरानी के लिए 2001 से समय-समय पर आयोजित किया जाता है। यह सर्वेक्षण सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, निजी मान्यता प्राप्त, केंद्र सरकार के स्कूलों में कक्षा 3, 5, 8 और 10 के विद्यार्थियों के लिए किया जाता है। सबसे हाल में किए गए सर्वेक्षण का आयोजन 13 नवंबर, 2021 को किया गया था, जिसमें सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 701 जिलों के 1,10,000 स्कूलों के 2.2 मिलियन विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का आकलन किया गया। सर्वेक्षण में दस 'अल्प निष्पादन वाले जिलों' (एल.पी.डी.) की पहचान की गई जहाँ विद्यार्थियों का निष्पादन स्तर राष्ट्रीय औसत से नीचे था। राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एन.ए.एस.) और अन्य शैक्षिक मापदंडों के परिणामों के आधार पर अल्प निष्पादन वाले जिलों (एल.पी.डी.) के रूप में पहचाने जाने वाले जिले, चांगलांग (अरुणाचल प्रदेश), धमतरी (छत्तीसगढ़), दीव (दमन और दीव), अलीराजपुर (मध्य प्रदेश), यवतमाल (महाराष्ट्र), संबलपुर (ओडिशा), मुक्तसर (पंजाब), तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु), आदिलाबाद (तेलंगाना) और शामली (उत्तर प्रदेश) थे।

रा.शै.अ.प्र.प. को 'देश के अल्प निष्पादन वाले जिलों (एल.पी.डी.) के निष्पादन में सुधार के राष्ट्रीय मिशन' नामक पहल के तहत निष्पादन को उन्नत करने के लिए इन एल.पी.डी. में दो सर्वेक्षण करने की जिम्मेदारी दी गई जिसका शुभारंभ 22 जनवरी, 2022 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था। रा.शै.अ.प्र.प. ने इस उद्देश्य के लिए एक प्राइमर बनाया, जिसमें मध्यावधि उपलब्धि सर्वेक्षण और अंतिम अवधि का उपलब्धि सर्वेक्षण शामिल है। कक्षा 3 और 5 में विद्यार्थियों के निष्पादन का आकलन करने के लिए, 22 नवंबर, 2022 को एक मध्यावधि उपलब्धि सर्वेक्षण (एम.टी.ए.एस. 2022) आयोजित किया गया और अंतिम अवधि का उपलब्धि सर्वेक्षण (ई.टी.ए.एस. 2023) क्रमशः 16 मार्च, 2023 को इन जिलों में नौ भाषाओं में आयोजित किया गया। सर्वेक्षण में विद्यार्थियों की प्रगति पर उच्च गुणवत्ता वाले डेटा एकत्र किए गए जो सर्वेक्षण प्रशासन में अंतराल को कम करने में मदद करेंगे और प्रणालीगत सुधारों के माध्यम से उनकी स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए समयबद्ध लक्ष्य और परिणाम प्राप्त करेंगे।

योजना एवं अनुवीक्षण प्रभाग (पी.एम.डी.)

स्कूली शिक्षा में सतत विकास लक्ष्य (एस.डी.जी.) 4.7 – नीतियाँ और व्यवहार

सतत विकास लक्ष्य (एस.डी.जी.) 4.7 में कहा गया है कि वर्ष 2030 तक यह सुनिश्चित करें कि सभी विद्यार्थी सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्राप्त करें, जिसमें अन्य बातों के अलावा, सतत विकास और सतत जीवन शैली, मानवाधिकार, जेंडर समानता, शांति और अहिंसा की संस्कृति के प्रचार, वैश्विक नागरिकता और सांस्कृतिक विविधता की सराहना और सतत विकास में संस्कृति का योगदान के लिए शिक्षा शामिल है। एस.डी.जी. लक्ष्य 4.7 सतत विकास शिक्षा (ई.एस.डी.) और वैश्विक नागरिकता शिक्षा (जी.सी.ई.डी.) सहित उभरती संकल्पनाओं को अपनाता है। यह अध्ययन विद्यालयों में कार्यान्वित जी.सी.ई.डी. और ई.एस.डी. से संबंधित पाठ्यचर्या परिपाटियों की जाँच करने और इस बात का विश्लेषण करने के उद्देश्य से किया गया है कि (i) वैश्विक नागरिकता और (ii) सतत विकास के लिए शिक्षा, जिसमें जेंडर समानता और मानव अधिकार

शामिल हैं, राष्ट्रीय/राज्य शिक्षा नीतियों और स्कूली शिक्षा के पाठ्यचर्या में सभी स्तरों पर मुख्यधारा में शामिल हो। एस.डी.जी. 4.7 और नीतियों तथा अभ्यासों से संबंधित साहित्य की समीक्षा की गई है। लक्षित एस.डी.जी. 4.7 के संबंध में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की स्थिति को समझने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की नीतियों, पाठ्यचर्या, अध्यापक शिक्षा और आकलन में ई.एस.डी. और जी.सी.ई.डी. के प्रतिबिंब का विश्लेषण किया गया है। एस.डी.जी. 4.7 से संबंधित पाठ्यक्रम अभ्यासों पर गहन प्रकरण अध्ययन केरल, आंध्र प्रदेश और हिमाचल प्रदेश राज्यों में आयोजित किए गए थे। प्रारंभिक निष्कर्ष पाठ्यक्रम सामग्री में ई.एस.डी. और जी.सी.ई.डी. विषयों को समेकित करके, नए शिक्षणशास्त्र का उपयोग करते हुए, पाठ्यचर्या अभ्यासों के आकलन और कार्यान्वयन में सुधार करके पाठ्यक्रम को मजबूत करने की आवश्यकता की ओर संकेत करते हैं जो जी.सी.ई.डी. और ई.एस.डी. दक्षताओं के निर्माण में मदद कर सकते हैं। पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों को सीखने में मदद करने, सकारात्मक मूल्यों और दृष्टिकोणों को विकसित करने और सामान्य कौशल के विकास में मदद करने की आवश्यकता है जो शिक्षार्थियों को भविष्य में चुनौतियों से निपटने के लिए ज्ञान और कौशल से लैस करता है।

केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.)

कक्षा 9 के स्कूली विद्यार्थियों की विज्ञान में उपलब्धि पर संवर्धित वास्तविकता आधारित ई-सामग्री और वर्चुअल लैब की प्रभावशीलता

वर्चुअल प्रयोगशाला और संवर्धित वास्तविकता ई-सामग्री के प्रति विद्यार्थियों और अध्यापकों की प्रतिक्रिया के लिए एक पैमाना विकसित किया गया था। इस हस्तक्षेप के लिए कुल 15 ए.आर. और 15 वी.आर. ई-सामग्री का चयन किया गया। दिल्ली के 5 चयनित स्कूलों में डेटा संग्रह पूरा किया गया (परीक्षण से पहले के लिए 496 विद्यार्थी और परीक्षण के बाद के लिए 390 विद्यार्थी)।

समग्र शिक्षा के अंतर्गत आई.सी.टी. @ स्कूल योजना का एक मूल्यांकनापरक अध्ययन

अनुसंधान को पूरक बनाने के लिए संबंधित साहित्य की समीक्षा की गई। सी.आई.ई.टी. द्वारा विकसित परख ऐप का पता लगाया गया। अनुसंधान टूलों में प्रश्नावली शामिल थी (प्रधानाचार्य, आई.टी. प्रशिक्षक, अध्यापक, विशेष अध्यापक और विद्यार्थियों के लिए एक-एक) जिसे डेटा संग्रह के लिए अंतिम रूप दिया गया और डेटा संग्रह 10 प्रतिशत (कुल जिले–10 एल.पी.डी.) से 10 प्रतिशत स्कूलों में किया गया।

विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के समग्र विकास पर रा.शै.अ.प्र.प. के आई.सी.टी. आधारित सुलभ हस्तक्षेप (यू.डी.एल. आधारित ई-सामग्री) की प्रभावशीलता

कक्षा 1–5 के लिए रा.शै.अ.प्र.प. पाठ्यपुस्तकों पर आधारित 596 भारतीय सांकेतिक भाषा (आई.एस.एल.) में वीडियो और यूनिवर्सल डिजाइन ऑफ अधिगम (यू.डी.एल.) के सिद्धांतों का पालन करते हुए 115 ऑडियो पुस्तकें विकसित की गई हैं। इन ई-सामग्री को एक अच्छी तरह से स्थापित व्यवस्थित प्रक्रिया के बाद तैयार किया गया था और दीक्षा (स्कूल शिक्षा के लिए डिजिटल ढाँचा), ई-पाठशाला, एन.आर.ओ.ई.आर. और पी.एम. ई-विद्या डी.टी.एच.-टीवी चैनलों और रेडियो प्रसारण के माध्यम से हितधारकों के साथ साझा करने से पहले इनकी बाहरी तौर पर समीक्षा की गई थी। इन यू.डी.एल. आधारित ई-सामग्री के बारे में जागरूकता का अध्ययन करने और अंतिम प्रयोक्ताओं की प्रतिक्रिया इकट्ठा करने के उद्देश्य से एक अध्ययन आयोजित किया गया था। शोध के डेटा विशेष अध्यापकों (458), नियमित अध्यापकों (760) और विद्यार्थियों (725) से एकत्र किए गए थे। अधिकांश नियमित अध्यापकों को ऑडियो पुस्तकों (58 प्रतिशत) और रा.शै.अ.प्र.प. पर आई.एस.एल. वीडियो (71 प्रतिशत), पी.एम. ई-विद्या पर वीडियो (59 प्रतिशत), रा.शै.अ.प्र.प. के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर वीडियो (44 प्रतिशत),

और ई-पाठशाला (57 प्रतिशत) के बारे में जानकारी नहीं थी। जबकि, (58 प्रतिशत) प्रतिक्रिया देने वाले विशेष अध्यापक सी.आई.ई.टी., रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा तैयार किए गए यू.डी.एल. आधारित आई.एस.एल. वीडियो से अवगत थे। हस्तक्षेप के बाद नियमित अध्यापकों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आई.एस.एल. वीडियो कक्षाओं में उपयोग करना आसान है (64 प्रतिशत), आई.एस.एल. वीडियो की सामग्री को समझना आसान है (66 प्रतिशत), इनसे ध्यान लगा रहता है (62 प्रतिशत), कक्षा में विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाते हैं (68 प्रतिशत), नि:शक्तता के बावजूद सभी के लिए आकर्षक बने रहते हैं (61 प्रतिशत), और गणित (68 प्रतिशत) एवं विज्ञान (69 प्रतिशत) में संकल्पना समझने की सुविधा प्रदान करते हैं।

माध्यमिक स्तर पर सेवाकालीन अध्यापकों की आई.सी.टी. दक्षता और तकनीकी-शिक्षणशास्त्र समेकन पर शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में आई.सी.टी. की प्रभावशीलता

कुल 30 देशों की योग्यता रूपरेखा की समीक्षा पूरी की गई और अनुसंधान के दौरान ध्यान केंद्रित करने वाली प्रमुख दक्षताओं की पहचान की गई। तकनीकी शिक्षणशास्त्र सामग्री एकीकरण (टी.पी.सी.आई.) पैकेज रूपरेखा का विकास पूरा किया गया। आई.सी.टी. योग्यता पैमाने का विकास जिसमें ज्ञान, दृष्टिकोण और कौशल घटक शामिल थे, पूरा किया गया और प्रतिक्रिया प्रश्नावली का विकास किया गया। ऑनलाइन इंडक्शन कोर्स का विकास किया जा रहा है और अंतिम चरण में है।

कास्केड और प्रत्यक्ष हस्तक्षेप मॉडल के माध्यम से कार्यान्वित साइबर सुरक्षा और संरक्षा जागरूकता पैकेज की प्रभावशीलता पर एक अध्ययन

एक हस्तक्षेप अनुसूची और उपलब्धि परीक्षण विकसित किया गया था। दो दिवसीय हस्तक्षेप आयोजित किया गया और इसमें 30 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और 5 स्वायत्त संगठनों के लगभग 900 प्रतिभागियों ने भाग लिया। हस्तक्षेप के बाद आकलन किया गया और लगभग 70 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वालों को प्रमाणित किया गया। साइबर सुरक्षा और संरक्षा के पाँच आयामों— तकनीकी, सामाजिक, नैतिक, मनोवैज्ञानिक और कानूनी पक्ष के संबंध में डेटा विश्लेषण किया गया। अध्ययन के निष्कर्ष से पता चलता है कि हस्तक्षेप मनोवैज्ञानिक आयाम में अधिक और तकनीकी आयाम में कम जागरूकता पैदा कर सकता है। इस अध्ययन में उन क्षेत्रों की भी पहचान की गई जिनमें साइबर सुरक्षा और संरक्षा के संदर्भ में समग्र जागरूकता पैदा करने के लिए अधिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

कोविड महामारी के दौरान प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों द्वारा अपनाई गई ऑनलाइन शिक्षा की विभिन्न विधियों का एक अध्ययन

संबंधित शोध के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए संबंधित साहित्य की समीक्षा की गई। अध्यापकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए अंग्रेजी और हिंदी में अनुसंधान उपकरण विकसित किए गए और उन्हें संचालित और अंतिम रूप दिया गया। चार राज्यों— गुजरात, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर तथा दिल्ली (प्रत्येक राज्य में 4 स्कूल) में भी डेटा संग्रह पूरा किया गया और डेटा विश्लेषण भी किया गया।

स्कूल स्तर पर आई.सी.टी. हस्तक्षेपों को लागू करना— ब्लॉक स्तरीय अनुसंधान अध्ययन

यह अध्ययन रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा अपनाए गए आकांक्षी ब्लॉकों में ब्लॉक स्तर पर आई.सी.टी. हस्तक्षेप की स्थिति का अध्ययन करने, हस्तक्षेप के लिए एक योजना विकसित करने और ब्लॉक के अध्यापकों के बीच हस्तक्षेप के प्रभाव का अध्ययन करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस अध्ययन के क्षेत्रों में राजस्थान में ब्लॉक हुर्दा, उड़ीसा में चिल्का और मध्य प्रदेश में इछावर शामिल थे। पहले चरण में तीन ब्लॉकों के 139 स्कूलों में

आई.सी.टी. एकीकरण की स्थिति का आकलन करने के लिए छह चर अर्थात बुनियादी ढाँचा, प्रशिक्षण, योग्यता, मनोवृत्ति, बाधाओं और उपयोग का अध्ययन किया गया, जिसके लिए 130 प्रधानाचार्यों और 658 अध्यापकों पर टूल्स प्रशासित किए गए थे। चरण 1 के प्रमुख निष्कर्ष यह थे कि क) हुर्दा के अध्यापकों में उच्चतम योग्यता थी, इसके अधिकतम अध्यापकों (46.3 प्रतिशत) का योग्यता स्तर मध्यम था, जबकि इछावर (66.9 प्रतिशत) और चिल्का (83.1 प्रतिशत) दोनों में अधिकतम योग्यता थी। कम योग्यता स्तर वाले अध्यापक, अध्यापक स्मार्टफोन का उपयोग करने और सोशल मीडिया का उपयोग करने में सबसे अधिक सक्षम थे और एफ.ओ.एस.एस. का उपयोग करने में सबसे कम सक्षम थे; ख) अध्यापकों का एकमत रुख था (91.20 प्रतिशत सहमत) कि कक्षा में आई.सी.टी. के उपयोग से विद्यार्थियों के सीखने में सुधार करने में मदद मिलती है और यह समय की बर्बादी नहीं है (74.50 प्रतिशत सहमत), अधिकतम अध्यापक शिक्षा में एफ.ओ.एस.एस. के उपयोग के लाभों के बारे में अनिर्णीत थे (48.00 प्रतिशत) जबकि कई अध्यापकों की राय थी कि आई.सी.टी. के उपयोग से अध्यापकों का महत्व कम हो जाता है (40 प्रतिशत सहमत), अध्यापकों का शिक्षा में आई.सी.टी. के उपयोग के प्रति समग्र सकारात्मक दृष्टिकोण था (औसत माध्य स्कोर = 2.42); ग) आई.सी.टी. के एकीकरण में अध्यापकों द्वारा पहचानी गई प्रमुख बाधाएँ आई.सी.टी. के लिए पर्याप्त धन की कमी (80.57 प्रतिशत), स्कूल में व्यक्तिगत रूप से अध्यापकों के लिए कंप्यूटर की सुविधा की कमी (82.19 प्रतिशत) और घर पर पर्सनल कंप्यूटर की कमी (74.06 प्रतिशत) थीं; घ) चिल्का में आई.सी.टी. (औसत स्कोर ≤ 1.67) का कम उपयोग करने वाले अध्यापकों की संख्या सबसे अधिक (91.2 प्रतिशत) थी, उसके बाद इछावर (71.8 प्रतिशत) थे।

अध्ययन के दूसरे चरण के लिए, चरण 1 के डेटा के विश्लेषण से हस्तक्षेप के क्षेत्रों की पहचान की गई और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में हस्तक्षेप प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित किया गया। प्रथम चरण के उप-नमूना को प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें तीनों ब्लॉकों के 91 अध्यापकों को अलग-अलग 5 दिवसीय आमने-सामने के प्रशिक्षण में अर्ध-प्रयोगात्मक (परीक्षण से पहले और उसके बाद एक समूह) डिजाइन का उपयोग करते हुए हस्तक्षेप के प्रभाव का अध्ययन किया गया। प्रभाव अध्ययन के प्रमुख निष्कर्षों से पता चला कि शिक्षा में आई.सी.टी. के उपयोग के प्रति अध्यापकों के दृष्टिकोण में कोई अंतर नहीं था, हालाँकि सभी अध्यापक तटस्थ से सकारात्मक दृष्टिकोण की श्रेणी में थे, लेकिन हस्तक्षेप के बाद शिक्षा में आई.सी.टी. का उपयोग करने में अध्यापकों के ज्ञान और कौशल में अंतर देखा गया।

पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई.), भोपाल

कक्षा 6–8 के लिए स्कूलों में 10 बैग रहित दिवसों के कार्यान्वयन हेतु दिशानिर्देश का परीक्षण

एन.ई.पी. 2020 के अनुसार, कला, क्विज़, खेल और व्यावसायिक शिल्प से जुड़ी विभिन्न प्रकार की संवर्धन गतिविधियों के लिए पूरे वर्ष बैग रहित दिवसों को प्रोत्साहित किया जाना है। इसे देखते हुए, पी.एस.एस.सी. आई.वी.ई. ने स्कूलों में 10 बैग रहित दिवस गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए एक दिशानिर्देश विकसित किया है। सत्यापन और विश्वसनीयता जाँच के लिए गतिविधियों को आजमाने और सत्यापित करने के लिए यह परियोजना शुरू की गई थी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में 10 बैग रहित दिवसों की गतिविधियों के दिशानिर्देश को आजमाना; दिशानिर्देश की कार्यान्वयन समस्याओं की पहचान करना और दिशानिर्देश के सफल कार्यान्वयन के लिए कार्यनीतियों का सुझाव देना है। कक्षा 9–12 तक व्यावसायिक विषयों वाले आठ स्कूलों को चार अलग-अलग स्थानों, जैसे कि ग्रामीण, अर्ध-शहरी, शहरी और जनजातीय क्षेत्रों से चुना गया था। अध्ययन के लिए ध्यान

में रखी गई इकाइयाँ विद्यार्थियों और अध्यापकों द्वारा प्रदर्शित पूर्व-व्यावसायिक संकल्पनाओं की रुचि, उत्साह और मौज-मस्ती की भावना, उत्साह और तनाव-मुक्त सीखने के स्तर थे। अध्यापकों और विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं सहित परीक्षण अवलोकनों की रिपोर्टिंग के लिए एक प्रोफार्मा विकसित किया गया। अध्ययन से पता चलता है कि विद्यार्थियों और अध्यापकों ने स्कूल में लागू किए जाने वाले दिशानिर्देश की सराहना की है। इससे विद्यार्थियों को विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों में शामिल करने में मदद मिलेगी और उन्हें विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों से परिचित भी किया जाएगा।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर

माध्यमिक स्तर पर हस्तक्षेप लागू करना— ब्लॉक स्तरीय अनुसंधान

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर ने ब्लॉक स्तर पर आवश्यकता आधारित हस्तक्षेप को कार्यान्वित करने और इसकी प्रभावशीलता को देखने के लिए वर्ष 2018–19 से राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के हुर्दा ब्लॉक के 167 विद्यालयों में किया है। एन.ए.एस. 2017 में जिले के खराब निष्पादन के आधार पर ब्लॉक का चयन किया गया है। विद्यार्थियों के आधारभूत आकलन और अध्यापकों के आवश्यकता आकलन डेटा के आधार पर आवश्यकता-आधारित हस्तक्षेप की योजना बनाई गई है। कला समेकित अधिगम (ए.आई.एल.) और स्कूल-आधारित आकलन (एस.बी.ए.) का उपयोग करते हुए हस्तक्षेप प्रदान किया गया है। अध्यापकों को ऑनसाइट सहायता प्रदान करने और सहकर्मी अधिगम को बढ़ावा देना। प्रत्येक पंचायत से दो अध्यापकों की पहचान की गई है और उन्हें 'कला समेकित अधिगम' के माध्यम से सीखने के प्रतिफल प्राप्त करने के लिए मास्टर प्रशिक्षकों के रूप में प्रशिक्षित किया गया है।

वैकल्पिक कार्यनीतियों के माध्यम से भी हस्तक्षेप लागू किए जा रहे हैं। इनमें से कुछ में ब्लॉक के विद्यार्थियों के बीच सीखने के स्तर और दक्षताओं के विकास को आधारभूत मूल्यांकन सर्वेक्षण (29–30 मार्च, 2019 को), नमूना आधारित मध्यावधि आकलन (5–9 सितंबर, 2022 को) और टर्मिनल असेसमेंट (10–11 मार्च, 2023) द्वारा सीखने के प्रतिफलों पर आधारित परीक्षण आइटम द्वारा ट्रैक किया गया है। इस अध्ययन की आवश्यकताओं के अनुसार प्रतिफलों का मूल्यांकन और विश्लेषण किया गया है। 31 जनवरी, 2023 से 3 फरवरी, 2023 तक स्वामी विवेकानन्द स्कूल, तस्वारिया में ब्लॉक के 167 स्कूलों के अध्यापकों के लिए स्तर विशिष्ट शिक्षण प्रतिफल प्राप्त करने के लिए व्यावहारिक कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है। इन कार्यशालाओं के दौरान, 445 अध्यापकों को अल्प निष्पादन वाले शिक्षण प्रतिफलों को प्राप्त करने के लिए उपयुक्त शिक्षणशास्त्र की खोज करने के अवसर प्रदान किए गए। एन.ए.एस. 2021 जिला रिपोर्ट कार्ड का विश्लेषण करके विषय विशिष्ट आवश्यकता आधारित हस्तक्षेपों का पता लगाया गया है।

कार्यान्वित हस्तक्षेपों के कुछ परिणाम यह थे कि राज्य रिपोर्ट कार्ड में विद्यार्थियों के सीखने के स्तर और कक्षा 3, 5 और 8 के लिए राजस्थान के 33 जिलों के बीच रैंकिंग में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है; टर्मिनल मूल्यांकन में सभी कक्षाओं और विषयों में विद्यार्थियों के सीखने के प्रतिफलों में उल्लेखनीय सुधार दिखाया गया है; कार्यान्वित गुणवत्ता हस्तक्षेपों से ब्लॉक के स्कूलों में कक्षा प्रक्रियाओं में बदलाव आया है। विषय-विशिष्ट अधिगम प्रतिफलों के साथ कला को समेकित करके, बढ़ी हुई रुचि, जुड़ाव और भागीदारी के साथ विद्यार्थियों के सीखने के प्रतिफल में सुधार किया जा रहा है। प्रदान किए गए हस्तक्षेपों पर प्रकरण अध्ययन के निष्कर्ष कार्यान्वित हस्तक्षेपों की प्रभावशीलता को प्रतिबिंबित कर रहे हैं और भविष्य के हस्तक्षेपों की योजना बनाने के लिए भी मार्गदर्शन कर रहे हैं। साझाकरण मंच और अध्यापक मंडलियों ने अध्यापकों को शैक्षणिक अभ्यासों को साझा करने की सुविधा दी है। सहकर्मी अधिगम ने ब्लॉक में सीखने का माहौल बनाया है।

मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के संदर्भ में ई.सी.सी.ई. में बच्चों के लिए शैक्षणिक अभ्यासों का अध्ययन

इस शोध अध्ययन का उद्देश्य विभिन्न ई.सी.सी.ई. केंद्रों के स्कूल तैयारी कार्यक्रम के लिए शिक्षणशास्त्र और अभ्यासों की पहचान करना और तुलना करना तथा आर.आई.ई., अजमेर और अन्य ई.सी.सी.ई. केंद्रों में भाग लेने वाले बच्चों के बीच संज्ञानात्मक, पूर्व-शैक्षणिक, भाषा, स्व-सहायता, सामाजिक और खेल के मैदानों में स्कूल की तैयारी के विभिन्न पहलुओं का पता लगाना था। इसके लिए एक टूल का विकास किया गया और कार्यशाला विधि में इसकी जाँच की गई। डेटा विभिन्न ई.सी.सी.ई. केंद्रों जैसे चार आँगनवाड़ी केंद्रों, सेवा-पूर्व और प्राथमिक केंद्रों, आर.आई.ई., भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूरु और अजमेर के प्रायोगिक बहुउद्देश्यीय स्कूलों में एकत्र किया गया था। मूलभूत सुविधाओं और शैक्षणिक अभ्यासों पर डेटा भी दो निजी केंद्रों से एकत्र किया गया था। यह पाया गया कि मूल ढाँचे और संसाधनों में अंतर के अलावा विभिन्न प्रकार के ई.सी.सी.ई. केंद्रों द्वारा उपयोग किए जाने वाले शिक्षणशास्त्र में भी अंतर है। विभिन्न केंद्रों पर ई.सी.सी.ई. में भाग लेने वाले बच्चों की मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के स्तर में भी अंतर पाया गया। एफ.एल.एन. स्तर पर शिक्षणशास्त्र और अभ्यासों को मानकीकृत करने की आवश्यकता है।

उत्तरी क्षेत्र के स्कूलों में ऑनलाइन और डिजिटल संसाधनों के उपयोग से अध्यापकों और विद्यार्थियों के बीच विकसित दक्षताओं का अध्ययन

यह शोध उत्तरी क्षेत्र के सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए किया गया था। अध्ययन में डेटा संग्रह और अध्ययन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रत्येक राज्य और संघ राज्य क्षेत्र के 10 स्कूलों की पहचान की गई। स्कूलों के दौरे में नमूना राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए डेटा संग्रह किया गया था। इस अध्ययन के लिए 86 स्कूलों के 770 अध्यापकों से डेटा एकत्र किया गया। ऑनलाइन और डिजिटल संसाधनों के उपयोग पर दक्षताओं के विकास के लिए विकसित दक्षताओं का परीक्षण चार स्तरीय पैमाने— कोई दक्षता नहीं, बुनियादी, मध्यवर्ती और उन्नत दक्षता पर किया जाता है। अध्ययन के निष्कर्षों से पता चलता है कि ऑनलाइन और डिजिटल संसाधनों के उपयोग से अध्यापकों और विद्यार्थियों के बीच केवल बुनियादी स्तर की दक्षताएँ विकसित हुई हैं। इससे शिक्षा में ऑनलाइन और डिजिटल संसाधनों के उपयोग को समझने में मदद मिलेगी और शिक्षा अधिकारियों को अपने राज्य के स्कूलों में संसाधनों को बेहतर बनाने और आधुनिक बनाने के लिए सिफ़ारिशें की जाएँगी।

संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख के माध्यमिक विद्यालयों में परिवहन सुविधाओं के उपयोग और प्रभाव का अध्ययन

यह शोध भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की समग्र शिक्षा योजनाओं के तहत परिवहन सुविधाओं की स्थिति और प्रभाव का पता लगाने के लिए किया गया था। संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख के माध्यमिक विद्यालयों में परिवहन सुविधाओं के उपयोग की स्थिति और माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन पर इसके प्रभाव और परिवहन योजना के तहत संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख में उपयोग की जाने वाली परिवहन सुविधाओं के पारंपरिक तरीकों और सर्वोत्तम अभ्यासों की जाँच की गई है।

यह अध्ययन 21–25 नवंबर, 2022 तक लेह के 44 स्कूलों और लद्दाख के कारगिल जिले के 19 स्कूलों में आयोजित किया गया था और तदनुसार आँकड़ा संग्रहण का कार्य किया गया। आँकड़ा संग्रहण हेतु राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, विद्यालय प्रमुखों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए प्रश्नावलियाँ तैयार की गईं। इन आँकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि समग्र शिक्षा के मानदंडों के अनुसार योजना को लागू करने के लिए प्रयास ईमानदारी से किए गए हैं। जबकि, योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कुछ बिंदुओं पर और ध्यान देने की आवश्यकता है।

उत्तराखंड राज्य में कोविड-19 के दौरान प्राथमिक शिक्षा में सीखने में अंतराल, चुनौतियाँ और नवाचार

इस शोध का उद्देश्य कोविड-19 महामारी के कारण विद्यार्थियों के समग्र विकास (संज्ञानात्मक, स्वास्थ्य और कल्याण, सामाजिक-व्यक्तिगत) में अंतराल का अध्ययन करना था। कोविड के दौरान अध्यापन-अधिगम में अध्यापकों, प्रधानाध्यापकों, अभिभावकों, विद्यार्थियों और शिक्षा पदाधिकारियों को पेश आई चुनौतियाँ और अपनाए गए नवाचार संगत शोध प्रश्न थे। अध्ययन में मिश्रित अनुसंधान डिजाइन का पालन किया गया है और बहु-चरण नमूनाकरण तकनीकों का उपयोग करते हुए नमूनाकरण किया गया है।

इस शोध अध्ययन के लिए उत्तराखंड के दो जिलों के 40 विद्यालयों, जिसमें टिहरी-गढ़वाल को सामान्य जिले और हरिद्वार को आकांक्षी जिले के रूप में चिह्नित किया गया है। इसमें स्वास्थ्य और कल्याण, विद्यार्थियों के सामाजिक-व्यक्तिगत विकास के बारे में विद्यार्थियों के लिए प्रश्नावली, अध्यापकों, प्रधानाध्यापकों, शिक्षा पदाधिकारियों, माता-पिता और विद्यार्थियों को पेश आई चुनौतियों का अध्ययन करने के लिए प्रश्नावली, अध्यापकों, प्रधानाध्यापकों, शिक्षा पदाधिकारियों और अभिभावकों द्वारा किए गए नवाचारों का अध्ययन करने के लिए प्रश्नावली और कोविड के दौरान आने वाली चुनौतियों का अध्ययन करने के लिए विद्यार्थियों के साथ केंद्रित समूह चर्चा का उपयोग किया गया है। कार्यशाला विधि में विकसित उपकरणों का उपयोग कुल 40 स्कूलों; प्रत्येक जिले के ग्रामीण और शहरी ब्लॉक से 5 स्कूलों में डेटा संग्रह के लिए किया गया है। एन.ए.एस. 2021 के परिणाम का उपयोग कक्षा 3 और 5 में सीखने में अंतर की पहचान के लिए किया गया है। अध्ययन में एन.ए.एस. 2021 के जिला रिपोर्ट कार्ड के अनुसार विषय विशिष्ट सीखने के प्रतिफलों में आए अंतराल का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। इंटरनेट कनेक्टिविटी/डिजिटल गैजेट की कमी, साथ ही माता-पिता के समर्थन की कमी, अध्यापकों की सीमित प्रतिक्रिया और अध्यापक प्रशिक्षण की कमी रिपोर्ट की गई कुछ प्रमुख चुनौतियाँ थीं।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल

एन.ई.पी. 2020 की सिफ़ारिशों के आलोक में महाराष्ट्र द्वारा तैयार एफ.एल.एन. की पाठ्यपुस्तकों का एक अध्ययन

इस शोध अध्ययन का उद्देश्य है (क) महाराष्ट्र द्वारा तैयार एफ.एल.एन. की पाठ्यपुस्तकों का अध्ययन करना, (ख) यह आकलन करना कि क्या पाठ्यपुस्तकें सीखने के प्रतिफलों और निपुण भारत दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार की गई हैं, (ग) यह आकलन करना कि क्या पाठ्यपुस्तकों में विद्यार्थियों को उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करने के लिए अच्छे/पर्याप्त चित्रण, मुद्रण आदि हैं, और (घ) पाठ्यपुस्तकों में सुधार के लिए परिवर्तन का सुझाव देना। अनुसंधान में गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों दृष्टिकोणों को शामिल करते हुए एक विश्लेषणात्मक विधि का उपयोग किया गया। अध्ययन में यह देखने के लिए कुछ टूल्स भी विकसित किए जाएँगे कि पाठ्यपुस्तकें विद्यार्थियों में सीखने के प्रतिफलों को पूरा करने में सहायता करेंगी या नहीं। इसके अलावा, पाठ्यपुस्तक के चित्र, फॉन्ट, मुद्रण आदि का मात्रात्मक और गुणात्मक अध्ययन भी किया जाएगा, ताकि यह देखा जा सके कि क्या वे विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। चूँकि यह एक राज्य की आवश्यकता है इसलिए निष्कर्षों और सुझावों को महाराष्ट्र राज्य के साथ साझा किया जाएगा। इसके अलावा, इन निष्कर्षों और सुझावों को अन्य राज्य अपनी पाठ्यपुस्तकों को विकसित और समीक्षा करते समय ध्यान में रख सकते हैं।

स्कूल स्तर पर हस्तक्षेप लागू करना— ब्लॉक स्तरीय अनुसंधान परियोजना

इस शोध अध्ययन का उद्देश्य है— (क) एक चिह्नित राजस्व ब्लॉक (आकलन) में स्कूल स्तर पर विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का आकलन करना, (ख) एन.सी.एफ. 2005 द्वारा प्रचारित विचारों (उदाहरण के लिए, जेंडर सरोकार,

यह कार्यक्रम दो चरणों में एन.ई.आर.आई.ई. में 21 से 25 नवंबर, 2022 और 27 फरवरी से 3 मार्च, 2023 तक आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माध्यमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान में ई-सामग्री के विकास के लिए स्क्रिप्ट तैयार करने के लिए आवश्यक कौशल के साथ के.आर.पी. को सशक्त बनाना था। इस सत्र में ई-सामग्री के विकास की प्रक्रियाएँ, ई-सामग्री के प्रकार और प्रारूप, ई-सामग्री की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग, एनीमेशन और मुफ्त ऑनलाइन संसाधन, सी.डब्ल्यू.एस.एन. के लिए ई-सामग्री, एन.ई.पी. 2020 और आई.सी.टी. पहल, निर्देशात्मक डिजाइन और ई-सामग्री की प्रक्रिया, फ्री एंड ओपन सॉफ्टवेयर, एफ.ओ.एस.एस. और एडिटिंग टूल का उपयोग करने पर सौंपे गए सत्र, अंतरक्रिया संसाधन, ऑडियो और वीडियो संसाधनों का विकास, ओ.ई.आर., लाइसेंसिंग और कॉपीराइट मुद्दे, स्क्रिप्ट लेखन/स्टोरी बोर्ड प्रक्रिया और प्रारूप, ई-कंटेंट ऑथरिंग टूल (ई.एक्स.ई.), एच5पी का उपयोग करके ई-संसाधन बनाना, उदाहरणों के साथ राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल और अर्थशास्त्र में ई-सामग्री का विकास शामिल थे।

सभी पूर्वोत्तर राज्यों के लिए माध्यमिक स्तर पर विज्ञान और गणित में सीखने के प्रतिफलों पर के.आर.पी. का क्षमता निर्माण

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य अध्यापकों को पाठ्यचर्या की अपेक्षाओं के अनुसार सीखने के प्रतिफलों को समझने और प्राप्त करने में मदद करना, कक्षा-कक्ष में अधिगम की स्थिति बनाने के लिए संगत संसाधनों का उपयोग करने में प्रायोगिक अनुभव प्रदान करना, पाठ्यचर्या क्षेत्रों में एक शैक्षणिक प्रक्रिया के रूप में प्रायोगिक शिक्षण आयोजित करने में अध्यापकों की योग्यता को बढ़ाना, गणित और विज्ञान के अध्यापक अधिगम की गुणवत्ता में सुधार के लिए संज्ञानात्मक, साइकोमोटर और भावात्मक डोमेन पर उच्च क्रम सोच कौशल और सीखने के प्रतिफलों को विकसित करना था। इस सत्र के दौरान कवर किए गए विषयों में शामिल हैं, एन.ई.पी. 2020 की मुख्य विशेषताएँ और अवलोकन, सीखने के प्रतिफल और इसके कार्यान्वयन को समझना, अधिगम के उद्देश्य, संकेतक और परिणाम— दस्तावेज़ की एक संक्षिप्त रूपरेखा 'माध्यमिक स्तर पर सीखने के प्रतिफल', विज्ञान और गणित में मूल्यांकन और सीखने के प्रतिफल, विज्ञान और गणित में पाठ्यचर्या संबंधी अपेक्षाएँ और योग्यता आधारित शिक्षा, गणित के शिक्षण में धारणाएँ, माध्यमिक स्तर पर विज्ञान और गणित में शैक्षणिक प्रक्रियाएँ, गणित अध्यापन की पद्धति, गणित और विज्ञान में अध्यापन और अधिगम में कला और आई.सी.टी. का समेकन, स्वदेशी और पारंपरिक संदर्भ अध्यापन और अधिगम, गणित फोबिया— कारण और उपचार, माध्यमिक स्तर पर सचेतन और गणित अधिगम के लिए योग और ध्यान, अधिगम में बहुविषयक दृष्टिकोण, गणित और ओरिगेमी में सीखने का पूर्ण आनंद, विज्ञान और गणित और समूह प्रस्तुतियों के विशिष्ट सामग्री क्षेत्रों के लिए सीखने के प्रतिफलों का विकास करना।

पूर्वोत्तर राज्यों के लिए प्रारंभिक स्तर पर मूल्यांकन और आकलन पर के.आर.पी. का क्षमता निर्माण

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य मूल्यांकन और आकलन के विभिन्न उपकरणों और तकनीकों के साथ उन्हें सशक्त बनाना, मूल्यांकन और आकलन कार्यनीतियों के प्रकारों पर प्रायोगिक अनुभव प्रदान करना, परीक्षण कौशल और

उच्च मानसिक क्षमताओं की तकनीकों, और विभिन्न सीखने के प्रतिफलों के रचनात्मक मूल्यांकन पर के.आर.पी. को सशक्त बनाने पर अध्यापकों को प्रायोगिक मार्गदर्शन प्रदान करना था। इस सत्र के दौरान कवर किए गए विषय थे— स्कूल आधारित मूल्यांकन, एन.ई.पी. 2020 मूल्यांकन सुधार, व्यक्तिगत और सामाजिक गुणों का आकलन, मूल्यांकन उपकरण और तकनीक प्रदर्शन मूल्यांकन; रुब्रिक्स, पोर्टफोलियो, उपाख्यान; गुणात्मक मूल्यांकन, उच्च स्तरीय सोच कौशल (एच.ओ.टी.एस.) और मूल्यांकन, पाठ्यचर्या संबंधी अपेक्षाएँ शैक्षणिक प्रक्रियाएँ, सीखने के प्रतिफल और मूल्यांकन, समग्र विकास के लिए टूल और तकनीक विकसित करने पर सौंपी गई गतिविधियाँ और समूह कार्य, एन.ई.पी. 2020 के मद्देनजर रचनात्मक मूल्यांकन को समझना, टूल, तकनीक और रचनात्मक मूल्यांकन, रचनावाद और विद्यार्थी मूल्यांकन और मापन और मूल्यांकन की कार्यनीतियाँ।

सभी पूर्वोत्तर राज्यों के लिए माध्यमिक स्तर पर विज्ञान में प्रश्न पत्र तैयार करने पर के.आर.पी. का क्षमता निर्माण

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य के.आर.पी. को प्रश्न निर्धारण के विभिन्न आयामों के साथ सशक्त बनाना और प्रश्नों के विभिन्न रूपों और स्तरों के निर्माण पर प्रायोगिक अनुभव प्रदान करना है। सत्र के दौरान शामिल विषय हैं परीक्षा सुधार— एक सिंहावलोकन, एन.ई.पी. 2020 के आलोक में मूल्यांकन सुधार, परीक्षण, मूल्यांकन और आकलन, रचनात्मक मूल्यांकन और योगात्मक मूल्यांकन, प्रश्नों के प्रकार और रूप, प्रश्नपत्र तैयार करने के लिए दिशानिर्देश, योगात्मक मूल्यांकन के तरीके, परीक्षण मद और ब्लू प्रिंट, प्रश्नपत्र विश्लेषण और समूह प्रस्तुतियों का निर्माण।

क्र.सं.	कार्यक्रम का शीर्षक	स्थान और दिनांक
1.	पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्राथमिक स्तर पर एफ.एल.एन. के लिए एल.ओ. आधारित शिक्षण संसाधनों के विकास पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम	एस.सी.ई.आर.टी., सिक्किम 31 अक्तूबर से 4 नवंबर, 2022
2.	वैश्विक नागरिकता शिक्षा (जी.सी.ई.डी.) पर के.आर.पी. के लिए क्षमता निर्माण	एन.ई.आर.आई.ई., उमियम 13–17 फरवरी, 2023
3.	अनुसंधान उपकरणों के विकास पर सभी पूर्वोत्तर राज्यों के के.आर.पी. के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम	मणिपुर 5–9 फरवरी, 2023
		एस.सी.ई.आर.टी., असम 20–24 फरवरी, 2023
		त्रिपुरा 6–10 मार्च, 2023
4.	माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक अध्यापकों के लिए व्यावसायिक विकास पर प्रशिक्षण	एस.सी.ई.आर.टी., मणिपुर 26–30 सितंबर, 2022
		एन.ई.आर.आई.ई., उमियम 23–27 फरवरी, 2023
		एस.सी.ई.आर.टी., नागालैंड 10–14 जनवरी, 2023
		एस.सी.ई.आर.टी., सिक्किम 14–18 फरवरी, 2023
5.	मणिपुर की मान्यता प्राप्त जनजातीय भाषाओं के पाठ्यपुस्तक लेखकों के लिए क्षमता निर्माण	मणिपुर 27 जून से 1 जुलाई, 2022

6.	मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता पर पूर्वोत्तर क्षेत्र के के.आर.पी. का क्षमता निर्माण	चरण 1 एन.ई.आर.आई.ई., उमियम 26–30 सितंबर, 2022 चरण 2 एस.सी.ई.आर.टी., असम 19–23 दिसंबर, 2022
7.	पूर्वोत्तर क्षेत्र के सामाजिक विज्ञान में ई-सामग्री के लिए स्क्रिप्ट लेखन में के.आर.पी. का क्षमता निर्माण	चरण 1 एन.ई.आर.आई.ई., उमियम 21–25 नवंबर, 2022 चरण 2 एन.ई.आर.आई.ई., उमियम 27 फरवरी से 3 मार्च, 2023
8.	सभी पूर्वोत्तर राज्यों के लिए माध्यमिक स्तर पर विज्ञान और गणित में सीखने के प्रतिफलों पर के.आर.पी. का क्षमता निर्माण	चरण 1 एन.ई.आर.आई.ई., उमियम 18–22 जुलाई, 2022 चरण 2 एन.ई.आर.आई.ई., उमियम 7–11 नवंबर, 2022
9.	पूर्वोत्तर राज्यों के लिए प्रारंभिक स्तर पर मूल्यांकन और आकलन पर के.आर.पी. का क्षमता निर्माण	एन.ई.आर.आई.ई., उमियम 12–17 सितंबर, 2022
10.	सभी पूर्वोत्तर राज्यों के लिए माध्यमिक स्तर पर विज्ञान में प्रश्नपत्र तैयार करने पर के.आर.पी. का क्षमता निर्माण	एन.ई.आर.आई.ई., उमियम 20–24 फरवरी, 2023

6. विस्तार गतिविधियाँ

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (रा.शै.अ.प्र.प.) ने देशभर में अपने हितधारकों तक पहुँचने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बैठकों के साथ-साथ क्षेत्रीय बैठकों/संगोष्ठियों, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर की प्रतिस्पर्द्धाओं, क्षेत्रीय समीक्षा कार्यशालाओं, परिसरों एवं संवेदीकरण कार्यशालाओं, विस्तार व्याख्यानों, पुस्तक प्रदर्शनियों आदि के रूप में अपने कार्यों का विस्तार किया है। यहाँ व्यापक विस्तार कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो एन.आई.ई., आर.आई.ई., सी.आई.ई.टी. और पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. के विभाग पदाधिकारियों तक पहुँचने और राज्यों या संघ राज्य क्षेत्रों को शैक्षणिक सहायता प्रदान करने की गतिविधियों में संलग्न हैं।

वर्ष के दौरान परिषद् द्वारा आयोजित विस्तार कार्यक्रमों में शामिल हैं— बुनियादी और प्रारंभिक स्तर के लिए खिलौनों पर आधारित शिक्षणशास्त्र (टॉय बेस्ट पेडागॉजी) को लोकप्रिय बनाने और समेकित करने के लिए क्षेत्रीय सम्मेलन; बच्चों के लिए राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित और पर्यावरण प्रदर्शनी (एस.एल.एस.एम.ई.ई.); बच्चों के लिए जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय विज्ञान, गणित और पर्यावरण प्रदर्शनी (जे.एन.एन.एस.एम.ई.ई.) 2022; विज्ञान और गणित शिक्षा संसाधन केंद्र; स्कूली बच्चों के लिए राष्ट्रीय जूनियर वैज्ञानिक पुरस्कार; सभी क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों में शैक्षिक किट संसाधन केंद्र (ई.के.आर.सी.) की स्थापना; विज्ञान को लोकप्रिय बनाने का केंद्र; नेशनल लाइब्रेरी ऑफ एजुकेशनल एंड साइकोलॉजिकल टेस्ट (एन.एल.ई.पी.टी.); रा.शै.अ.प्र.प. डॉक्टोरल फेलोशिप 2022; रा.शै.अ.प्र.प. रिसर्च एसोसिएट-शिप (शिक्षाविद्/शोधकर्ता) पूल योजना; ई.आर.आई.सी. गतिविधियों का आयोजन; एस.पी.एम.सी. और ई.आर.आई.सी. की सामान्य निकाय बैठकें और स्वीकृत ई.आर.आई.सी. परियोजनाओं के लिए धन जारी करना; एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई. के निदेशकों का सम्मेलन; एस.सी.ई.आर.टी. और डी.आई.ई.टी. का सुदृढ़ीकरण; राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना पुरस्कार विजेताओं के लिए पोषण कार्यक्रमों का संचालन; राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना का कार्यान्वयन; रा.शै.अ.प्र.प. पुस्तकालय के प्रयोक्ताओं के लिए प्रयोक्ता शिक्षा कार्यक्रम; स्कूल और अध्यापक शिक्षा के लिए ई.टी./आई.सी.टी. में संसाधन-सह-गतिविधि केंद्र; वेबसाइटों, मोबाइल ऐप्स और अन्य डिजिटल गतिविधियों का विकास और रखरखाव; इंटर्नशिप के लिए सहयोगी स्कूलों के प्रमुखों और समन्वयक शिक्षकों के लिए कार्यशाला; आर.आई.ई. पूर्व-सेवा शिक्षक कार्यक्रम में स्कूल इंटर्नशिप का संगठन; अनुसंधान और बहु-सांस्कृतिक पहलुओं पर आर.आई.ई. छात्रों को सामुदायिक अनुभव प्रदान करना; डिजिटल युग में माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के बीच पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने पर राष्ट्रीय बैठक; राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में विज्ञान शिक्षा पर पुनर्विचार पर राष्ट्रीय सम्मेलन; बुनियादी स्कूली विषयों और गणित शिक्षा में शिक्षण संसाधनों के विकास और उपयोग में नवाचार; राष्ट्रीय परियोजना प्रगति समीक्षा (पी.पी.आर.) राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एन.पी.ई.पी.) की कार्यशालाएँ, जनसंख्या और किशोरावस्था शिक्षा पर जीवन कौशल विकास आधारित गतिविधियों का आयोजन; महान भारतीय विचारकों के जीवन और कार्यों को मान्यता देने के लिए 'अभिव्यक्ति शृंखला' का आयोजन और विस्तार व्याख्यान; प्रायोगिक बहुउद्देशीय स्कूलों में प्री-स्कूल केंद्र; मार्गदर्शन और परामर्श में डिप्लोमा पाठ्यक्रम (स्व-वित्तपोषित, मिश्रित विधि); डिजिटल युग में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा पर राष्ट्रीय वेबिनार; स्कूली पाठ्यक्रम में फोकस को संदर्भ आधारित से योग्यता आधारित शिक्षा

और जनसंख्या शिक्षा पर स्थानांतरित करने पर राष्ट्रीय संगोष्ठी; वेबिनार शृंखला— सीखना सुनना; मातृभाषा दिवस और 'संवाद' का उत्सव— भाषा, संस्कृति, समाज; और भाषा शिक्षा पर व्याख्यान शृंखला आदि।

प्रारंभिक शिक्षा विभाग (डी.ई.ई.)

बुनियादी और प्रारंभिक स्तर पर खिलौना आधारित शिक्षणशास्त्र को लोकप्रिय बनाने के लिए क्षेत्रीय सम्मेलन

वर्ष 2022–23 के लिए प्रस्तावित पाँच में से तीन क्षेत्रीय सम्मेलन तीन आर.आई.ई. में आयोजित किए गए थे, जिसमें उनके अधिकार क्षेत्र के सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को शामिल किया गया था। इन सम्मेलनों में राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। आर.आई.ई. में प्रतिभागियों ने बुनियादी और प्रारंभिक स्तर पर खिलौना आधारित शिक्षणशास्त्र के बारे में अपनी पहल साझा की। टॉय बेस्ड पेडागॉजी पर अनुकरणीय कार्य करने वाले स्थानीय कलाकारों को यह दिखाने के लिए आमंत्रित किया गया था कि बच्चों और शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों और समुदाय को अपने हाथों से खिलौने बनाने और अवधारणाओं को अधिक स्थायी तरीके से सीखने में किस तरह शामिल किया जा सकता है। आर.आई.ई. के छात्र-शिक्षकों को यह प्रदर्शित करने के लिए उचित अवसर दिए गए कि खिलौना आधारित शिक्षणशास्त्र कक्षा की प्रक्रियाओं का अभिन्न अंग कैसे हो सकता है। राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र के लिए सभी प्रतिभागियों द्वारा कम या बिना लागत वाली सामग्री के साथ स्थानीय खिलौनों, बोर्ड गेम और अन्य स्व-विकसित खिलौनों की एक प्रदर्शनी लगाई गई थी और यह हर किसी के लिए मनोरंजन के साथ एक बहुत अच्छी सीख थी, क्योंकि यह हमारे देश की विशेषता 'विविधता में एकता' से परिपूर्ण थी।

पढ़ने की समझ और संख्यात्मक ज्ञान के साथ पढ़ने में प्रवीणता के लिए राष्ट्रीय पहल (निपुण भारत मिशन) के कार्यान्वयन के लिए क्षेत्रीय परामर्श बैठकें

शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2021 में पढ़ने की समझ और संख्यात्मकता के साथ पढ़ने में प्रवीणता के लिए राष्ट्रीय पहल (निपुण भारत) शुरू की गई थी। नई शिक्षा नीति 2020 में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफ.एल.एन.) में सफल होने पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि देश के प्रत्येक बच्चे को 2026–27 तक तीसरी कक्षा के अंत तक मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता में सफल होना होगा। शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2021 में पढ़ने की समझ और संख्यात्मकता के साथ पढ़ने में प्रवीणता के लिए एक राष्ट्रीय पहल (निपुण भारत) शुरू की गई थी। जैसी कि परिकल्पना की गई है, निपुण भारत मिशन में प्री-स्कूल से कक्षा 3 तक के बच्चों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जो 3 से 9 वर्ष की आयु के बीच हैं। कक्षा 4 और 5 के बच्चे जिन्होंने अभी तक मौलिक क्षमताओं में महारथ हासिल नहीं की है, उन्हें आवश्यक कौशल प्राप्त करने में मदद करने के लिए शिक्षक सहायता और समर्थन, सहकर्मी समर्थन और वर्गीकृत शिक्षण सामग्री भी मिलेगी।

मिशन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रमुख कार्यनीतियों में कार्यान्वयन के लिए निपुण भारत दिशानिर्देशों का विकास, निष्ठा— मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता 3.0 (12 मॉड्यूल और वीडियो कार्यक्रम) के तहत शिक्षकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण, दीक्षा पोर्टल पर विद्या प्रवेश मॉड्यूल और मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता वर्टिकल का विकास शामिल है।

निपुण भारत राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में क्रियाधीन है। एक ऐसा मंच प्रदान करना महत्वपूर्ण है, जो आमने-सामने हो, जहाँ विभिन्न राज्य और संघ राज्य क्षेत्र अपनी कार्यनीतियों और परिणामों पर चर्चा कर सकें। भौतिक बैठकें कार्यक्रम के भीतर और बाहर आपसी चर्चा और सीखने की सुविधा प्रदान करेंगी। सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को कवर करते हुए आमने-सामने की चार परामर्श बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों के दौरान, प्रत्येक राज्य के प्रतिनिधियों ने निपुण भारत मिशन को लागू करने के लिए अपनी वर्तमान और भविष्य की योजनाओं पर एक प्रस्तुति दी।

राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की प्रस्तुतियों के अलावा कार्यक्रम के दौरान इन महत्वपूर्ण विषयों, जैसे— एन.सी.एफ.-एफ.एस. 2022, बच्चों में विकलांगता की शीघ्र पहचान के लिए 'प्रशस्त', मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के तहत दीक्षा संसाधनों का उपयोग, राज्य स्तरीय हस्तक्षेपों के लिए एफ.एल.एस. 2022 को समझना और भाग लेने वाले राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के अनुरोध पर अन्य विषयों पर शैक्षणिक सत्र निर्धारित किए गए थे। इन संपूर्ण परामर्श बैठकों में भागीदारी और चर्चा विधि का उपयोग किया गया।

भाषा शिक्षण विभाग (डी.ई.एल.)

भारतीय भाषा दिवस उत्सव

सुब्रमण्यम भारती की जयंती के अवसर पर 11 दिसंबर 2022 को भारतीय भाषा दिवस समारोह आयोजित किया गया। तमिल भाषा के साहित्यकार और आलोचक थिरु इसाइक्कवि रामानन ने "सुब्रमण्यम भारती और भारतीय भाषाओं" पर विचार-विमर्श किया। सुब्रमण्यम भारती (11 दिसंबर, 1882–11 सितंबर, 1921) प्रसिद्ध तमिल लेखक, कवि, पत्रकार और भारतीय समाज सुधारक थे। वे आधुनिक तमिल कविता के अग्रणी थे और उन्हें सर्वकालिक महान तमिल साहित्यकारों में से एक माना जाता है।

इस दौरान भाषाओं में एकता और भारत में भाषाओं के संरचनात्मक, साहित्यिक और शैक्षणिक संदर्भ पर चर्चा हुई। भारत जैसे बहुभाषी देश में विविधता कोई मजबूरी नहीं बल्कि स्वीकार्यता है और विविधता प्रकृति का उपहार है, हमें इसका सम्मान करना चाहिए।

थिरु इसाइक्कवि रामानन ने कहा कि भाषाएँ अनेक हैं, रीति-रिवाज भिन्न हैं, यहाँ तक कि रंग-रूप भी अलग-अलग स्थानों पर भिन्न हैं, लेकिन साहित्य एक है। सुब्रमण्यम भारती ने भारत को जोड़ने के लिए भाषा को एक उपकरण के रूप में चुना। इसाइक्कवि ने दर्शकों से सुब्रमण्यम भारती के लेखन में दर्शाए गए उनके आशावाद को समझने का भी आग्रह किया। भारत के भाषा संबंधी परिदृश्य पर प्रस्तुतियाँ; एक कवि, राष्ट्रवादी और पत्रकार के रूप में सुब्रमण्यम भारती की यात्रा पर वीडियो प्रस्तुति और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गईं। नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया की पुस्तक प्रदर्शनी के साथ-साथ 2011 की जनगणना पर आधारित भारतीय भाषाओं, भाषाओं की लिपियों, सुब्रमण्यम भारती की कविता आदि पर पोस्टर प्रस्तुतियाँ भी दी गईं।

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी, 2023 को मनाया गया। यह दिन भाषा और सौंदर्यशास्त्र के एकीकरण को समझने के उद्देश्य से भाषा कला विषय के तहत मनाया गया। वक्ता ने इस विचार पर जोर दिया कि भारत एक बहुभाषी देश है और भाषाएँ हमारे देश का संसाधन और ताकत हैं। बच्चों की सीखने की क्षमता और रचनात्मक सोच के लिए उनकी मातृभाषा को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। प्राचीन काल से ही भाषाओं ने विभिन्न मुद्दों पर सार्थक संवाद को बढ़ाया है और लोगों में सौंदर्य बोध पैदा किया है। स्कूली शिक्षा में बच्चों के सीखने के लिए उनकी भाषाओं के उपयोग पर बल दिया जाना चाहिए। रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा पाठ्यसामग्री, पूरक सामग्री ऑडियो-वीडियो कार्यक्रम, जैसे— समझ का माध्यम और भाषा संगम प्रकाशित किए जाते हैं। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए सुभद्रा कुमारी चौहान द्वारा *झाँसी की रानी* कविता की नाटकीय प्रस्तुति और सूर्य नमस्कार का चित्रण करने वाला भरतनाट्यम और सुब्रमण्यम भारती की एक कविता प्रस्तुत की गई थी।

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013, की अधिनियम संख्या 14 पर सप्ताह का आयोजन

रा.शै.अ.प्र.प. ने महिला यौन उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न के खिलाफ कानूनी प्रावधानों और कार्यस्थलों पर सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण के उपायों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए गतिविधियों का आयोजन किया। पी.ओ.एस.एच. समिति के सदस्यों ने प्रसार के लिए पोस्टर, पी.पी.टी. तैयार किए और एन.आई.ई. और आर.आई.ई. में ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विशेष आवश्यकता समूह शिक्षा विभाग (डी.ई.जी.एस.एन.)

अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक

इस वर्ष के लिए अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की पहली बैठक 22 अगस्त, 2022 को एन.ई.आर.आई.ई., उमियम (मेघालय) में आयोजित की गई थी। बैठक में कुल 09 सदस्यों ने भाग लिया। दूसरी बैठक 17 फरवरी, 2023 को आर.आई.ई., मैसूरु में आयोजित की गई, जिसमें 14 सदस्यों ने ऑफलाइन और ऑनलाइन विधि के माध्यम से भाग लिया।

विज्ञान और गणित शिक्षा विभाग (डी.ई.एस.एम.)

वेबिनार शृंखला— सीखने के लिए सुनना

टेलीविजन पर पी.एम. ई-विद्या चैनलों और रा.शै.अ.प्र.प. के यूट्यूब चैनल के माध्यम से सीखने के लिए एक प्रसारण कार्यक्रम वेबिनार शृंखला का आयोजन किया गया है। रा.शै.अ.प्र.प. के इस मंच से स्कूली शिक्षा के समसामयिक और संगत मुद्दों से जुड़े विविध मुद्दों के बारे में जानने का अवसर प्रदान किया जाता रहा है। रा.शै.अ.प्र.प. ने भारतीय प्रवासियों को मातृभूमि से जोड़ने के लिए भारत सरकार के प्रवासी भारतीय शैक्षणिक और वैज्ञानिक संपर्क (प्रभास) कार्यक्रम के साथ भी सहयोग किया है। वर्ष 2022–23 के दौरान; पी.एम. ई-विद्या चैनल 9, 10, 11, 12 पर ऐसे 21 सत्र आयोजित किए गए। रा.शै.अ.प्र.प. की वेबिनार शृंखला के सभी सत्रों के बारे में

वेबिनार शृंखला— 'सीखने के लिए सुनना' की कुछ झलकियाँ

विवरण— इस शृंखला में सीखने के लिए सुनना https://youtube.com/playlist?list=PLUgLcpnv1YifsVIYiNsbEBF7vPg9YdEnm पर देखा जा सकता है। इन्हें रा.शै.अ.प्र.प. के अधिकारिक यूट्यूब चैनल NCERT Official और www.ncert.nic.in पर इवेंट सेक्शन के माध्यम से भी एक्सेस किया जा सकता है। उम्मीद है कि विभिन्न अनुसंधान और विकास संस्थानों, विश्वविद्यालयों, भारतीय प्रवासियों और विभिन्न सरकारी विभागों और मंत्रालयों के विभिन्न विशेषज्ञों के साथ ऐसे अंतरक्रियात्मक सत्रों की शृंखला जारी रहेगी।

विज्ञान की लोकप्रियता के लिए केंद्र

विज्ञान की लोकप्रियता प्रमुख क्षेत्रों में से एक है, जिसके अंतर्गत साइंस पार्क और हर्बल गार्डन नामक दो केंद्र संचालित किए जाते हैं। साइंस पार्क एक खुला पार्क है, जिसमें कार्य करने वाले विभिन्न मॉडल बच्चों, अध्यापकों, अध्यापक-प्राध्यापकों, गैर सरकारी संगठनों और स्कूलों में विज्ञान के शिक्षण से संबंधित अन्य पदाधिकारियों को विज्ञान के कुछ चयनित सिद्धांतों को समझने और उनकी सराहना करने के लिए व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं। 'साइंस पार्क' में देश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक आए। इस विस्तार कार्यक्रम से स्कूलों और शैक्षिक योजनाकारों की माँग पर अपने संस्थानों में समान मॉडल विकसित करने में मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

2022–23 के दौरान आयोजित विज्ञान लोकप्रियता कार्यक्रमों की झलकियाँ

सभी के बीच वैज्ञानिक सोच पैदा करने के लिए विज्ञान को समर्पित कई महत्वपूर्ण दिन मनाए जा रहे हैं। 27–28 फरवरी, 2023 को 'भारत के स्वदेशी मोटे अनाज और उनके संरक्षण' पर शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों और समुदायों की एक अंतरक्रियात्मक बैठक आयोजित करके राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2023 मनाया गया। राष्ट्रीय संवाद की इस बैठक के दौरान, देश के 10 राज्यों से अनुसूचित जनजाति समुदाय के प्रतिनिधियों, वैज्ञानिकों, विद्वानों और शिक्षाविदों ने भाग लिया और मोटे अनाजों की विविधता, उनके संरक्षण, उनके स्वास्थ्य लाभों और संबंधित विषयों पर चर्चा की। भारत के वन समुदायों के प्रतिनिधियों द्वारा सामान्य जागरूकता के लिए मोटे अनाजों की विभिन्न किस्मों को प्रदर्शित किया गया। बैठक के माध्यम से जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों और हितधारकों के बीच स्वदेशी ज्ञान और उसके अभ्यासों से संबंधित जागरूकता और गौरव पैदा करने तथा इसे प्रसारित करने का भी प्रयास किया गया।

साइंस पार्क और हर्बल गार्डन में सेवा-पूर्व अध्यापक और सामुदायिक प्रतिनिधि

बच्चों के लिए राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित और पर्यावरण प्रदर्शनी (एस.एल.एस.एम.ई.ई.)

इस प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों को उनकी प्राकृतिक जिज्ञासा, रचनात्मकता, नवीनता और आविष्कारशीलता को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करना; बच्चों को यह महसूस कराना कि विज्ञान और गणित हमारे आस-पास है; ज्ञान प्राप्त करने के साथ-साथ सीखने की प्रक्रिया को भौतिक और सामाजिक वातावरण से जोड़कर कई समस्याओं का समाधान करना; पर्यावरण संबंधी मुद्दों और चिंताओं के बारे में जागरूकता पैदा करना; और बच्चों को उनकी रोकथाम तथा शमन आदि के लिए नए विचार तैयार करने के लिए प्रेरित करना है। बच्चों के लिए राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित और पर्यावरण प्रदर्शनी (एस.एल.एस.एम.ई.ई.) 2022–23 और राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी (आर.बी.वी.पी.)–2023 का विषय 'प्रौद्योगिकी और खिलौने' था। इसके उप-विषय थे— सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी में उन्नति; पर्यावरण के अनुकूल सामग्री; स्वास्थ्य एवं स्वच्छता; परिवहन एवं नवाचार; और हमारे लिए वर्तमान नवाचार और गणित के साथ ऐतिहासिक विकास। 26 राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों ने रा.शै.अ.प्र.प. से उत्प्रेरक अनुदान लिया है। कुछ राज्यों ने राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया है और कुछ प्रक्रियाधीन हैं।

राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी (आर.बी.वी.पी.) 2022

बच्चों की स्वाभाविक जिज्ञासा और आविष्कारशीलता को आगे बढ़ाने, उनकी रचनात्मकता की ललक को पूरा करने और बच्चों तथा जनता के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए, रा.शै.अ.प्र.प.

हर वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करता है। इस वर्ष 49वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2022 का आयोजन 22–27 नवंबर, 2022 तक असम के गुवाहाटी में रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग, असम सरकार के सहयोग से किया गया था। आर.बी.वी.पी. 2022 का उद्घाटन 22 नवंबर, 2022 को श्रीमंत शंकरदेव कला क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय सभागार में असम के माननीय राज्यपाल जगदीश मुखी द्वारा किया गया था। रनोज पेगु, *शिक्षा मंत्री*, असम सरकार; श्रीधर श्रीवास्तव, *संयुक्त निदेशक*, रा.शै.अ.प्र.प.; प्रशांत गोस्वामी, वैज्ञानिक, शिक्षा विभाग, असम सरकार के *सलाहकार*; नानी गोपाल महंत, *सचिव*, स्कूल शिक्षा विभाग, असम सरकार; एस.एन. चौधरी और एम.डी., एस.एस.ए. और ओम प्रकाश भी उद्घाटन समारोह में उपस्थित थे।

आर.बी.वी.पी. 2022 का विषय छह उप-विषयों के साथ 'प्रौद्योगिकी और खिलौने' पर्यावरण के अनुकूल सामग्री; स्वास्थ्य और स्वच्छता; सॉफ्टवेयर और ऐप्स; परिवहन; पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन; और गणितीय मॉडलिंग था। इस प्रदर्शनी में 149 प्रदर्शों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। ये प्रदर्श 25 राज्यों या संघ राज्य क्षेत्रों और अन्य संगठनों से लाए गए थे, जिनमें 78 ग्रामीण क्षेत्रों से और 56 शहरी क्षेत्रों से थे। आस-पास के स्थानों के 15,000 से अधिक लोगों को अनुभव प्राप्त हुआ और उन्होंने उभरते वैज्ञानिकों से बातचीत की।

इस प्रदर्शनी में आयोजित अन्य गतिविधियों में पक्षी अवलोकन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और भविष्य की मानव जाति जैसे विभिन्न विषयों पर बातचीत; विज्ञान अधिगम में भारतीय ज्ञान प्रणालियों की जड़ें; भारतीय अंतरिक्ष मिशन— उपलब्धियाँ और संभावनाएँ; विज्ञान, अध्यात्मवाद और भारत के विशेष संदर्भ में मानवीय मूल्य; आर.एस.ए. क्रिप्टोग्राफी का परिचय; स्पेस ऑन व्हील', एन.ई.एस.ए.सी., इसरो की एक पहल; विज्ञान के साथ खेलना; त्वरित प्रश्नोत्तरी; विज्ञान शो; कला प्रतियोगिता; रात्रि में आकाश का अवलोकन; और असम के सामुदायिक संसाधनों का प्रदर्शन शामिल था।

26 नवंबर, 2022 को आयोजित समापन समारोह में 27 नवंबर, 2022 को मुख्य अतिथि के रूप में असम के *शिक्षा मंत्री* रनोज पेगु उपस्थित थे। सभी प्रतिभागियों के लिए बुनकरों के गाँव सुआलकुची में एक भ्रमण का आयोजन किया गया था।

विज्ञान और गणित शिक्षा संसाधन केंद्र

स्कूली शिक्षा में विज्ञान और गणित हमेशा अध्ययन के महत्वपूर्ण क्षेत्र रहे हैं। विभिन्न संसाधनों वाला संसाधन केंद्र (पुस्तकें, पत्रिकाएँ, मॉडल, किट आदि) विज्ञान और गणित शिक्षा से संबंधित एक ही स्थान पर शोधकर्ताओं, पाठ्यक्रम डिजाइनरों, सामग्री विकासकर्ताओं, अध्यापक-प्रशिक्षकों, शिक्षकों, विज्ञान और गणित शिक्षा में अन्य सभी हितधारकों के लिए एक उपयोगी सुविधा है। पुस्तकों के वर्गीकरण के लिए डेवी दशमलव वर्गीकरण (डी.डी.सी.) योजना का उपयोग किया जा रहा है और संसाधन केंद्र के स्वचालन के लिए कोहा

[आई.एल.एम.एस.] का उपयोग किया जाता है। विज्ञान और गणित शिक्षा से संबंधित संसाधनों का नियमित रूप से रखरखाव और अद्यतन किया जाता था। पठन सामग्री के प्रसार और उसके लिए रिकॉर्ड बनाए रखने से संबंधित कार्य; संसाधन केंद्र के अन्य अभिलेखों का रखरखाव, संदर्भ/रेफरल सेवाओं में सहायता प्रदान करना भी नियमित रूप से किया गया।

स्कूली बच्चों के लिए राष्ट्रीय जूनियर साइंटिस्ट पुरस्कार

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को विचार में लेकर, माध्यमिक स्तर पर स्कूली छात्रों के लिए एक कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय जूनियर साइंटिस्ट पुरस्कार नामक कार्यक्रम को युवा और महत्वाकांक्षी छात्रों में अनुसंधान दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के प्रयास के रूप में फिर से नाम दिया गया है। इस विचार के पीछे का उद्देश्य स्कूली छात्रों की वैज्ञानिक जाँच की अंतर्निहित क्षमताओं को पहचानना और नवाचार करने के लिए उनकी जिज्ञासा का पोषण करना है। इस कार्यक्रम में, स्कूली छात्रों से सामाजिक मुद्दों के समाधान के लिए अनुसंधान परियोजना का प्रस्ताव रखने की अपेक्षा की जाती है। इस अभ्यास में वे अनुसंधान/जाँच करते समय अनायास ही विज्ञान प्रक्रिया कौशल से अवगत हो जाते हैं। इसके अलावा, स्कूली छात्रों को एच.आई.ई. मूल संरचना तक पहुँचने का लाभ भी मिलता है। इस कार्यक्रम के लिए दिशानिर्देश रा.शै.अ.प्र.प. की वेबसाइट www.ncert.nic.in पर विकसित और अपलोड किए गए हैं।

पाठ्यचर्या अध्ययन और विकास विभाग (डी.सी.एस.डी.)

पाठ्यचर्या और आकलन सुधारों पर स्कूल शिक्षा बोर्डों की राष्ट्रीय परामर्श बैठक

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में परिकल्पित पाठ्यचर्या और आकलन सुधारों पर स्कूल शिक्षा बोर्डों की एक राष्ट्रीय परामर्श बैठक 21 नवंबर, 2022 को आयोजित की गई थी, जिसमें 22 स्कूल शिक्षा बोर्डों ने भाग लिया था। आकलन, परीक्षा सुधार और विषय क्षेत्रों में लचीलेपन, राष्ट्रीय क्रेडिट रूपरेखा और राष्ट्रीय उच्च शिक्षा योग्यता फ्रेमवर्क के संबंध में *राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020* की अनुशंसाओं पर चर्चा हुई। इस परामर्श से प्राप्त इनपुट को एन.सी.एफ. के लिए राष्ट्रीय संचालन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

शैक्षिक किट प्रभाग (डी.ई.के.)

ज्ञानोत्सव 2079 प्रदर्शनी में बच्चों से विमर्श करते परिषद् के निदेशक

प्रदर्शित माडलों का अवलोकन करते संसदीय समिति के सदस्य

परिषद् स्थापना दिवस कार्यक्रम में शैक्षिक किट प्रभाग द्वारा विस्तारित गतिविधियों का अवलोकन करते अतिथि

नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, शैक्षिक किटों को देश भर में विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों/पुस्तक मेलों में प्रदर्शित किया गया है—

क्र.सं.	कार्यक्रम का नाम	संगठन	दिनांक
1.	19वाँ पुणे पुस्तक मेला	पी.एन.आर. राजन, संयोजक, पुणे पुस्तक मेला	28 अप्रैल–1 मई, 2022
2.	संसदीय समिति का दौरा	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	22 जून, 2022
3	रा.शै.अ.प्र.प. का स्थापना दिवस समारोह	रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	1 सितंबर, 2022
4.	गोमती पुस्तक महोत्सव लखनऊ, उत्तर प्रदेश	राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली	29 अक्तूबर–6 नवंबर, 2022
4.	ज्ञानोत्सव 2079 प्रदर्शनी	शिक्षा संस्कृत उत्थान न्यास	17–19 नवंबर, 2022
5.	राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी	डी.ई.एस.एम., रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली	22–27 नवंबर, 2022
6.	नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का 31वाँ संस्करण	राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली	25 फरवरी–5 मार्च, 2023

राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

पुणे पुस्तक मेले में परिषद् के संकाय की उपस्थिति

शैक्षिक मनोविज्ञान और शिक्षा आधार विभाग (डी.ई.पी.एफ.ई.)

राष्ट्रीय शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक परीक्षण पुस्तकालय (एन.एल.ई.पी.टी.)

इस कार्य का उद्देश्य परीक्षण पुस्तकालय को लगातार समृद्ध करना और शोधकर्ताओं को परीक्षण सामग्री की पहचान और उपयोग के संबंध में परामर्श प्रदान करना है। एन.एल.ई.पी.टी. में उपलब्ध परीक्षणों की सूची को अद्यतन किया गया और रा.शै.अ.प्र.प. वेबसाइट पर अपलोड किया गया। शोधकर्ताओं एवं चिकित्सकों के लाभ के लिए समायोजन, व्यक्तित्व, लचीलापन, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, करियर विचार, तनाव और बौद्धिक विकलांगता के क्षेत्रों में शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक परीक्षण मदों का प्रापण किया गया था।

शैक्षिक अनुसंधान प्रभाग (डी.ई.आर.)

ई.आर.आई.सी. गतिविधियों का आयोजन— एस.पी.एम.सी. और ई.आर.आई.सी. की महानिकाय बैठकें और अनुमोदित ई.आर.आई.सी. परियोजनाओं के लिए धन जारी करना

रा.शै.अ.प्र.प. संस्थागत नेटवर्किंग में शैक्षिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए, भीतर और बाहर दोनों जगह शोधकर्ताओं के बीच शैक्षिक अनुसंधान में रुचि पैदा करने और बनाए रखने के लिए उपाय कर रही है। अनुसंधान

को बढ़ावा देने के लिए शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (ई.आर.आई.सी.) के नाम से जानी जाने वाली इस स्थायी समिति की स्थापना वर्ष 1974 में की गई थी। समिति के अध्यक्ष *निदेशक*, रा.शै.अ.प्र.प. और सह-अध्यक्ष *संयुक्त निदेशक* रा.शै.अ.प्र.प. हैं। ई.आर.आई.सी. सदस्यों में विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों के शिक्षा और संबद्ध विषयों के प्रतिष्ठित शोधकर्ता और एस.आई.ई. और एस.सी.ई.आर.टी. के प्रतिनिधि शामिल हैं। डी.ई.आर. शैक्षणिक, प्रशासनिक और वित्तीय सहायता का सचिवालय है। रा.शै.अ.प्र.प. के माननीय अध्यक्ष (शिक्षा मंत्री, भारत सरकार) द्वारा आठ बाह्य विशेषज्ञ नामित किए गए।

इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य हैं— (i) ई.आर.आई.सी. के तहत वित्त पोषण के लिए प्राप्त नए अनुसंधान प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिए अनुवीक्षण-सह-प्रगति निगरानी समिति (एस.पी.एम.सी.) की बैठक आयोजित करना; (ii) चल रही ई.आर.आई.सी. अनुसंधान परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करना और उनकी प्रगति की निगरानी के साथ-साथ रा.शै.अ.प्र.प. डॉक्टरेट फेलोशिप के अनुप्रयोगों पर विचार करना; (iii) विभिन्न ई.आर.आई.सी. गतिविधियों की जाँच के लिए ई.आर.आई.सी. की आम सभा की बैठक आयोजित करना; और (iv) अनुमोदित ई.आर.आई.सी. परियोजनाओं के लिए धनराशि जारी करना।

ई.आर.आई.सी. की अनुवीक्षण-सह-प्रगति निगरानी समिति (एस.पी.एम.सी.) की दो बैठकें 2–3 फरवरी, 2023 और 1–2 मार्च, 2023 को एन.आई.ई., नई दिल्ली में आयोजित की गईं। फेलोशिप के लिए 10 डॉक्टरेट फेलो की सिफारिश की गई थी। ई.आर.आई.सी. के तहत वित्तपोषण के लिए चार नई अनुसंधान परियोजनाओं की सिफारिश की गई थी। 3 मार्च, 2023 को एन.आई.ई., नई दिल्ली में एक दिवसीय ई.आर.आई.सी. बैठक आयोजित की गई। वर्तमान में 36 अनुसंधान परियोजनाएँ प्रगति पर हैं। 19 ई.आर.आई.सी. परियोजनाएँ पूरी हो गईं और रिपोर्ट प्राप्त हो गईं। नियमानुसार धनराशि जारी करने की कार्रवाई चल रही है।

राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर आयोजित अनुसंधान सारों का संकलन

रा.शै.अ.प्र.प. ने उचित वर्गीकरण के तहत अपलोड करने और आम जनता के लिए उपलब्ध कराने के लिए एक वेब पोर्टल बनाने की दृष्टि से एस.सी.ई.आर.टी. और डी.आई.ई.टी. द्वारा किए गए शोध के शोध सार तैयार करने का काम शुरू किया है। इसके सार-संक्षेप विकसित करने का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। विकसित प्रारूप के आधार पर सार संग्रहित किया गया है। कमियों/अनुपस्थित पक्षों की पहचान करने के लिए सार की जाँच की जा रही है और संशोधन और पुनः प्रस्तुत करने के लिए संबंधित समन्वयकों के साथ प्रतिक्रिया भी साझा की जा रही है। कुछ संशोधनों के बाद प्राप्त सार को रा.शै.अ.प्र.प. पोर्टल पर अपलोड करने के लिए अंतिम रूप दिया जा रहा है।

रा.शै.अ.प्र.प. रिसर्च एसोसिएटशिप (शिक्षाविद्/शोधकर्ता पूल योजना)

यह योजना रा.शै.अ.प्र.प. में उन युवा शिक्षाविदों/शैक्षिक शोधकर्ताओं के अनुभव का उपयोग करने के लिए शुरू की गई है, जिन्होंने स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा से संबंधित विषयों पर पी.एचडी. की है, लेकिन अभी तक उन्हें नियमित नौकरी नहीं मिली है। इससे इन युवाओं को स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा से संबंधित अपने संगत क्षेत्रों में योगदान करने और अनुभव प्राप्त करने का मौका मिलेगा।

इस कार्यक्रम के दो प्रमुख उद्देश्य हैं— (i) युवा अनुसंधान प्रतिभा का उपयोग करना और उन्हें कुछ अवधि के लिए रा.शै.अ.प्र.प. में काम करने का अवसर देकर स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना; और (ii) स्कूल शिक्षा पर राष्ट्रीय कार्य सूची के अनुरूप, प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर काम करने के लिए कुछ नए अतिरिक्त प्रयासों के लिए रा.शै.अ.प्र.प. में एक तंत्र रखना।

अध्यापक शिक्षा विभाग (डी.टी.ई.)

स्कूलों और अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिए शिक्षा में नए अभ्यासों और प्रयोगों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार

इस योजना का मुख्य उद्देश्य शिक्षण अधिगम में सुधार के लिए नए अभ्यासों और प्रयोगों की क्षमता के बारे में अध्यापकों/अध्यापक प्रशिक्षकों को संवेदनशील बनाना; स्कूली शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के लिए नए विचारों और अभ्यासों को आजमाने के लिए अध्यापकों और अध्यापक प्रशिक्षकों को प्रोत्साहित करना; अध्यापकों और अध्यापक प्रशिक्षकों को उनके सामने आने वाली समस्याओं की पहचान करने और उनके समाधान खोजने के लिए यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना, नवाचारों को प्रोत्साहित करके स्कूलों और अध्यापक शिक्षा संस्थानों में एक ऐसा माहौल तैयार करना जिससे उनकी स्थिरता सुनिश्चित हो सके; अध्यापकों और अध्यापक प्रशिक्षकों को सभी हितधारकों के साथ अपने नए विचारों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। स्कूल के अध्यापकों/अध्यापक प्रशिक्षकों को दिए जाने वाले पुरस्कारों की कुल संख्या 60 (स्कूलों के लिए 40— अध्यापक और अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए 20) है। प्रत्येक चयनित अध्यापक/अध्यापक प्रशिक्षक को प्रमाणपत्र के साथ 10,000 रुपये की धनराशि प्रदान की जाती है।

वर्ष के दौरान, स्कूली अध्यापकों और अध्यापक प्रशिक्षकों से परियोजना प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे। आर.आई.ई. स्तर पर चयनित परियोजना प्रस्तावों का मूल्यांकन डी.टी.ई., रा.शै.अ.प्र.प. स्तर पर किया गया। डी.टी.ई, रा.शै.अ.प्र.प. स्तर पर कुल 26 (04 अजमेर, 05 भुवनेश्वर, 11 मैसूरु, 05 भोपाल और 01 एन.ई.आर.आई.ई. शिलांग) परियोजना प्रस्तावों का चयन किया गया। इन चयनित परियोजना प्रस्तावों के समन्वयकों एवं विद्यालयों/संस्थानों के प्रमुखों को चयन के बारे में सूचित किया गया तथा नवाचारों को आगे बढ़ाने के लिए कहा गया। शैक्षणिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया है और मौके पर अवलोकन और मार्गदर्शन के लिए शैक्षणिक दौरों की योजना बनाई गई है। चयनित अध्यापकों और अध्यापक प्रशिक्षकों को राष्ट्रीय संगोष्ठी में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसमें 10,000 रुपये नकद देने का अंतिम चयन परियोजना रिपोर्ट की संयुक्त रेटिंग और राष्ट्रीय संगोष्ठी में इसकी प्रस्तुति के आधार पर किया जाएगा।

शैक्षिक सर्वेक्षण प्रभाग (ई.एस.डी.)

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना का कार्यान्वयन

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना (एन.टी.एस.एस.) रा.शै.अ.प्र.प. का एक प्रमुख कार्यक्रम है। इसका आयोजन 1963 से किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य हर साल दो स्तरीय प्रक्रिया के माध्यम से चयनित छात्रों की पहचान करना और उनका पोषण करना है। एन.टी.एस.एस. में प्रतिभाशाली छात्रों को मासिक छात्रवृत्ति के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करके मदद की जाती है और उनके लिए पोषण कार्यक्रम भी संचालित किया जाता है। वर्तमान योजना के तहत प्रत्याशियों को छात्रवृत्ति विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में डॉक्टरेट स्तर तक पाठ्यक्रम और चिकित्सा और इंजीनियरिंग जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में द्वितीय-डिग्री स्तर तक पाठ्यक्रम करने के लिए सहायता प्रदान की जाती है। इस समय तक देश में 2000 छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं, जिनमें अनुसूचित जाति के लिए 15 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 7.5 प्रतिशत, अन्य पिछड़े वर्ग के लिए 27 प्रतिशत, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत और प्रत्येक श्रेणी के अंदर बेंचमार्क विकलांगता वाले छात्रों के समूह के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण होता है। वर्ष 2020–21 में राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा 24 अक्तूबर, 2021 को देशभर के 50 शहरों में 68 केंद्रों पर

ऑफलाइन मोड में आयोजित की गई थी। एन.टी.एस.ई. छात्रवृत्ति पुरस्कार के लिए कुल 2033 छात्रों को सफल घोषित किया गया।

एन.टी.एस. पुरस्कार विजेताओं के लिए पोषण कार्यक्रम

एन.टी.एस. पुरस्कार विजेताओं के लिए पोषण कार्यक्रम मुख्य रूप से वृद्धि और विकास के लिए अनुकूल स्थिति बनाकर पुरस्कार विजेताओं को उनकी रुचि के शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए जागरूकता और अवसर प्रदान करने पर केंद्रित है। ये कार्यक्रम मुख्य रूप से पुरस्कार विजेताओं के लिए आयोजित किए जाते हैं जो कक्षा 11वीं या 12वीं में हैं। वर्ष 2021–22 के दौरान तीन पोषण कार्यक्रम आयोजित किए गए और वर्ष 2022–23 में, आई.आई.टी., आई.आई.एस.ई.आर., एन.आई.टी., टी.आई.एस.एस. आदि जैसे उच्च प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से छह पोषण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय संबंध प्रभाग (आई.आर.डी.)

G20 गतिविधियाँ

भारत के G20 देशों की अध्यक्षता संभालने के गौरवपूर्ण क्षण के रूप में, शिक्षा कार्य समूह के तहत गतिविधियों की एक शृंखला शुरू की गई है। चूँकि भारत के पास जनवरी से दिसंबर 2023 तक G20 की अध्यक्षता है, इसलिए शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा निम्नलिखित गतिविधियाँ की गईं—

स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए पठन सामग्री

स्कूलों और विश्वविद्यालयों में छात्रों हेतु सदस्य देशों के बीच आर्थिक सहयोग और विकास के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मंच के रूप में G20 से छात्रों को परिचित कराने के लिए पठन सामग्री G20 सामग्री की उत्पत्ति, उद्देश्य और महत्व को दर्शाती है। यह भारत की अध्यक्षता पर भी प्रकाश डालता है, जिसे देश के लिए अपनी संस्कृति, मूल्यों, उपलब्धियों को प्रदर्शित करने और अन्य देशों से सीखने के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि के रूप में देखा जाता है।





तैयार की गई पठन सामग्री का उपयोग राष्ट्रीय स्तर की स्कूल प्रणालियों के साथ-साथ विभिन्न देशों में छात्रों और अध्यापकों द्वारा किया जा रहा है। ये सामग्रियाँ विद्यार्थियों के लिए G20 क्विज़ में शामिल होने के लिए फायदेमंद हैं, और बड़ी संख्या में छात्र इन्हें पढ़ रहे हैं और प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

रा.शै.अ.प्र.प.

G20 पर वीडियो कार्यक्रम

G20 पर चर्चा कार्यक्रम में सहभागिता करते छात्र

अंतरराष्ट्रीय संबंध प्रभाग सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल टेक्नोलॉजी (सी.आई.ई.टी.) की मदद से विकसित किया गया है। अंग्रेजी और हिंदी में G20 पर एक अध्यापक और दो छात्रों के साथ एक वीडियो चर्चा कार्यक्रम विकसित किया गया है। इस वीडियो चर्चा कार्यक्रम का उद्देश्य माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर छात्रों को G20, इसके दर्शन, सदस्य देशों और संगठन के बारे में परिचित कराना है कि भारत की अध्यक्षता कैसे अद्वितीय है और यह दुनिया के लिए किस तरह योगदान कर रहा है? राष्ट्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर सभी स्कूल प्रणालियों में विद्यार्थी इसे दीक्षा, पी.एम. ई-विद्या चैनलों पर चैनल 6 से 12 और रा.शै.अ.प्र.प. के यूट्यूब चैनल अर्थात NCERT Official पर देख रहे हैं। देशभर में स्कूल प्रणालियों ने चर्चा के आधार पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं, वार्ता और बहस का आयोजन किया, G20 और भारत की अध्यक्षता पर सामान्य विषय और G20 की अध्यक्षता में भारत के नेतृत्व में एक क्षेत्र के रूप में शिक्षा कैसे लाभान्वित हो सकती है।

G20 की विभिन्न शिक्षा कार्य समूह की बैठक एवं प्रदर्शनी में भागीदारी

देशभर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिक्षा कार्य समूह की बैठक के हिस्से के रूप में आयोजित कार्यक्रमों में रा.शै.अ.प्र.प. ने विभिन्न विभागों और घटकों की गतिविधियों और परिणामों को प्रदर्शित किया। इसमें प्रस्तुत किए गए प्रदर्शों में विज्ञान और गणित शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के विज्ञान प्रदर्श, विज्ञान, गणित, भाषा जैसे विषयों में शैक्षिक किट और शैक्षिक किट प्रभाग (डी.ई.के.) द्वारा विकसित अन्य प्रदर्श शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, जादुई पिटारा, प्रारंभिक शिक्षा विभाग (डी.ई.ई.) द्वारा बनाई गई मूलभूत साक्षरता सामग्री, केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.) द्वारा डिजाइन की गई डिजिटल पहल और सामग्री, व्यावसायिक शिक्षा पहल और पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई.), भोपाल द्वारा विकसित सामग्री के साथ-साथ स्कूली शिक्षा में रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा अन्य महत्वपूर्ण नवाचार और प्रयास शामिल हैं।

पुस्तकालय एवं प्रलेखन प्रभाग (एल.डी.डी.)

रा.शै.अ.प्र.प. पुस्तकालय के प्रयोक्ताओं के लिए प्रयोक्ता शिक्षा कार्यक्रम

रा.शै.अ.प्र.प. पुस्तकालय के प्रयोक्ताओं के लिए 'प्रयोक्ता शिक्षा कार्यक्रम' पुस्तकालय के प्रयोक्ताओं की संस्थागत अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। सूचना साक्षरता क्षमताओं का एक समूह है, जिसके लिए "व्यक्तियों को जानकारी की आवश्यकता होने पर पहचानने की आवश्यकता होती है और आवश्यक जानकारी का पता लगाने, मूल्यांकन करने और प्रभावी तरीके से उपयोग करने की क्षमता" आवश्यक होती है। रा.शै.अ.प्र.प. पुस्तकालय के प्रयोक्ताओं के लिए 06 दिसंबर, 2022 को पुस्तकालय और प्रलेखन प्रभाग, रा.शै.अ.प्र.प. द्वारा वी.के. जगजीवन, यूनिवर्सिटी लाइब्रेरियन, इग्नू, नई दिल्ली द्वारा शिक्षा में प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए सक्षम जानकारी पर प्रयोक्ता शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में प्रयोक्ताओं को पुस्तकालय संसाधनों और सेवाओं का उपयोग करने के लिए पुस्तकालय के साथ जुड़ाव बनाए रखने में मदद की जाती है।

योजना एवं अनुवीक्षण प्रभाग (पी.एम.डी.)

60वीं कार्यक्रम सलाहकार समिति (पी.ए.सी.) की बैठक

कार्यक्रम सलाहकार समिति (पी.ए.सी.), परिषद् की सर्वोच्च शैक्षणिक संस्था है, जिस पर सभी योजनाओं, कार्यक्रमों, अनुसंधान प्रस्तावों आदि पर विचार करने और परिषद् के काम के शैक्षणिक पहलुओं की जाँच करना और कार्यक्रमों के विकास के लिए एक समन्वित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है। ए.सी./एम.सी. के

पी.ए.सी. की 60वीं बैठक

अनुमोदन के बाद घटक इकाइयों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम प्रस्तावों को अनुमोदन के लिए पी.ए.सी. के समक्ष रखा जाता है। कार्यक्रम के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए पी.ए.सी. में रखने से पहले, इसकी जाँच आई.ए.बी./डी.ए.बी. और एम.सी./ए.सी. द्वारा की जाती है। पी.ए.सी. में पाँच बाहरी विशेषज्ञ, एस.सी.ई.आर.टी. के पाँच निदेशक, सी.आई.ई.टी. और पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल के संयुक्त निदेशक, आर.आई.ई. के प्रधानाचार्य और डीन ऑफ इंस्ट्रक्शन, एन.आई.ई. विभागों/प्रभागों/प्रकोष्ठ के प्रमुख और प्रत्येक एन.आई.ई. विभाग/प्रभाग/प्रकोष्ठ, सी.आई.ई.टी., पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल और एन.ई.आर.आई.ई., उमियम (मेघालय) से एक संकाय सदस्य शामिल हैं।

वर्ष 2023–24 के कार्यक्रमों को मंजूरी देने के लिए, 60वीं पी.ए.सी. बैठक 21–22 मार्च, 2023 को दिनेश प्रसाद सकलानी, *निदेशक*, रा.शै.अ.प्र.प. और पी.ए.सी. अध्यक्ष की अध्यक्षता में मिश्रित विधि में आयोजित की गई थी। इस बैठक की शुरुआत दिनेश कुमार, *डीन* (अनुसंधान) एवं *अध्यक्ष* पी.एम.डी. के स्वागत भाषण के साथ हुई और श्रीधर श्रीवास्तव, *संयुक्त निदेशक* और *उपाध्यक्ष,* पी.ए.सी. ने वर्ष 2022–23 की परिषद् की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। माननीय शिक्षा मंत्री द्वारा नामित बाहरी *सदस्यों*, के. रामासुब्रमण्यम, भारतीय संस्कृत विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ, आई.आई.टी., मुंबई; ऋषि गोयल, *निदेशक*, एस.सी.ई.आर.टी. हरियाणा; और विरूपाक्ष वी जद्दीपाल, *सचिव*, महर्षि संदीपनी राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन ने 60वीं पी.ए.सी. बैठक में भाग लिया और बैठक के दौरान बहुमूल्य सुझाव दिए, जिससे देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लाने के लिए संगत शैक्षणिक कार्यक्रम तैयार करने और अनुमोदित करने में मदद मिली।

वित्तीय-सह-प्रशासनिक स्वीकृतियों का प्रसंस्करण

पी.एम.डी. एवं पी.ए.सी. अनुमोदित कार्यक्रमों के संचालन के लिए विभिन्न संस्थानों और विभागों/प्रभागों/प्रकोष्ठों/समूहों को धन आवंटित करता है। सी.आई.ई.टी. और पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. के संयुक्त निदेशक और आर.आई.ई. के प्रधानाचार्य संबंधित संस्थानों के निधि के व्यय के लिए नियंत्रण प्राधिकारी हैं। हालाँकि, एन.आई.ई. विभागों/प्रभागों/प्रकोष्ठ द्वारा संचालित कार्यक्रमों के मामले में, वित्तीय-सह-प्रशासनिक मंजूरी जारी करने से पहले संबंधित इकाइयों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम प्रस्तावों की जाँच पी.एम.डी. द्वारा की जाती है। इसके अलावा, एन.आई.ई. विभाग/प्रभाग/प्रकोष्ठ शिक्षा मंत्रालय के पी.ए.बी. द्वारा अनुमोदित समग्र शिक्षा के तहत कार्यक्रम आयोजित करता है। पी.एम.डी. प्रस्तावों की भी जाँच करता है और पी.ए.बी. द्वारा वित्तपोषित विभिन्न विभागों/प्रभागों/प्रकोष्ठ द्वारा प्रस्तुत गतिविधियों/कार्यक्रमों के लिए मंजूरी जारी करता है। विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन के लिए पी.एम.डी. द्वारा 600 से अधिक स्वीकृतियाँ जारी की गईं।

केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सी.आई.ई.टी.)

स्कूल और अध्यापक शिक्षा के लिए ई.टी./आई.सी.टी. में संसाधन-सह-गतिविधि केंद्र

लगभग 100 प्रतिभागियों के लिए 6–17 जून, 2022 तक डिजिटल लर्निंग और मल्टीमीडिया पर बच्चों (6–10) के लिए एक ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में 8,661 सामान्य पुस्तकों और 5,920 बाल साहित्य के साथ-साथ पत्रिकाओं और समाचार पत्रों के साथ सी.आई.ई.टी. की पुस्तकें तथा मीडिया लाइब्रेरी भी शामिल हैं। संसाधन-सह-गतिविधि केंद्र में विभिन्न संगठनों के लिए आयोजित एक्सपोजर विजिट और इंटर्नशिप भी शामिल हैं।

तालिका—अप्रैल 2022–मार्च 2023 के दौरान एक्सपोजर विजिट का विवरण

क्र.सं.	संस्थान/कॉलेज/संगठन का नाम	छात्रों की कुल संख्या	संकाय सदस्य	यात्रा की तिथि
1.	बी.एड., जे.आई.एम.एस., ग्रेटर नोएडा के छात्र	74		6 अप्रैल, 2022
2.	एडी एवं पी.आर. विभाग, आई.आई.एम.सी., दिल्ली के छात्र	77		8 अप्रैल, 2022
3.	बी.एड., एफ.आई.एम.टी., दिल्ली के छात्र	74		21 अप्रैल, 2022
4.	बी.एड., सेंट लॉरेंस कॉलेज, दिल्ली के छात्र	95		27 अप्रैल, 2022
5.	बी.एड. और बी.एल.एड., के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम, हरियाणा के छात्र	53		13 मई, 2022
6.	बी.एड. महर्षि वाल्मिकी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र	140		7–8 जुलाई, 2022
7.	बी.एड., डी.आई.आर.डी., गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के छात्र	100		26 सितंबर, 2022
8.	फिनलैंड से जी.आई.एन.टी.एल. भारत प्रतिनिधिमंडल	7		19 सितंबर, 2022
9.	चिल्ड्रेन्स यूनिवर्सिटी, गांधीनगर, गुजरात	60		20 सितंबर, 2022
10.	बी.एड., आर.आई.ई. भोपाल के छात्र	14		4 नवंबर, 2022
11.	शैक्षिक योजना और प्रशासन के स्नातकोत्तर डिप्लोमा में अध्ययनरत एन.आई.ई.पी.ए. प्रतिभागी	18		18 नवंबर, 2022
12.	एम.एड., हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र	15	1	25 नवंबर, 2022
13.	बी.एड., एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली के छात्र	123		30 नवंबर, 2022
14.	बी.सी.पी. एस.के.वी., बाबरपुर, शाहदरा, दिल्ली	53	4	8 दिसंबर, 2022
15.	बी.ए. (जे.एम.सी.) द्वितीय वर्ष के एम.ई.आर.आई. कॉलेज के छात्र	111	2	12 दिसंबर, 2022
16.	बी.ए. (जे.एम.सी.) प्रथम वर्ष के एम.ई.आर.आई. कॉलेज के छात्र	41	1	13 दिसंबर, 2022
17.	बी.ए. (जे.एम.सी.) तृतीय वर्ष के एम.ई.आर.आई. कॉलेज के छात्र	41	1	14 दिसंबर, 2022
18.	बी.एड., एम.एड., महाराजा श्रीराम चंद्र भंजदेव विश्वविद्यालय, ओडिशा के छात्र	84	4	23 दिसंबर, 2022
19.	एस.ए.आर.डी., दिल्ली से अकादमिक फैसिलिटेटर	63	2	11 जनवरी, 2023
20.	आर.आई.ई. मैसूरु के एम.एससी.मेड. छात्र	31	1	31 जनवरी, 2023
21.	कक्षा 5–7, पल्लवंजलि इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम के छात्र	21	4	3 फरवरी, 2023
22.	एम.एससी., लेडी इरविन कॉलेज, नई दिल्ली के छात्र	25	1	16 फरवरी, 2023
23.	डी.एल.एड., विद्या प्रशिक्षण संस्थान, दिल्ली के छात्र	135	5	24 फरवरी, 2023
24.	बी.एल.एड., होम इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक, दिल्ली के छात्र	75	1	2 मार्च, 2023
25.	बी.एड., एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली से छात्र	75	4	3 मार्च, 2023

तालिका— 2022–23 के दौरान सी.आई.ई.टी. द्वारा आयोजित इंटर्नशिप कार्यक्रमों का विवरण

क्र.सं.	संस्थान/कॉलेज/संगठन का नाम	छात्रों की कुल संख्या	संकाय सदस्य	यात्रा की तिथि
1.	आई.एस.एल.आर.टी.सी., नई दिल्ली से आई.एस.एल. इंटरप्रिटेशन (डी.आई.एस.एल.आई.) में डिप्लोमा के छात्रों के लिए फील्ड वर्क	43		11–29 अप्रैल, 2022
2.	भारतीय जनसंचार संस्थान (आई.आई.एम.सी.), दिल्ली	20		4 अप्रैल–30 मई, 2022
3.	एन.आई.ई.पी.ए. से एम.फिल., पीएच.डी. के छात्र	1		20 जून–31 जुलाई, 2022
4.	ऋषिहुड विश्वविद्यालय, सोनीपत	2		11–29 जुलाई, 2022
5.	बी.टेक. वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, गुरुग्राम के छात्र	1		22 अगस्त–22 सितंबर, 2022
6.	बी.एड., आर.आई.ई., भोपाल के छात्र	6		31 अक्तूबर–4 नवंबर, 2022
7.	बी.एड., नागालैंड विश्वविद्यालय के छात्र	14	2	31 अक्तूबर–4 नवंबर, 2022
8.	डॉक्टरेट स्कॉलर के लिए रा.शै.अ.प्र.प. फेलोशिप	1		21 नवंबर–22 दिसंबर, 2022
9.	एम.एड., जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली के छात्र	13		26 दिसंबर 2022–6 जनवरी, 2023

वेबसाइट, मोबाइल ऐप्स और अन्य डिजिटल गतिविधियाँ

सी.आई.ई.टी. 13 वेबसाइटों का विकास और रखरखाव करता है और ऐप नियमित आधार पर विकसित और रखरखाव किए जाते हैं। इसके तहत विभिन्न गतिविधियाँ की गईं, जिनमें शामिल हैं— रा.शै.अ.प्र.प. की नवीनतम पाठ्यपुस्तकों को वेबसाइट पर अपडेट किया गया और सभी पाठ्यपुस्तकों का क्यू.आर. कोड परीक्षण किया गया। इन्हें फ्लिपबुक प्रारूप में ई-पाठशाला पोर्टल पर भी अपडेट किया गया। आई.सी.टी. पुरस्कारों के लिए पोर्टल को पूरे भारत से प्रविष्टियों के लिए लाइव किया गया। वर्ष 2022–23 की पाठ्यपुस्तकों के लिए ई.पी.यू.बी. बनाया गया और ई-पाठशाला पर अपलोड किया गया। कक्षा 9–12 के प्रयोगशाला मैनुअल दीक्षा (विद्यादान) पर अपलोड किए गए थे। एन.सी.एफ. सर्वेक्षण मोबाइल ऐप का ब्लू स्टैक प्लेयर के तहत परीक्षण किया गया। ई-पाठशाला और दीक्षा के लिए एक्सेसिबिलिटी-स्तरीय प्रयोक्ता सर्वेक्षण फॉर्म और पोस्टर विकसित किए गए। नवीनतम ए.पी.के. फाइल/नवीनतम संस्करण (एंड्रॉइड/आई.ओ.एस.) ई-पाठशाला कंसोल में प्रकाशित किया गया। प्रशस्त ऐप-स्कूलों के लिए एक विकलांगता स्क्रीनिंग चेकलिस्ट लॉन्च की गई। ई-पाठशाला मोबाइल ऐप जियो बुक पर अपलोड किया गया और दीक्षा पर कुल 1,335 आई.एस.एल. वीडियो अपलोड किए गए। आवेदन आमंत्रित करने के लिए स्कूलों और शिक्षकों की शिक्षा के लिए अखिल भारतीय बाल शैक्षिक सामग्री प्रतियोगिता (ए.आई.सी.ई.सी.सी.सी.) के लिए एक पोर्टल विकसित किया गया। रा.शै.अ.प्र.प. वेबसाइट के तहत लोक शिकायत पोर्टल बनाया गया और साप्ताहिक आधार पर इसकी निगरानी की जाती है। सी.आई.ई.टी. की नई वेबसाइट को लाइव किया गया और परीक्षा पर चर्चा 2023 के डेटा को समेकित और पृथक्करण किया गया।

वर्ष 2022–2023 के लिए स्कूल शिक्षकों, अध्यापक प्रशिक्षकों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए दीक्षा/आई.सी.टी. उत्कृष्टता पुरस्कार

इन पुरस्कारों की घोषणा के लिए विज्ञापन 1 मई, 2022 को समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था और नियमित संपार्श्विक एवं रचनात्मक सामग्री सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से प्रसारित की गई थी। पोर्टल को वर्ष 2020 और

2021 के लिए अपडेट किया गया था, क्योंकि वर्ष 2021 के लिए दो और श्रेणियाँ अर्थात, अध्यापक प्रशिक्षक और सर्वश्रेष्ठ अभ्यास करने वाले राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पेश की गई थीं। कुल मिलाकर 1,292 शिक्षकों, 98 अध्यापक प्रशिक्षकों और 20 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने पोर्टल पर सफलतापूर्वक आवेदन किया। सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा पोर्टल पर प्राप्त प्रविष्टियों की जाँच की है और राष्ट्रीय चयन के लिए 258 शॉर्टलिस्ट किए गए शिक्षकों और 54 अध्यापक प्रशिक्षकों का विवरण भेजा है। जूरी बैठकें और एक पुरस्कार समारोह की योजना बनाई जा रही थी।

गुणवत्तापूर्ण डिजिटल सामग्री के निर्माण और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ समन्वय में सुधार के लिए महोत्सव, आई.सी.टी. मेला, प्रतियोगिताओं का आयोजन

अधिगम-शिक्षण की प्रक्रिया में ई-सामग्री के निर्माण और उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल अखिल भारतीय प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। वर्ष 2021 की प्रतियोगिता 31 मार्च, 2022 को आयोजित की गई थी। इस वर्ष की प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियाँ नवंबर, 2022 के लिए भेजने की घोषणा की गई थी। ए.आई.सी.ई.ई.सी. सी. का समापन समारोह 27 मार्च, 2023 को सी.आई.ई.टी., रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। दिन के दौरान छह सत्रों में अध्यक्षों और संयोजकों द्वारा चर्चा के बाद विजेता कार्यक्रमों का पूर्वावलोकन/प्लेबैक किया गया। जूरी इंटरेक्शन पर एक सत्र भी आयोजित किया गया था। समापन सत्र के दौरान, 657 प्रविष्टियों में से 77 प्रविष्टियों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। सभी विजेताओं को स्मृति चिह्न, प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस समारोह की शोभा पद्मश्री डॉ. जे.के. बजाज, *अध्यक्ष* आई.सी.एस.एस.आर.; श्रीधर श्रीवास्तव, *संयुक्त निदेशक*, रा.शै.अ.प्र.प. और प्रत्यूष कुमार मंडल, *सचिव*, रा.शै.अ.प्र.प. थे। प्रतियोगिता के समापन समारोह के साथ-साथ शिक्षा में ई.टी./आई.सी.टी. के क्षेत्र में सर्वोत्तम अभ्यासों और नए नवाचारों पर प्रदर्शनी भी आयोजित की गई।

स्वयं पर एम.ओ.ओ.सी. के लिए पाठ्यक्रमों का विकास और रोल-आउट (कक्षा 9वीं–12वीं के लिए स्कूल एम.ओ.ओ.सी. और अध्यापक शिक्षा के लिए एम.ओ.ओ.सी.एस.)

पाठ्यक्रम समन्वयकों के लिए एक अभिविन्यास आयोजित किया गया और विकास एवं प्रसार की प्रक्रिया को साझा किया गया। पी.एम. ई-विद्या के वीडियो को मौजूदा पाठ्यक्रम के साथ मैप किया गया और वीडियो को पाठ्यक्रम में समेकित किया गया। निम्नलिखित चक्र आयोजित किए गए और प्रमाणपत्र जारी किए गए—

- चक्र 8 (दिसंबर, 2021–मई, 2022)— 11 विषयों में 28 पाठ्यक्रम पेश किए गए और 29,723 पाठ्यक्रम में शामिल हुए।
- चक्र 9 (अप्रैल–अक्तूबर, 2022)— 11 विषयों में 28 पाठ्यक्रम पेश किए गए और 22,653 पाठ्यक्रम में शामिल हुए।
- चक्र 10 (अक्तूबर 2022–मार्च, 2023)— 11 विषयों में 28 पाठ्यक्रम पेश किए गए और 21,792 पाठ्यक्रम में शामिल हुए।

अन्य प्लेटफार्मों के माध्यम से पेश करने के लिए पाठ्यक्रमों का अनुकूलन प्रगति पर है।

पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान, भोपाल

विस्तार व्याख्यान शृंखला

संस्थान ने इस विस्तार व्याख्यान शृंखला के तहत दो व्याख्यान आयोजित किए गए। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (ए.आई.सी.टी.ई.) के नीरज सक्सेना, *सलाहकार,* शिक्षा मंत्रालय द्वारा 'शिक्षा और अधिगम का बदलता परिदृश्य' और योगेश खाकरे, *कंपनी सचिव*, सी.ओ.ओ. बी-नेस्ट इनक्यूबेशन सेंटर, और अनुपालन कार्यालय, भोपाल

स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा 'इनक्यूबेशन और इनोवेशन सेंटर का महत्व और स्थापना प्रक्रिया' पर व्याख्यान दिए गए। व्याख्यान में सत्र 2022–23 के लिए सभी संकाय, कर्मचारी, संविदा कर्मचारी और डी.वी.ई.टी. छात्रों ने भाग लिया।

इनक्यूबेशन और इनोवेशन सेंटर के महत्व पर विचार रखते बी-नेस्ट इन्क्यूवेशन सेंटर के सी.ओ.ओ. योगेश खाकरे

व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण में डिप्लोमा (डी.वी.ई.टी.)

